- नोएडा के थाने में महिला वकील की अवैध हिरासत, यौन उत्पीड़न पर सुप्रीम सख्ती - 12

- चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब डॉलर पहुंचने के आसार - 12



- भारत के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाएगा अमेरिका - 13

- टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा आज - 14


आज का मौसम

19.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.00

सूर्यास्त 05.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या 07:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 20 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 26, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

बरेली में शुक्रवार को सुबह 10 .30 बजे घने कोहरे के बीच धीमी गति से रेंगते वाहन।

# कोहरे की चादर में लिपटा प्रदेश, 50 जिलों में रेड अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 17 जिलों में घने कोहरे का आरेंज अलर्ट, आठ जिलों में यलो अलर्ट के बीच मध्यम कोहरा होने की संभावना
- मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे अलर्ट का पूर्वानुमान एवं संभावना जारी की है

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 50 जिलों के लिए घने कोहरे के मद्देनजर खराब मौसम का रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। 17 जिलों में घना कोहरा का आरेंज अलर्ट है, जबकि आठ जिलों में यलो अलर्ट के बीच मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसको लेकर राहत आयुक्त की ओर से कंट्रोल रूम से निरंतर मैसेज कर डीएम, एसएसपी, एसपी और सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों व आमजन को चेतावनी की सूचना भेजी जा है।

दरअसल, मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे अलर्ट का पूर्वानुमान एवं संभावना जारी की है। प्रदेश में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी का सितम है। फिलहाल मौसम विभाग ने शुक्रवार को तीन दिन का बुलेटिन जारी किया है। जिसमें पहले दिन प्रदेश के 50 जिलों में रेड एलर्ट-अत्यन्त घना कोहरा, 17 जिलों में आरेंज एलर्ट-घना कोहरा और आठ जिलों में यलो अलर्ट-मध्यम कोहरा होने की संभावना जारी की है। इसके बाद राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने अपने कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी है। यह लगातार किया जा रहा है। कंट्रोल रूम द्वारा सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के बीच 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा गया है। राहत आयुक्त ने बताया कि आगे भी मौसम विभाग के माध्यम से पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्राप्त होने पर आमलोगों के मोबाइल पर मौसम संबंधी अलर्ट कंट्रोल रूम द्वारा भेजे जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील किया कि वे इस मैसेज पढ़कर उसी अनुसार अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शीतलहर एवं ठंड से बचने की आवश्यकता है। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया है कि सरकार द्वारा ठंड एवं शीतलहरी से बचाव के संबंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

### कोई भी अप्रिय घटना न हो : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव एसपी गोयल ने घने कोहरे एवं कड़ाके की ठंड की स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा पर विशेष बल दिया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धुंध अथवा कोहरे के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 1070 पर करें कॉल, तुरंत मिलेगी मदद

खराब मौसम के बीच अगर कोई नागरिक आपात स्थिति में 1070 पर कॉल करता है, तो उसे तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम से प्रदेश के सभी जिलों में कंबल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की स्थिति की निगरानी भी की जा रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### कांग्रेस नेताओं को मोदी-अदाणी के 'डीपफेक' वीडियो हटाने के आदेश

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक अदालत ने कांग्रेस पार्टी और उसके चार नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी के डीप फेक वीडियो को सोशल मीडिया मंचों से हटाने का निर्देश दिया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा दायर मानहानि के दीवानी मुकदमे की सुनवाई करते हुए, अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश श्रीकांत शर्मा की अदालत ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और उसके नेताओं जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा और उदयभानु चिब को सभी सोशल मीडिया मंचों से 'डीपफेक' वीडियो हटाने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी आज बंगाल का करेंगे दौरा

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और नदिया में एक रैली को संबोधित करेंगे तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। उनकी यह यात्रा राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच होगी। उनका यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस एसआईआर का लगातार विरोध कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इससे बड़ी संख्या में पात्र मतदाता, विशेषकर शरणार्थी हिंदू, मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

# कोडीन सिरप तस्करों से सपा मुखिया का सीधा रिश्ता : योगी

## अखिलेश पर किया हमला, कहा-धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा

- सीएम बोले- मामले के तार सपा से जुड़े, दूध का दूध-पानी का पानी होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर करारा हमला किया। आरोप लगाया कि कोडीन सिरप तस्करों से सपा मुखिया का सीधा रिश्ता है। अब तक जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनके तार सपा से जुड़े हुए पाए गए हैं। जांच अभी जारी है और पूरी रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी, लेकिन प्रारंभिक तथ्यों ने सपा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से सवाल पर कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। प्रदेश के लगभग हर माफिया के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं, यह तथ्य पहले भी सामने आता रहा है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ व यूपी पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए अभियुक्तों के राजनीतिक संबंधों की जांच चल रही है। सपा, जो अपनी कार्यप्रणाली के लिए पहले से बदनाम रही है, इस मामले में भी अपनी संलिप्तता उजागर होते हुए देखेगी।

सपा प्रमुख के बयानों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी स्थिति बिल्कुल वैसी है, जैसा कि इस पंक्ति में कहा गया है कि 'यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा। उन्होंने कहा कि जिन माफियाओं के साथ उनकी तस्वीरें सामने आ रही हैं, स्वाभाविक रूप से अवैध लेन-देन और आपराधिक गठजोड़ की परतें भी खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच को अपना काम करने दिया जाए, अंत में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### वंदे मातरम् पर सदन में होगी विशेष चर्चा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना तिथि और 'वंदे मातरम्' को संविधान के अनुरूप मान्यता देने की अधिसूचना की तिथि एक ही है। ऐसे में राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर विधानसभा में चर्चा ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच होने के नाते विधानमंडल में सकारात्मक और सार्थक विमर्श होना चाहिए। सरकार चाहती थी कि सत्र अधिक दिनों तक चले, लेकिन मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते अवधि सीमित रखी गई है।

### योगी ने रखा कोडीन मामले पर सरकार का पक्ष

कोडीन सिरप मामले पर मुख्यमंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली औषधि है। जिसका उपयोग अधिकृत रूप से कफ सिरप निर्माण में किया जाता है। इसका आवंटन सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा तय कोटे के तहत ही होता है। लेकिन कई स्थानों पर इस कफ सिरप का नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिकायतें मिलने के बाद यूपी पुलिस, एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। इस मामले की निगरानी राज्य-स्तरीय एसआईटी कर रही है। कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बांग्लादेश में नेता की मौत के बाद बवाल, तोड़फोड़ व आगजनी

- पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक था शरीफ उस्मान हादी

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिससे देशभर में तनाव व्याप्त हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पहले ही ध्वस्त हो चुके, बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर्रहमान के आवास 32 धानमंडी पर तोड़फोड़ की।

देश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को रात को हमलों और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिनमें चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर पत्थरबाजी भी शामिल है। ये घटनाएं मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए इंकलाब मंच के नेता हादी की मौत की पुष्टि करने के बाद हुईं। इससे पहले इंकलाब मंच ने हादी की मृत्यु की घोषणा की थी। उनका शव शाम तक घर लाया जाएगा। हादी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों में एक उम्मीदवार थे। छह दिन तक जिंदगी-मौत के बीच जंग लड़ने के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले सप्ताह उन्होंने मध्य ढाका के विजयनगर इलाके में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी, तब एक नकाबपोश बंदूकधारी ने उनके सिर में गोली मार दी थी। प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना की भंग हो चुकी पार्टी आवामी लीग के एक कार्यालय को भी ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है।

आगजनी के बाद मामले को संभालते सेना के जवान।

### हिंदू युवक की पीटकर हत्या, पेड़ पर टांग जलाया शव

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में ईशनिंदा के आरोप में हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई। यह देश में धार्मिक अल्पसंख्यक के खिलाफ हिंसा की नवीनतम घटना है। मृत व्यक्ति की पहचान दीपू चंद्र दास (25) के रूप में हुई, जो मैमनसिंह शहर में एक कारखाने में काम करता था। अंतरिम सरकार ने हिंदू समुदाय के व्यक्ति की पीटकर हत्या किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार ने कहा, इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। लिस ने बताया कि दास को पहले गरुवार रात कारखाने के बाहर भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर पीटा और फिर एक पेड़ से लटका दिया। भालुका मॉडल थाने के निरीक्षक ने बताया, घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने शव को ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़ दिया और उसे आग लगा दी।

# पारंपरिक चिकित्सा को दिलानी होगी पहचान

प्रदर्शनी में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम व अन्य।

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूएचओ के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक सम्मेलन में बोले मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को वह मान्यता नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उसे विज्ञान के माध्यम से जनता का विश्वास जीतना होगा। डब्ल्यूएचओ के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुसंधान को मजबूत करने, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने और विश्वसनीय नियामक ढांचा विकसित करने से पारंपरिक चिकित्सा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा की बात आती है तो सुरक्षा और प्रमाण से संबंधित प्रश्न हमेशा उठते हैं। इस शिखर सम्मेलन में आप सभी ने अश्वगंधा का उदाहरण देखा है। सदियों से इसका उपयोग हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में होता रहा है। कोविड-19 के दौरान इसकी वैश्विक मांग तेजी से बढ़ी और कई देशों में इसका उपयोग शुरू हुआ।'

### भारत ने दिखाया कि परंपरा और विज्ञान एक साथ आगे बढ़ सकते

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एकीकृत और समावेशी होनी चाहिए। साथ ही भारत ने दिखाया कि परंपरा और विज्ञान एक साथ आगे बढ़ सकते हैं और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से आयोजित यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था और 100 से अधिक देशों के मंत्री, वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

# ईडी ने युवराज, सोनू सूद व अन्य की संपत्तियां कुर्क कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने सट्टेबाजी मामले में की कार्रवाई, 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की कुर्क

ईडी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन मामले में कुर्क कर लिया है, जिनकी अनुमानित कीमत 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा, मॉडल एवं अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की मां एवं बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा की संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है।

# लूट कर भाग रहे 3 बदमाश पकड़े, व्यापारियों ने पीटा

संवाददाता, उघैती (बदायूं)

- दुकान में घुसकर सराफा व्यापारी पर ताना तमंचा, लूटे जेवर व नकदी
- शोर मचाने पर भीड़ ने तीन को पकड़ा, एक मौके से हुआ फरार

**अमृत विचार :** बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा में बाइक सवार चार बदमाशों ने सराफा व्यापारी को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट की। हल्ला होने पर ग्रामीणों ने तीन बदमाशों को भागते समय दबोच लिया और पिटाई लगा दी। बदमाशों का एक साथी फरार हो गया। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीसीटीवी कैमरा चेक करके चौथे बदमाश की तलाश की जा रही है। गांव खितौरा निवासी लालाराम रस्तोगी मुख्य बाजार में बिसौली-सहसवान मार्ग पर सराफा की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे बाइक सवार चार बदमाश आए। तीन दुकान में घुस गए, जबकि एक बाहर खड़ा रहा। बदमाशों ने लालाराम की कनपटी पर तमंचा रखकर शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। अलमारी में रखे लाखों के आभूषण थैली में रखवा लिए। दुकान पर रखे लगभग पांच लाख रुपये भी लूट लिए।

घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश दुकान के बाहर निकले तो लालाराम रस्तोगी के शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। भीड़ ने तीन बदमाशों को मौके से पकड़ लिया, जबकि एक फरार हो गया। दो बदमाशों के पास से तमंचे छीन लिए गए। घटना से गुस्साए ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने बदमाशों की लाठी-डंडों से जमकर पीटकर घायल कर दिया। सूचना मिलने के बाद नरैनी चौकी और थाने से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। व्यापारी बदमाशों की पिटाई लगा रहे थे। उन्होंने पुलिस से कहा कि बदमाशों का हिसाब हम करेंगे। पुलिस ने व्यापारियों को समझाया। तीनों बदमाशों को पकड़कर थाने ले आई है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि लूटपाट की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पकड़े गए तीनों लोग घायल अवस्था में हैं। उनका इलाज कराया गया है। बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी। एसपी देहात ने बताया कि बदमाशों ने लूट का प्रयास किया था।

गहमागहमी

## विधान परिषद का शीतकालीन सत्र शुरू, प्रश्नों से लेकर कार्य स्थगन तक गरमाई कार्यवाही

# बेसिक शिक्षा के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने सदन से किया वॉकआउट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को विधान परिषद में नियम-105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा प्रदेश में बेसिक शिक्षा के गिरते स्तर का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि वर्ष 2015-16 के सापेक्ष प्रदेश में करीब 22 हजार प्राथमिक विद्यालय कम हुए हैं, आठ लाख बच्चे स्कूल छोड़ चुके हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के उत्तर से असंतुष्ट सपा सदस्य सदन से उठकर चले गए। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह विषय पूर्व सत्र में सरकार को संदर्भित किया जा चुका है। उक्त सूचना अंतर्गत सपा नेता आशुतोष सिन्हा व डॉ.मान सिंह ने कहा कि शिक्षा का स्तर मिटने की कगार पर आ है। प्रदेश में 1.20 लाख पद बेसिक शिक्षा विभाग में रिक्त हैं, माध्यमिक में सहायक अध्यापक के 70 हजार पद रिक्त हैं। शिक्षा को मिटाने के लिए कंपोजिट शब्द का इस्तेमाल हुआ है। भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश के सन् 2025 ई. के परिषद कार्य सूची में अंकित क्रम चौथे से लेकर 14वें तक बने अधिनियमों की घोषणा की। इसके पहले सुबह सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वंदेमातरम् के साथ प्रारंभ हुई।

विधान परिषद में बोलते बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह।

### रिटायर्ड आईपीएस अफसर की तैनाती का मुद्दा उठा

सपा के डॉ.मान सिंह ने राज्य शिक्षा सेवा आयोग के मुखिया पद पर एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए। इसी क्रम में सोनभद्र के ओबरा इंटर कॉलेज से संबंधित प्रतिनियुक्ति एवं शिक्षकों के सेवा नियमावली व समान वेतन से जुड़े कार्यस्थगन प्रस्तावों को भी सभापति ने पूर्व में सरकार को संदर्भित किए जाने का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया। नियम-223 के अंतर्गत शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यक्रमों में आमंत्रित न किए जाने को लेकर विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया, सभापति ने नेता सदन को अवलोकन के निर्देश दिए। इससे पहले, पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं विधान परिषद के पूर्व सदस्य गोरख प्रसाद निषाद के निधन पर सदन में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### 23 मिनट तक चली विधानसभा की कार्यवाही

**राज्य ब्यूरो।** यूपी विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मऊ घोसी से सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री योगी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और अन्य नेताओं ने सुधाकर सिंह के निधर पर शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा में दो मिनट का मौन रखने के बाद सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। पहले दिन की कार्यवाही 23 मिनट तक चली।

अमृत विचार

बरेली, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

शाहजहांपुर

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस का स्थान बदला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी की ओर से शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण तहसील समाधान दिवस तहसील सदर के स्थान पर अब तहसील कलान में आयोजित किया जाएगा। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन की जानकारी दी गई है, जिसके अनुसार निर्धारित तिथि को समाधान दिवस तहसील कलान में ही संपन्न होगा।

### आज सभी स्कूलों में रहेगा अवकाश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शीतलहर व कोहरे के चलते जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के बेसिक शिक्षा परिषद एवं समस्त बोर्ड के विद्यालयों में केवल छात्र-छात्राओं का 20 दिसम्बर को अवकाश घोषित किया है। डीएम ने अपने आदेश में कहा है कि सभी अध्यापक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक विद्यालयों में कार्य करने के लिए उपस्थित रहेंगे।

### संत गाडगे की 149वीं पुण्यतिथि आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** धोबी समाज की प्रतिनिधि संस्था संत गाडगे जन कल्याण समिति के तत्वावधान में महामानव संत गाडगे की 149 वीं पुण्यतिथि महानगर के लोदीपुर क्षेत्र स्थित गाडगे भवन में 20 दिसंबर को अपराह्न 2:00 बजे श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। यह जानकारी समिति के संस्थापक / प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दोदराम वर्मा ने देते हुए गाडगे बाबा के अनुयायियों से सहभागिता की अपील की है।

### उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के तत्वावधान में शाहजहांपुर में शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी सम्मेलन शनिवार को हो रहा है। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान संगठन की जिला और महानगर इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा तथा व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों के अनुसार व्यापारी सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, व्यापारियों की समस्याओं को साझा करना और उनके समाधान की दिशा में रणनीति तय करना है। कार्यक्रम को लेकर व्यापारियों में उत्साह देखा जा रहा है।

# बलिदान दिवस पर याद किए गए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक

## जिला प्रशासन, नगर निगम, विभिन्न संगठनों ने दी शहीद ए वतन पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खां को श्रद्धांजलि

पं. राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर तिलक लगाते नगर आयुक्त।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बलिदान दिवस पर काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र के साथ बलिदान दिवस पर पं.राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अमर बलिदानियों को सदैव नमन करना चाहिए, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

डीएम ने टाउन हॉल स्थित नगर निगम परिसर व शहीद उद्यान में पहुंचकर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और मोहल्ला ऐमन जई जलालनगर में अशफाक उल्ला खां हसरत वारसी की मजार पर चादरपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शहीद के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां, आफाक उल्ला खां, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### संकल्प संस्था ने किया अमर शहीदों को नमन

रचनात्मक संस्था संकल्प की ओर से खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र ने अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्पण कर किया। इसके बाद अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया। नगर आयुक्त ने कहा कि आज का दिन उन अमर बलिदानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने का दिन है। आरम्भ में आर्य समाज के नरेन्द्र कुमार आर्य, बलवीर शास्त्री, प्रेमप्रकाश आर्य, रामचन्द्र सिंह भदौरिया, सेवाराम, चेतराम, आशीष मोहन सिन्हा, शिशुभान सिंह, सर्वेश्वरानन्द आर्य व सत्येन्द्र शास्त्री के निर्देशन में यज्ञ में सभी ने आहुतियां दीं। कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में सम्पन्न समारोह में सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, संस्थापक डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी संस्था महासचिव विजय तुली, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, रवि, राकेश मिश्रा, करुणेश अवस्थी, संजीव सक्सेना, मनमोहन त्रिपाठी, अनामिका अवस्थी, जीसी मिश्रा, पद्मा गुप्ता उपस्थित रहे।

### यूटा ने शहीदों को किया याद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की ओर से काकोरी कांड में शहीद हुए पं राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को पुष्प अर्पित करते हुए क्रांतिकारियों को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय ड्रोन तकनीकि विशेषज्ञ हरिओम सिंह ने कहा कि क्रांतिकारियों के बलिदान को सदैव याद किया जाएगा।

### संकल्प भारत शोध न्यास ने काकोरी कांड के शहीदों को याद किया

संकल्प भारत शोध न्यास ने काकोरी कांड के शहीदों को याद करते हुए शहीद दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया। क्रांतिकारियों के चित्रों पर पुष्पांजलि की। संस्था के संस्थापक डॉ. स्वप्निल यादव ने कहा कि 19 दिसंबर 1927 का वह दिन भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में बलिदान और वीरता की एक ऐसी दास्तान है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनुराग यादव, सचिव अपूर्व मिश्रा, कॉर्डिनेटर अमिता राज, सुमित कुमार, शिवम कुमार, शोभित, विनय कुमार, अजय वर्मा, रजत राठौर, ओमेंद्र यादव, नासिर खान, रोहन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में बलिदान दिवस पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रभात शुक्ला ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में तीनों अमर शहीदों का योगदान ऐसा है जिसको कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। प्रो. आलोक मिश्र व प्रो. आदित्य कुमार सिंह ने तीनों शहीदों के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो मीना शर्मा, प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ. मृदुल पटेल, डॉ. संदीप अवस्थी, डॉ. दुर्गविजय, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. अमित गंगवार, डॉ. नमिता शुक्ला, चंद्रभान त्रिपाठी सहित आदि उपस्थित रहे।

# मालगोदाम रोड की नगर निगम और रेलवे ने की नापजोख

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अब रेलवे हटाएगी अतिक्रमण अवैध निर्माण पर लाल निशान लगेंगे, दो दिन की मोहलत

**अमृत विचार:** मालगोदाम रोड पर स्टेशन की सेकेण्ड इंट्री के सामने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम और रेलवे निर्माण विभाग की टीम पहुंची। दोनों ने मालगोदाम रोड पर रेलवे की जमीन पर नापा। निर्णय लिया गया कि रेलवे की जमीन पर से अतिक्रमण हटाया जाएगा। दुकान के बाहर लाल निशान लगाए जाएगे। रेल प्रशासन ने दस दिन की और मोहलत दे दी है।

रेल स्टेशन के सेकेंड इंट्री के सामने मालगोदाम रोड पर लोगों ने अपनी-अपनी दुकानें रेलवे की जमीन पर बढ़ा रखी थी। रेल प्रशासन सड़क को चौड़ा करने के लिए अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया था। इधर एक दुकानदार हाई कोर्ट से 28 दिन का स्टे ले आए था कि उसकी दुकान नगर निगम से आबंटन है। उसने नगर निगम और रेल प्रशासन को स्टे दिया था। रेल प्रशासन ने नगर निगम को पत्र लिखा था कि नगर निगम की जमीन की आकर नाप कर ले। गुरुवार की दोपहर बाद नगर निगम अधिकारी और आईओडब्लू विभाग के अधिकारी मालगोदाम रोड पर पहुंचे। दुकानदारों के आबंटन देखे, सिर्फ एक दुकान नगर निगम से आबंटन निकली। इस दौरान रोड की नाप की गयी। दोनों विभागों के बीच तय हुआ कि रेलवे अपनी जगह खाली करायी जाएगी। दुकानदारों ने रेल निर्माण निरीक्षक से कहा कि कुछ दिन का समय दे दिया जाए और लाल निशान लगा दिया जाए। रेल अधिकारियों ने दस दिन का समय की दुकानदारों को मोहलत दी है।

# स्वर्णिम कलम से हम तेरा इतिहास लिखेंगे

**खुटार, अमृत विचार :** अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खा के शहीदी दिवस पर खुटार ब्लॉक सभागार में काव्य पाठ का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित एवं राजा विजय शाह जूदेव ने शहीदों के समक्ष दीप जलाकर किया। तत्पश्चात मां शारदे की वंदना के कविता का पाठ किया गया।

इस मौके पर कभी डॉक्टर प्रदीप बैरागी ने सुनाया-राजगुरु राजेंद्र लहरी भगत सिंह से भारत के। बिस्मिल रोशन अशफाक उल्ला है स्तंभ इमारत के। उनके आदर्शों पर चलना हम सब की परिपाटी है सुनाया। मुनेंद्र प्रताप मंजुल ने है हार जीत जिंदगी को ताश लिखेंगे। सूखे हुए सावन को ना मधुमास लिखेंगे। इसी क्रम में श्रीकांत तिवारी ने कहा मेरे सपनों की कहानी हो गई कोई।।

आज फिर मीरा दीवानी हो गई कोई। को सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कवि सम्मेलन का संचालन सुनीत बाजपेई ने किया। इस अवसर पर बार संघ पुवायां के पूर्व अध्यक्ष जयशंकर अवस्थी, जगवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, देवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री नितिन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष पति लक्ष्मण गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, बंटू गुप्ता, रोशनी वाल्मीकि, उदित रस्तोगी, मनीष कुमार, सुनील सिंह आज तमाम लोग मौजूद रहे।

कवि सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- शहीदी दिवस पर ब्लॉक सभागार में हुआ कवि सम्मेलन

### बच्चों को अमर शहीदों के बारे में बताया

खुटार के प्राथमिक विद्यालय एक में प्रधानाध्यापक आरडी तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने शहीदों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अमर सपूतों की वीर गाथा बच्चों को सुनाई। साथ ही वीर रस की कविताओं को सुनाया गया। बलिदान दिवस कार्यक्रम में रोहित शुक्ला, सरस्वती विद्या मंदिर खुटार के प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, देवेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सड़क पर जलभराव से ग्रामीणों को परेशानी

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- नाली का पानी सड़क पर भरने से 25 गांवों का आवागमन प्रभावित
- डीएम से की समाधान की मांग नाली बंद करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** ब्लॉक भावल खेड़ा की ग्राम पंचायत रौरा के मजरा गांव से निकलने वाले मुख्य सम्पर्क मार्ग पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी भरने से ग्रामीणों के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत के मजरा गांव फरीदापुर निवासी विश्राम, लज्याराम, अनिल कुमार, राम नरेश, सियाराम, बद्री प्रसाद सहित सवा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में बताया कि गांव के बीच से गुजरने वाले मुख्य संपर्क मार्ग पर घरों से निकलने वाले गंदे पानी के निकास की समुचित व्यवस्था नहीं है। नालियों का पानी सड़क पर भर जाने से हालात बदतर हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार इसी मार्ग से होकर चांदापुर, नौगवां, भरगवां सहित करीब 25 गांवों के लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क पर जलभराव के कारण लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया और अन्य वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान इंद्रपाल ने बताया कि गांव का राम कुमार आए दिन नाली बंद कर देता है, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है और ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सदर से शिकायत कर दी गई है। ग्रामीणों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की, अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी।

# शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर की चादरपोशी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बलिदान दिवस पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने टाउन हॉल स्थित नगर निगम में क्रांतिकारी शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद ठाकुर रोशन सिंह, प्रेम कृष्ण खन्ना की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद शहीद फाउंडेशन की ओर से महानगर शाहजहांपुर के मोहल्ला ऐमन ज़ई जलाल नगर में अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर पहुंचकर उनकी मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर खिराजे अकीकत पेश किया। श्रद्धांजलि सभा में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र आफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के प्रपौत्र प्रियांशु सिंह चौहान ने क्रांतिकारियों के बलिदान का भावपूर्ण स्मरण किया।

इस मौके पर आरिफ सिद्दीकी, पूर्व सभासद मोहम्मद नदीम, वसीम मीनाई, अजय अवस्थी, कुलदीप दीपक, खलीक शौक, नरेश राठौर, अरशियान खां, आफाक खान, मुख्तार खां, रानू खान, आरिफ खान, यश मौर्य, श्लोक मौर्य, शशांक, ऐनुल हक, इमरान, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ सुरेश कुमार मिश्रा ने किया।

मजार पर चादरपोशी करते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा व अन्य।

### बलिदानियों से प्रेरणा ले नौजवान : अजय

बलिदान दिवस पर जनराज्यफ्रंट इंडिया महानगर की टीम ने टाउन हॉल स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मीरा पाण्डेय अंशु ने कहा कि संपूर्ण विश्व में हमारे वीर अमर बलिदानों का त्याग अविस्मरणीय है जो युवाओं को सदैव एक सशक्त प्रेरणा के रूप में प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एडवोकेट धीरेंद्र कुमार मिश्रा, दीपांशु वर्मा, मोहम्मद अकरम, रेहान खान, जमन अहमद, जर्रार खां, प्रदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# रॉयल्टी बकाया ईंट भट्ठों पर प्रशासन की कार्रवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार के नेतृत्व में जिला खनन अधिकारी सत्येंद्र कटियार सहित विभागीय टीम ने संबंधित क्षेत्रों में ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रॉयल्टी जमा न करने और नियमों का पालन न किए जाने की पुष्टि होने पर मौके पर ही कार्रवाई की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में कच्ची ईंटों को नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध अनुमति और रॉयल्टी के ईंट भट्ठों का संचालन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। प्रशासन की इस कार्रवाई से ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया।

# स्वास्थ्य शिविर में पशुओं को देखकर दी गई दवा

रोज़ा, संवाददाता

- रोज़ा पावर के सीएसआर विभाग ने बाएफ संस्था के सहयोग से चलाया अभियान

**अमृत विचार :** रोजा पावर ने सीएसआर के तहत बाएफ संस्था के सहयोग से परियोजना प्रभावित गांवों में पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

शिविर में 932 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क दी गई। पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, समय-समय पर टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत किस्म के चारे की व्यवस्था और पशुशालाओं के निर्माण से संबंधित उपयोगी परामर्श भी दिए गए। कई साल से चल रहे इन कार्यक्रमों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधार के साथ उनके स्वास्थ्य और आयु में वृद्धि हुई है। साथ ही दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी होने के कारण परियोजना प्रभावित गांवों के निवासियों की आय में भी इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त मुर्गी और बकरी पालन जैसे वैकल्पिक साधनों से भी ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ हुई है। शिविर के दौरान रोज़ा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश, राजीव कुमार सिंह तथा बाएफ संस्था की ओर से डॉ. परितोष मिश्रा, दिनेश द्विवेदी समेत अन्य रहे।

# परमवीर चक्र विजेता के प्रपौत्र का राष्ट्रपति भवन में हुआ सम्मान

**परौर, अमृत विचार:** राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन किया गया, जहां विजय दिवस के अवसर पर 21 परमवीर चक्र विजेताओं की तस्वीरें लगाई गईं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत को स्मरण करते हुए देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी वीरता, समर्पण और देशभक्ति सदैव नागरिकों को प्रेरित करती रहेगी।

राष्ट्रपति ने परमवीर चक्र विजेताओं के परिजनों को राष्ट्रपति भवन आमंत्रित किया। इसी क्रम में परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह के प्रपौत्र रामसेवक को शॉल और चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। नायक यदुनाथ सिंह शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील के गांव खजुरी निवासी वीरबल के पुत्र थे। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का स्वदेशीकरण के माध्यम से सशक्तीकरण भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह के प्रपौत्र रामसेवक ने सम्मान के लिए राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त किया।

सम्मान प्राप्त करते परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह के प्रपौत्र रामसेवक।

- परम वीर दीर्घा के उद्घाटन के अवसर पर रामसेवक को किया गया सम्मानित
- 21 परमवीर चक्र विजेताओं की तस्वीरें लगाईं, विजय दिवस पर वीरों को दी श्रद्धांजलि

# दिव्यांग बच्चों को वितरित किए सहायक उपकरण

**पुवायां, अमृत विचार:** समग्र शिक्षा के तहत शारीरिक रूप से अक्षम स्कूली बच्चों को उपकरण वितरित किए गए।

ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलिम्को की ओर से शारीरिक रूप से अक्षम तमाम बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, टीएलएम किट, बैसाखी समेत कई उपकरण दिए गए। इस दौरान सदस्यों ने 40 बच्चों को लगभग 56 उपकरण प्रदान किए। कैम्प का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि ओमेंद्र चौधरी ने कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बीईओ कृष्ण कुमार शुक्ला, शिक्षक सोहन शुक्ला, जितेंद्र मौर्य, अमित, मनोज, राजीव समेत तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंकिता ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएसपीएस स्पोर्ट्स कार्निवल में पांचवें दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अमृत विचार :** श्री सन्तनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल, मिर्जापुर में आयोजित एसएसपीएस स्पोर्ट्स कार्निवल 2025 के पांचवें दिन हुई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जोश के साथ भाग लिया। संस्थापक सन्तनपाल सिंह यादव ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाते हैं। निदेशक कमलेश यादव ने कहा कि नियमों का पालन ही खेलों की आत्मा है।

शुक्रवार को वालीबॉल मैच एसएसपीएस टीम ए और पीजी कॉलेज में खेला गया, जिसमें पीजी कॉलेज विजेता बना। क्रिकेट डॉ. मयंक राज गौड़ की कप्तानी में एसएसपीएस टीम ए और कप्तान सूरज की बाबा विश्वनाथ टीम के मध्य खेला गया। बाबा विश्वनाथ टीम ने जीत दर्ज की। लड़कियों के बैडमिंटन मैच में एसएसपीएस कॉलेज टीम की अंकिता प्रथम, तनिसा द्वितीय रहीं। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में सुधीर शर्मा प्रथम, शुधांशु रस्तोगी द्वितीय, सुजीत तृतीय रहे।बालिका थ्रो बॉल में टीम ए (कप्तान आख्या) और एसएसपीएस टीम बी (कप्तान ऐलिस वर्मा) के बीच हुआ। जिसमें एसएसपीएस टीम ए को विजय हासिल हुई। बालकों की 200 मीटर दौड़ में एसएसपीएस के जीशान खान प्रथम, अतुल द्वितीय, हर्ष तृतीय रहे। अन्य कॉलेज के अवनीश प्रथम, अवधपाल द्वितीय, मोहन लाल तृतीय रहे। बालिकाओं की 200 मीटर दौड़ में पीजी कालेज की शिखा प्रथम, एसएसपीएस की ऐलिस द्वितीय, एसएसपीएस की दर्शना तृतीय रहीं। बालकों की 400 मीटर दौड़ में एसएसपीएस के शुधांशु रस्तोगी प्रथम, हर्ष द्वितीय, आदर्श तृतीय रहे। अन्य कॉलेजों के अवनीश प्रथम, सुमित द्वितीय, अवधपाल तृतीय रहे। बालिकाओं की 400 मीटर दौड़ में पीजी कालेज की शिखा प्रथम, एसएसपीएस की ऐलिस द्वितीय, एसएसपीएस की दर्शना तृतीय रहीं। प्राचार्य डॉ. हनी ने बताया कि स्पोर्ट्स कार्निवल का 20 को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

एसएसपीएस स्पोर्ट्स कार्निवल में बैडमिंटन मैच में शाट लगाते निदेशक।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में घायल युवक की बाइक चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** गांव मोहनपुर निवासी अतुल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया वह ऑनलाइन डिलीवरी ब्याव का काम करता है। 17 दिसंबर की शाम 7 :30 बजे वह डिलीवरी का काम करके बाइक से घर लौट रहा था। गांव के मोड़ पर दुर्गा मंदिर के पास अचानक छुट्टा पशु आ जाने से वह हादसे का शिकार हो गया, जिससे वह बेहोश हो गया। सड़क किनारे राहगीरों ने पड़ा देखा और और होश में आने पर उसके परिजनों को सूचना दी। लेकिन मौके से बाइक गायब थी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके अलावा बाइक की काफी छानबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को अतुल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामदगी की मांग की है।

### मकान में कब्जा कर भगाने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** गांव टोडरपुर निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। दादी रामबेटी ने उसका पालन पोषण किया है। दादी की चार बेटियों की शादी हो चुकी है। आठ माह पूर्व बीमारी से दादी की मौत हो गई। आरोप है कि दादी की दो बेटियों ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया है और उसे घर से भाग रही हैं। इसके अलावा 18 दिसंबर को घर में लगा बिजली का मीटर और तार तोड़ दिया। जिससे काफी नुकसान हो गया। जबकि इसी मामले में चार दिसंबर को खुटार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। शुक्रवार को फिर से विवाद किया। पीड़ित शिवकुमार ने पुलिस से फिर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### मारपीट कर पत्नी, बच्चों को घर से निकाला

**खुटार, अमृत विचार :** गांव कुइयां निवासी रेखा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 15 वर्ष पूर्व उसकी शादी कस्बा पुवायां के गांव नाहिल निवासी सुशील कुमार से हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। आरोप है पति शराबी है, वह मारपीट करता है। विवाद के बाद कई बार परिजनों ने समझाकर उसे ससुराल भेज दिया। सात-आठ माह पूर्व पति ने मुझे कमरे में बंद करके पीटा। इसके बाद तीनों बच्चों के साथ घर से भगा दिया। वह बच्चों सहित गांव में ही एक व्यक्ति के घर में शरण ली थी। दूसरे दिन मायके वाले आकर घर ले गए थे। शराबी पति घर की सभी सामान को बेचकर शराब पी गया। इस समय वह पानीपत में एक फैक्ट्री में मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रही है। आरोप है पति अपने दोस्त से भी गाली-गलौज और धमकी दिलाता है।

# नहीं भरा फार्म, शहर विधानसभा में कटेंगे सबसे ज्यादा वोट

## एसआईआर प्रक्रिया: महानगर की मतदाता संख्या में आएगी भारी गिरावट, 33 प्रतिशत मतदाताओं ने नहीं भरे एसआईआर फार्म

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसआईआर सर्वे के दौरान शहर विधानसभा से सामने आए आंकड़ों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। शहर विधानसभा में सबसे अधिक मतदाताओं की ओर से एसआईआर फार्म नहीं भरे जाने का मामला सामने आया है, जिससे आगामी समय में मतदाता संख्या में भारी गिरावट आएगी। क्योंकि एसआईआर फार्म न भरने वाले सभी लोगों के वोट कट जाएंगे। महानगर के 33 प्रतिशत लोगों ने अब तक एसआईआर फार्म नहीं भरा है। इन सभी के वोट पर तलवार लटक गई है। आंकड़ों के अनुसार शाहजहांपुर विधानसभा में कुल 4 लाख 36 हजार 27 मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरना था। इनमें से लगभग 33 प्रतिशत मतदाताओं ने अभी तक फार्म नहीं भरा है। यह अनुपात जिले की अन्य सभी विधानसभाओं की तुलना में सबसे अधिक है।

सूत्रों के अनुसार एसआईआर फार्म न भरने वाले मतदाताओं में कई ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जबकि कुछ मतदाता सरकारी नौकरी में थे, उनका तबादला हो गया और वह चले गए। जिसके चलते वह एसआईआर फार्म नहीं भर पाए। कैंट क्षेत्र इसका उदाहरण है। नए मतदाता बनने पर यह अनुपस्थिति कवर होने की उम्मीद है। जो लोग अपना एसआईआर फार्म अब तक नहीं भर पाए हैं उनके लिए 30 तक मौका है। वह अपना फार्म भर सकते हैं।

-रजनीश मिश्र, एडीएम प्रशासन।

बड़ी संख्या में मतदाता स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए हैं। इसके अलावा एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो पुनरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाया गया है। जिले की अन्य विधानसभाओं की तुलना में शहर विधानसभा में अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या पहले ही काफी अधिक सामने आ चुकी है। ऐसे में यदि फार्म भरने की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो महानगर क्षेत्र में मतदाता संख्या पर सीधा असर पड़ना तय है। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि बीएलओ द्वारा लगातार अनुपस्थित मतदाताओं की तलाश की जा रही है, ताकि पात्र मतदाताओं को सूची से बाहर होने से रोका जा सके। घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य जारी है, लेकिन कितने अनुपस्थित मतदाता संपर्क में आ पाएंगे और कितने फार्म भरेंगे, यह स्थिति आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगी। सर्वे के इस चरण को मतदाता सूची की शुद्धता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

| विधानसभा | मृत पाए गए | अनुपस्थित | स्थायी रूप से स्थानांतरित |
|---|---|---|---|
| कटरा | 14,514 | 20,598 | 29,906 |
| जलालाबाद | 15,126 | 19,414 | 30,199 |
| तिलहर | 16,078 | 22,623 | 27,586 |
| पुवायां | 20,101 | 25,287 | 40,559 |
| शाहजहांपुर | 17,170 | 75,387 | 42,662 |
| ददरौल | 15,218 | 12,653 | 29,449 |
| कुल | 98,207 | 1,75,962 | 2,00,361 |

### कैंट क्षेत्र में तबादलों से बढ़ी अनुपस्थिति

कैंट क्षेत्र में एसआईआर फार्म न भरने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक सामने आई है। जांच में सामने आया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरीपेशा मतदाता निवास करते थे, जिनका समय के साथ तबादला हो गया और वे अन्य जनपदों या राज्यों में चले गए। स्थानांतरण के बाद इन मतदाताओं ने कैंट क्षेत्र में एसआईआर फार्म नहीं भरा, जिससे यहां अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या काफी बढ़ गई। एसआईआर सर्वे के दौरान बोगस वोटों का मामला भी उजागर हुआ है। जांच में सामने आया कि कुछ मामलों में एक ही व्यक्ति के नाम से एक से अधिक वोट दर्ज थे, जिन्हें राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से बनवाया गया था। एसआईआर प्रक्रिया में ऐसे मतदाता केवल एक ही वोट पर अपनी दावेदारी साबित कर पाए। शेष वोटों के लिए वे फार्म नहीं भर सके, जिससे वे स्वत: अपूर्ण श्रेणी में चले गए।

### शहर के 75 हजार 387 मतदाता लापता

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शाहजहांपुर जिले की सभी विधानसभाओं में मृत पाए गए, अनुपस्थित और स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की सूची सामने आई है। उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण में यह स्पष्ट हुआ है कि सभी विधानसभाओं की तुलना में शाहजहांपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक अनुपस्थित मतदाता दर्ज किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार शाहजहांपुर विधानसभा में कुल 75 हजार 387 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं, जो जिले की अन्य विधानसभाओं की तुलना में सबसे अधिक हैं। इसके अलावा इस विधानसभा में 17 हजार 170 मतदाता मृत पाए गए हैं, जबकि 42 हजार 662 मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित के रूप में चिह्नित किए गए हैं। जिले की अन्य विधानसभाओं पर नजर डालें तो पुवायां विधानसभा में 25 हजार 287, तिलहर में 22 हजार 623, कटरा में 20 हजार 598, जलालाबाद में 19 हजार 414 और ददरौल में 12 हजार 653 अनुपस्थित मतदाता दर्ज किए गए हैं। इस तरह अनुपस्थित मतदाताओं के मामले में शाहजहांपुर विधानसभा काफी आगे निकल गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जिले की छह विधानसभाओं में कुल 1 लाख 75 हजार 962 मतदाता अनुपस्थित पाए गए, जबकि 98 हजार 207 मतदाता मृत और 2 लाख 361 मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित के रूप में दर्ज किए गए हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इन आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आगामी चुनावों में वास्तविक और पात्र मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

### दो जगह वोट होने पर लोगों ने गांव में एसआईआर फार्म भरना उचित समझा

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान शहर विधानसभा में बड़ी संख्या में एसआईआर फार्म न भरे जाने के पीछे कई ठोस कारण सामने आए हैं। प्रशासनिक स्तर पर की गई पड़ताल में स्पष्ट हुआ है कि महानगर क्षेत्र के अनेक मतदाताओं के वोट पहले से गांवों में दर्ज थे, जबकि उन्होंने सुविधा या निजी हितों के चलते शहर में भी अपने वोट बनवा रखे थे। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू होने पर ऐसे मतदाताओं ने शहर की बजाय गांव में ही एसआईआर फार्म भरना उचित समझा है। इसके पीछे मुख्य वजह गांव में मकान, कृषि भूमि और अन्य संपत्तियों का होना बताया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम प्रधान चुनाव और अन्य स्थानीय हित गांव से जुड़े होने के कारण भी मतदाताओं ने गांव की मतदाता सूची को प्राथमिकता दी है। नतीजतन शहर विधानसभा में उन्होंने एसआईआर फार्म नहीं भरा है, जबकि गांव में अपनी पात्रता सुनिश्चित कर ली है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की खुदकुशी

संवाददाता, जैतीपुर

- पत्नी से पशुओं को चारा डालने को लेकर हुआ झगड़ा

**अमृत विचार :** थाना गढ़िया रंगीन के गांव खमरिया में गुरुवार रात एक युवक ने घरेलू विवाद के बाद खुद को गोली मार ली। गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

मृतक संजीव कुमार।

गांव खमरिया निवासी संजीव कुमार (32) का गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे पत्नी रोशनी से पशुओं को चारा डालने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि संजीव ने गुस्से में आकर तमंचे से सीने में गोली मार ली। जानकारी होते ही परिजन तुरंत उसे घायल अवस्था में बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन रात में ही शव को घर वापस ले आए।

मृतक के भाई राजवीर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। संजीव के दो बेटे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः तीन और दो वर्ष है। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया कि खमरिया गांव में एक युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। उसका पत्नी से किसी बात पर विवाद हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

## बीए की छात्रा के साथ छेड़छाड़, विरोध पर भाई को पीटा

**खुटार, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री बीए की छात्रा है। शुक्रवार सुबह 8 बजे वह छोटे भाई के साथ बाइक से लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी में परीक्षा देने जा रही थी। तभी गांव के बाहर एक युवक ने बाइक को रोक लिया बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटे के विरोध पर आरोपी ने दोनों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद दोनों घर पहुंचे और परिजनों को घटनाक्रम सुनाया। बाद में पिता आरोपी के घर पहुंचा और शिकायत की। लेकिन आरोपी परिजनों के साथ लाठी-डंडे लेकर छात्रा के घर पहुंच गया और गाली-गलौज कर छात्रा के पिता को पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में हल्का दरोगा अनुज चौधरी ने बताया भाई के साथ गाली गलौज हुआ है छेड़छाड़ का आरोप गलत है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मां और बेटे की मौत, पत्नी घायल

संवाददता, बंडा

**अमृत विचार:** घर से सुनासीर नाथ मंदिर पर पूजा करने जा रहे युवक की बाइक में में पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे युवक उसकी मां और पत्नी गिरकर घायल हो गए। बाइक चला रहे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसकी मां को डॉक्टर ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

थाना बंडा के गांव सैदापुर डावचाट निवासी बाबूराम श्रीवास्तव एक साल से परिवार के साथ थाना खुटार के गांव इटौआ में रह रहे हैं। शुक्रवार को बेटा अमित (28), मां मां कमला देवी (55) और पत्नी रेखा देवी (26) के साथ बाइक से अमावस्या के चलते बंडा के सुनासीर नाथ मंदिर पर पूजा करने जा रहा था। सुबह करीब 11 बजे वह बंडा खुटार मार्ग पर सुनासीर नाथ मंदिर को जाने वाली सड़क की ओर मुड़ने ही वाला था तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मोटर साइकिल सड़क पर जा गिरी और अमित का सिर बिजली के खंभे से जा टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी मां कमला देवी और पत्नी रेखा को पुलिस ने बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान अमित की मां कमला देवी की भी मौत हो गई।

अमित कुमार।

कमला देवी।

- घर से मंदिर पूजा करने जाते समय हुआ हादसा

ग्रामीणों के मुताबिक पिकअप चालक और उसके साथ सवार एक अन्य युवक शराब के नशे में धुत थे जिसके चलते चालक से पिकअप कंट्रोल नहीं हुई और हादसा हो गया। बंडा पुलिस ने अमित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जबकि अब उसकी मां कमला देवी के शव का भी पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अमित और उसकी मां की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। उनकी मौत से भाई सुमित, शिवम, बहन सलोनी, रजनी, शिल्पी और पूजा का रो-रो कर बुरा हाल है।

## चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को दोपहर तीन बजे सूचना मिली कि डेम रोड पर दो वाहन चोर खड़े है और चोरी की बाइक बेचने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों चोरों को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहन चोर लल्ला उर्फ मोहम्मद इकबाल और शबाब निवासी बारादरी थाना सदर बाजार है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रमेश चंद्र निवासी बरादरी निवासी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि ककरा कला से उसकी बाइक चोरी हो गयी है। पुलिस इसी बाइक को बरामद किया है। पुलिस दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक भूपेंद्र राणा, सुशील कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा है। इधर पुलिस ने एक मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी फरहान अली निवासी वर्कजई को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## पुलिस ने फर्जी इन्वेस्टमेंट कंपनी पकड़ी, छह आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने ऑनलाइन स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। पुलिस ने एक काल सेंटर पर छापा मारकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सेंटर से 70 लैपटॉप, एक कार, प्रिंटर, माउस, सिम कार्ड, चेक बुक, सीपीयू आदि सामान बरामद किया है। आठ माह से धंधा चल रहा था।

साइबर सेल क्राइम ओर जलालाबाद पुलिस को एक शिकायत कर्ता ने बताया कि उनके मोबाइल पर संदिग्ध काल आई। काल करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को ग्लोबल ट्रेड कंपनी नामक स्टॉक मार्केट निवेश कंपनी का प्रतिनिधि बताया और तीन गुना रिटर्न का लालच दिया। उससे ग्लोबल ट्रेड एपीके नामक एक फाइल डाउनलोड कराई गई और क्यूआर कोड के माध्यम से तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने खाते से रुपये निकालना चाहा तो खाता बंद कर दिया। साइबर क्राइम सेल और जलालाबाद पुलिस ने संदिग्ध नंबर की जांच की। पुलिस की जांच में जलालाबाद क्षेत्र खंडहर रोड पर एक कार्यालय को ट्रेस किया। पुलिस टीम ने गुरुवार की शाम कार्यालय पर छापा मारा। जहां से छह लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी टिंकल गुप्ता निवासी आजाद नगर थाना जलालाबाद, प्रांजल सक्सेना, दीपांशु व निहाल सक्सेना निवासी दयाल नगर, जलालाबाद, सिद्धांत मिश्रा निवासी रेनुका धाम कालोनी, जलालाबाद, रोहित निवासी महाजनान थाना जलालाबाद है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 70 लैपटॉप, 34 चार्जर, की बोर्ड, माउस, प्रिंटर, सीपीयू, 10 मोबाइल, नए सिम कार्ड, चेक बुक आदि सामान बरामद किया है। जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये बताई जाती है। पिछले आठ माह से ठगी का धंधा चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर, उप निरीक्षक मोहन देव शर्मा, साइबर क्राइम सेल प्रभारी अनूप शर्मा, अपराध निरीक्षक रवि शंकर, उप निरीक्षक पवन यादव, संजीव कुमार आदि स्टाफ मौजूद था।

पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

- 70 लैपटॉप, माउस, सिम, कार व अन्य सामान बरामद, आठ माह से चल रहा था धंधा

### अपराध करने का तरीका

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अपने टारगेट वाले नंबर एक वेबसाइट के माध्यम से एक हजार नंबर का डाटा पांच हजार रुपये देकर लेते है। अपनी फर्जी कंपनी पर रजिस्टर्ड नंबरों से फोन करके उनको स्टॉक मार्केट में निवेश करने और अपने टारगेट को ग्लोबल ट्रेड कंपनी के माध्यम से स्टॉक मार्केट में निवेश करने और अपने टारगेट को ग्लोबल ट्रेड कंपनी के माध्यम से स्टॉक मार्केट निवेश करने धनराशि का तीन गुना का लालच देकर संदिग्ध लिंक को पीड़ित को उसके व्हाटसएप नंबर पर भेजते है। उसके बाद क्यूआर कोड पर रुपये डलवाते है और उसका खाता बंद कर देते थे। पुलिस ने सिम को सर्च किया तो भारत के दिल्ली, गुजरात, बिहार, कर्नाटक में दर्ज है।

### पकड़े गए आरोपी शिक्षित

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी टिंकल एमबीए, प्रांजल एम काम, निहाल सक्सेना बी काम, दीपांशु बीए, सिद्धांत मिश्रा कक्षा 11 और रोहित राठौर बी काम पास है। गिरोह का सरगना टिंकल है। एसपी खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। जिन लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है, उनसे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है और अभी जांच चल रही है।

## बाइक सवार पर फायर करने का आरोपी गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** थाना पाली हरदोई के गांव बाबरपुर निवासी श्रवण कुमार सुजातपुर निवासी जीजा राम मोहन शुक्ला के घर आया हुआ था। मंगलवार शाम 7 बजे वह गांव के किनारे स्थित देवस्थान के पास खड़ा था। इसी दौरान थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव गुवारी नागर पाल निवासी मोहन अवस्थी बाइक से गांव होते हुए अपने घर जा रहा था। जब वह सुजातपुर के पास पहुंचा, तभी श्रवण कुमार ने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। गोली बाइक की पेट्रोल टंकी पर, जिससे बाइक सवार बच गया। फायर करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्बे से रौरा गांव जाने वाले मुख्य सम्पर्क मार्ग से निकले बाईपास रोड से आरोपी को 315 बोर तमंचा और कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## दो जगह वंदे भारत से टकरा कर दो गोवंशों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- घटना के बाद करीब 10 मिनट खड़ रही ट्रेन, कर्मचारियों ने ट्रैक से शव हटाया तो ट्रेन आगे बढ़ी

**अमृत विचार:** मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट लखनऊ-मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस से गौवंशीय पशु की टकराकर मौत हो गई। इस दौरान करीब ट्रेन 10 मिनट खड़ी रही। कर्मचारियों ने ट्रैक से शव हटाया तो ट्रेन आगे बढ़ सकी। गुरुवार की शाम को वथंरा रेलवे स्टेशन के निकट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से पशु की कटकर मौत में डीआरएम स्पेशल करीब 20 खड़ी रही थी।

मेरठ से लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस रन थ्रू शुक्रवार को दिन में 11 बजे जा रही थी। मोक्षधाम के निकट रेलवे फाटक नंबर 321 के निकट रेलवे ट्रेक पर गौवंशीय पशु आ गया। लोको पायलट ने हार्न काफी देर बजाया और पशु ट्रैक से नहीं हट रहा था। आखिर में लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक मारा तो ट्रेन रुकते-रुकते पशु से जाकर टकरा गइ। जिससे गौवंशीय पशु की मौत हो गयी। ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक पर पड़े पशु को हटाकर रास्ता साफ किया। इस दौरान ट्रेन करीब दस मिनट खड़ी रही। इधर गुरुवार की शाम बंथरा रेलवे स्टेशन के निकट गेट संख्या 325 के निकट गोमतीनगर से सहारनपुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से गौवंशीय पशु की टकराकर मौत हो गयी। इस दौरान मुरादाबाद जा रही डीआरएम निरीक्षण यान को स्टेशन पर रोक दिया गया था। करीब डीआरएम निरीक्षण यान 20 मिनट खड़ी रही।

## बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक सवार 3 लोग घायल

**खुटार, अमृत विचार:** सड़क पार कर रहे बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक सवार मां-बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए। पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी के गांव जोगराजपुर निवासी अमित कुमार शुक्रवार शाम 5 बजे मां उमा देवी और पहचान की शीतल देवी के साथ बाइक से जिला लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी अंतर्गत गांव बांकेगंज जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक खुटार-गोला रोड से जुड़ी सड़क के पास पहुंची, अचानक सामने बंदर आ गया। बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे तीनों सवार घायल हो गए।

## रेलवे फाटक पर कार्य शीघ्र कराने की मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** तिलहर रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण पूर्ण रूप से बंद किए गए रेलवे फाटक को लेकर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर अविलंब कार्य शुरू कराने की मांग की। उन्होंने तिलहर रेलवे स्टेशन के गेट संख्या 334 को शीघ्र प्रारंभ कराने के संबंध में पत्र सौंपते हुए बताया कि फाटक बंद होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्राम डभोरा की प्रधान शबनम ने ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र के माध्यम से यह समस्या पहले क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा के समक्ष रखी थी, जबकि भाकियू नेताओं ने भी फाटक खोले जाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। फाटक बंद होने और गहरी खाई खोदे जाने के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों, कृषकों और आम नागरिकों को लगभग 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और संसाधनों की हानि के साथ दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस पर रेलमंत्री ने रेलवे ट्रैक के ऊपर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।



केंद्रीय मंत्री से मिलते राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया।

## घर में घुसकर युवक से की मारपीट

**खुटार, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला नौगवां कोट निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम 6:30 बजे घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी मोहल्ले का एक व्यक्ति और तिकुनियां-कुसुमा रोड निवासी दो लोग लाठी-डंडा और बांका लेकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए अरविंद कुमार घर के अंदर भागा तो आरोपी पीछे से घर में घुस आए और बांका से प्रहार किया। पीड़ित ने यूपी 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी जुटाई।

## युवक से मोबाइल और बैग छीनने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** बाइक सवार बदमाशों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के एग्जीक्यूटिव से बैग और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने बताया वह ड्यूटी समाप्त कर रात में घर लौट रहा था, रास्ते में रोककर उसके साथ छीनैती हुई।

बरेली के पुराना शहर मोहल्ला कटरा चांद खान निवासी आशीष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह तिलहर में महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में फील्ड ऑफिसर हैं और नगर के मोहल्ला बहादुरगंज में किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार रात 9:45 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। अजीजगंज तिराहे के पास पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि तभी एक अन्य बाइक से तीन अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और उसका बैग छीनकर शहर की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि बैग में एक मोबाइल, परविंदर व आलोक से संबंधित फाइलें, पांच चेक, दो एटीएम कार्ड, दो क्रेडिट कार्ड और 500 रुपये नकद थे। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पत्नी के मायके जाने से दुःखी युवक ने खुद को किया घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी राजा की पत्नी शुक्रवार शाम 5 बजे नाराज होकर अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से दुःखी होकर युवक ने अपने शरीर पर ब्लेड से वार कर जख्मी कर लिया। परिवार वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो वह आनन-फानन में 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉ. ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

अमृत विचार

बरेली, शनिवार, 20 दिसंबर 2025



# दोस्तों की धोखेबाजी से परेशान युवक ने फंदा लगाकर दी जान

## दुकान पर लोन लेकर शुरू किया काम, कमाई न मिलने से युवक हुआ कर्जदार

संवाददाता सिंधौली/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एक युवक ने साड़ी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। वह गुरुवार शाम को घर नहीं लौटा तो परिवार वालों ने उसका शव लटका देखा। कर्ज से परेशान युवक ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट की थी। पुलिस ने उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव महुआ पाठक निवासी अजय कुमार (22) की सैलून की दुकान थी। गुरुवार को उसके परिवार के लोग बाहर गए थे। अजय का छोटा भाई नीरज घर पर था। अजय शाम को घर से निकला और देर शाम तक नहीं लौटा तो उसके भाई ने तलाश की तो उसे मकान के पीछे टीन शेड में फंदे लटका पाया। जानकारी होती ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस देर रात मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। मृतक अजय ने आत्महत्या करने से पहले फेसबुक पर पोस्ट एक वीडियो में अपने दोस्तों पर धोखाधड़ी का आरोप लगा रहा है। दोस्त प्रियांशु और पुष्कर को मौत का जिम्मेदार बता रहा है। मृतक ने यह वीडियो 10 दिसंबर को रिकॉर्ड किया था। उसके बाद गुरुवार शाम को खुदकुशी कर ली। उसके दोस्तों ने सैलून की शॉप पर लोन ले रखा था और मकान पर लोन लेने के लिए दबाव बना रहे थे। आरोपियों ने उसे काम करने का लालच दिया था। पुलिस लाइन से पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच करें नमूना लिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिल गई है और आरोपी प्रियांशु तिवारी और पुष्कर शुक्ला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। महुआ गांव निवासी अजय अपने पिता ओमकार, मां कामेश्वरी देवी तथा भाई प्रदीप, प्रमोद, संजीव, नीरज और दो बहनें विनीता व रामा के साथ रहता था। उसने गांव में सैलून की दुकान खोल रखी थी। उसके पिता और भाई खेती बाड़ी करते थे। घटना

> युवक ने टीन शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके दो दोस्तों ने उसकी सैलून की दुकान पर लोन ले रखा था। उसके मकान पर लोन लेने के लिए दबाव बना रहे थे। उसके कमेटी के भी पैसे दोस्तों ने ले लिए थे। दोस्तों ने पैसे नहीं वापस नहीं किए थे। उसने 10 दिसंबर को मोबाइल पर वीडियो बनाया था। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है।
> -राजेश द्विवेदी, एसपी

वाले दिन उसके परिवार के लोग एक रिश्तेदारी में गए थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### अजय ने वीडियो में दोस्तों पर लगाया आरोप

अजय ने वीडियो में बताया कि उसके दोस्त प्रियांशु और पुष्कर ने उसको धोखा दिया है। दोनों ने उससे कहा था कि ब्याज पर काम करेंगे। दोनों ने मेरी दुकान पर लोन ले लिया था। दोनों ने लालच दिया था कि जितना पैसे कमाएंगे, आधा करेंगे, लेकिन दोनों ने एक पैसा नहीं दिया। वह जब उनसे पैसे मांगते तो हिसाब करने को कहते थे और बाद में हिसाब करने से मना कर दिया। दोनों दोस्तों ने उससे कहा कि मकान पर अपना लोन ले लो और उसके बाद हिसाब करेंगे। दोनों दोस्तों ने जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों मुझे बर्बाद कर दिया। कर्ज चुकाने के लिए सारा जेवर बेच दिए थे। मृतक की फेसबुक पर पोस्ट वीडियो में काफी रो-रो रहा है। दोनों दोस्तों की वजह से जान दे रहा हू। दोनों लोग लोन लिए रुपये उसके एटीएम कार्ड और आधार कार्ड से निकलवाते थे। दोनों ने दस लाख रुपये का कर्ज चढ़ा दिया। मकान के लोन के लिए मना कर दिया था। उसके पास उसका सबूत है। दोनों लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। भगवान दोनों को माफ नहीं करेगा।

## चाबी निकालकर ई-रिक्शा चालकों को करते हैं परेशान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर में चौराहे जाम से जूझ रहे हैं। एक चौराहे पर तीन-तीन ट्रैफिक सिपाही रहते हैं, जबकि किसी पर सिपाही नजर नहीं आते हैं। कुछ ट्रैफिक सिपाही कई सालों से इसी जिले में तैनात हैं। ट्रैफिक दरोगा, मुख्य आरक्षी और सिपाही की ड्यूटी सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे और शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक की होती है। ट्रैफिक कर्मचारियों का आने-जाने का कोई समय नहीं है। ट्रैफिक सिपाही, होमगार्ड को चौराहा सौंपकर निकल जाते हैं। होमगार्ड चाबी निकालकर ई-रिक्शा चालकों को परेशान करते हैं। होमगार्ड दूसरी शिफ्ट की ड्यूटी में समय से पहले चले जाते हैं। लालइमली चौराहा ओर अशफाकनगर चौराहे पर जाम लगा रहता है। व्यापारी राम औतार, छोटे लाल आदि ने मांग की है कि लंबे समय से तैनात सिपाहियों के तबादले किए जाएं।

## सहज योग आज का महायोग 21 को

**शाहजहांपुर। अमृत विचार :** सहज योग आज का महायोग कार्यक्रम 21 दिसंबर को अपरान्ह 3:30 बजे से शाम 5 बजे तक सहज योग ध्यान केंद्र लोक विहार कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मन्दिर में बाल मेला का आयोजन

बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उत्कृष्ट विज्ञान माडल के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया गया

**अमृत विचार :** अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, पं. राम प्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर आयोजित सरस्वती शिशु मन्दिर मदनापुर में शुक्रवार को बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने विज्ञान मॉडल व स्टॉल सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनिल सिंह, जिला प्रचारक घनश्याम, पूर्व सम्भाग निरक्षक विद्या भारती सतीश एवं जिला मंत्री जन शिक्षा समिति मीतेश, ब्लॉक प्रमुख मदनापुर महेश पाल, ग्राम प्रधान बरुआ पट्टी स्नायक आनंद प्रताप उर्फ़ पंकज ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

अतिथियों ने शहीदों के बलिदान की छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने स्टालों से जमकर खरीदारी की। विज्ञान माडल व प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। उत्कृष्ट विज्ञान माडल के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में दिनेश सिंह, विश्राम मौर्य, रंजीत कटियार, ओमेंद्र वर्मा, बृजमोहन सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य दीपक कटियार ने आभार व्यक्त किया।

## हाईस्कूल व इंटर परीक्षाओं के लिए 126 केंद्रों की निर्धारित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में प्रस्तावित 126 परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने बताया कि पूर्व में जिले में 119 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए थे, जिन पर आपत्तियां मांगी थीं। इस दौरान करीब 100 प्रत्यावेदन प्राप्त हुए। इनके निस्तारण के बाद जिला स्तरीय केंद्र निर्धारण समिति की ओर से संशोधित सूची तैयार कर परिषद को भेजी गई, जिस पर अनुमोदन के बाद 126 केंद्रों की सूची जारी की है। डीआईओएस बताया कि यदि किसी छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य या प्रबंधक को परीक्षा केंद्र या छात्र आवंटन को लेकर आपत्ति है तो वे संबंधित विद्यालय की आईडी से साक्ष्यों सहित 22 दिसंबर तक परिषद पोर्टल पर ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## बलिदान दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहीद फाउंडेशन की ओर से एमनजई जलालनगर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों और शायरों ने देशभक्ति, शहादत और इंसानियत पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, वसीम मीनाई, खलीक शौक समेत अन्य रहे।

# वरुण - अर्जुन विवि में महिला सशक्तिकरण पर हुआ व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मिशन शक्ति चरण 5.0 से बेटियों का सुरक्षित और सशक्त होगा भविष्य :डॉ. शिवानी
- छात्राओं को सरकारी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** वरुण -अर्जुन विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं पर आधारित जागरूकता व्याख्यान का आयोजन हुआ। विवि सभागार में विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों को सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों और आपातकालीन सहायता सेवाओं की जानकारी देना रहा।

मिशन शक्ति नोडल अधिकारी डॉ. शिवानी गुप्ता ने कहा मिशन शक्ति महिलाओं को जागरूक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का सामाजिक अभियान है, जो सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के तीन आयामों पर कार्य करता है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार, महिला हेल्प डेस्क को सशक्त करना और डिजिटल शिकायत निवारण व्यवस्था को मजबूत किया गया है। छात्राओं से अभियान का सक्रिय दूत बनने की अपील की गई। व्याख्यान में कन्या सुमंगला योजना, एकल बालिका शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिसके अंतर्गत एकमात्र पुत्री वाली मेधावी बालिकाओं को स्नातक से पीएचडी तक आर्थिक सहायता दी जाती है। पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दी गई। महिला सुरक्षा के विषय पर महिला हेल्पलाइन 181, 112, 1090 और 108 की जानकारी साझा की गई, जो चौबीसों घंटे सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। छात्राओं से इन नंबरों को मोबाइल में सुरक्षित रखने और परिवार व पड़ोस तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में शिकायत निवारण समिति गठित की गई है, जो यौन उत्पीड़न, भेदभाव और अन्य शिकायतों का 72 घंटे के भीतर गोपनीय निस्तारण करती है। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित और सहयोगी शैक्षणिक वातावरण का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में डॉ. शिवानी गुप्ता ने योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं की सफलता कहानियां साझा कीं, जिन्होंने स्वरोजगार अपनाकर छोटे व्यवसाय शुरू किए और शिक्षा के माध्यम से बेहतर मुकाम हासिल किया। इंटरैक्टिव सत्र में विभिन्न संकायों की छात्राओं ने पात्रता, दस्तावेज और पंजीकरण से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। समापन पर आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और कानूनी जागरूकता से जुड़ी कार्यशालाओं के आयोजन की घोषणा की गई तथा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# चौकीदारों को साइकिल और किट भेंट की गई

चौकीदारों को साइकिल और किट भेंट करते एसपी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन परिसर में चौकीदारों को साइकिल और किट भेंट की है। उन्होंने चौकीदारों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि गांव का चौकीदार ग्रामीण स्तर पर पुलिस व्यवस्था की एक महत्वपूण कड़ी है। उनकी सतर्कता, सक्रियता एवं समयबद्ध सूचना से अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित पुलिस कार्रवाई संभव रहती है। चौकीदारों को टार्च, लाठी आदि भी दी गयी। इस अवसर एएसपी सिटी, सीओ सिटी आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय उर्स का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला मेहमान शाह में हजरत मीर मेहमान शाह गाबरू रहमतुल्लाह अलैह के तीन रोजा सालाना उर्स का समापन हो गया।

शुक्रवार को कुल शरीफ में अमन चैन की दुआ की गई। सुबह 10 बजे दरगाह के खादिम खालिद खां बब्बू की निगरानी में कुल शरीफ की महफिल का आगाज तिलावत ए कुरआन से किया।

महफिल में शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने औलिया ए किराम व बुजुर्गाने दीन की करामात पर रोशनी डाली। इस दौरान किश्वर अली दानाई ने नात व मनकबत पेश की। कुल शरीफ में कुरआन की आयतें पढ़कर कर साहिब ए उर्स को ईसाल ए सवाब करते हुए खादिम खालिद खां बब्बू ने कौम व मिल्लत की तरक्की, खुशहाली के लिए दुआ की। इसके बाद कव्वाल शादाब ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल के बाद लोगों में लंगर का वितरण किया। इससे पहले नज़्र व फातेहा ख्वानी हुई। वहीं जायरीन ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की।

### रंग-ए-शहादत, सम्मान समारोह आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सखा परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रंग-ए-शहादत, सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन-मुशायरा शनिवार 20 दिसम्बर को अपरान्ह 3:30 बजे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि क्रान्तिकारी लेखक डॉ. सुधीर विद्यार्थी बरेली तथा विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र होंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के महमूद खां ने दी है। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में मशहूर शायर हाशिम फिरोजाबादी, फैज खुमार बाराबंकी, मोहन मुंतजिर नैनीताल, खुशबू रामपुरी, शहबाज तालिब लखनऊ, असरार नसीमी बरेली, सिराज मोहम्मदी, शिवओम प्यासा आदि के अलावा कई कवियों तथा शायरों को आमंत्रित किया गया है।

# ऑनलाइन सत्र से जुड़कर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कटरा विधायक ने जनसुनवाई के दौरान शोक सभा में लिया भाग

**अमृत विचार:** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने जनसुनवाई के दौरान विधानसभा के विशेष ऐप्स से ऑनलाइन विधानसभा सत्र को ज्वाइन किया।

इस दौरान मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे ठाकुर सुधाकर सिंह के आकस्मिक निधन के उपरांत आयोजित शोक सभा में उन्होंने प्रतिभाग किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई शोक सभा में विधायक ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत विधायक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार, प्रदीप सिंह तोमर, ऋषि पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह चंदेल, कौशलेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजपाल पाल, अजय कुमार, आर्यन सिंह परिहार, अरविंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेल में छात्रों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते छात्र। ● अमृत विचार

- खिलाड़ियों ने दौड़, पीटी और ड्रिल में दिखाया उत्साह

**अमृत विचार :** बिजी बीज प्री-स्कूल और द फाउंडेशन स्कूल की ओर से संयुक्त रूप से द फाउंडेशन स्कूल परिसर में वार्षिक खेल दिवस समारोह हुआ। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप, प्री-नर्सरी, नर्सरी, केजी और सीनियर केजी के बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक दौड़ों, पीटी और ड्रिल प्रदर्शनों में भाग लेकर आत्मविश्वास, तालमेल और टीमवर्क का सुंदर परिचय दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण केजी के बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक रचनाएं रहीं, जिसकी लोगों ने सराहना की। इसके बाद द फाउंडेशन स्कूल के केजी विद्यार्थियों ने अनुशासित और समन्वित मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर खेल भावना और एकता का संदेश दिया। खेल दिवस के दौरान अभिभावकों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। पिताओं के लिए रस्साकशी और माताओं के लिए फन रेस आयोजित की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान हंसी, खुशी और आपसी उत्साह का माहौल बना रहा। समापन अवसर पर प्राचार्य वासु गोयल और निदेशक रोहित गोयल ने बच्चों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें सहयोग और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं।




बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रो सिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, रेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार

B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

## न्यूज ब्रीफ

### 22 दिसंबर से मनाया जाएगा स्थापना दिवस 24 को होगा कन्या भोज

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला चार में सिरासोल रोड स्थित श्री संकट मोचन दरबार का 24वां स्थापना दिवस 22 दिसंबर से मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दरबार के प्रधान महंत संजय शर्मा ने बताया कि दरबार के स्थापना दिवस पर हर वर्ष की तरह इस बार 22 दिसंबर से रामायण का अंखड पाठ के साथ शुभारंभ होगा। इस दौरान यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएगें। इसके अगले दिन 23 दिसंबर यहां बाबा का संकीर्तन किया जाएगा। 24 दिसंबर को कन्या भोज के साथ दोपहर एक बजे के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। साथ ही नगर के गरीब लोगों को कंबलों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा सभी भक्तों को हनुमान चालीसा की पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का मनाया जाएगा प्रकाशोत्सव

**बदायूं, अमृत विचार :** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव नव वर्ष के उपलक्ष में 23 दिसम्बर तक प्रभात फेरी निकाली जा रही है। 24 दिसंबर को विशाल नगर कीर्तन आयोजित किया जाएगा। 25 को एक धार्मिक फिल्म दिखाई जाएगी। 26 को शाम साढ़े छह बजे से रात्रि साढ़े नौ बजे तक छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की याद में विशेष कीर्तन दरबार सजेगा। बाद में लंगर लगेगा। 27 को प्रखंड पाठ संबंधित कीर्तन एवं कथा समाप्ति के बाद गुरु का लंगर प्रसाद बांटा जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रम वैभव लॉन में प्रातः दस से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रबंध कमेटी गुरुद्वारा, श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सभी कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे।

### तहसील सदर में 20 दिसंबर को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** डीएम कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 20 दिसंबर शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः दस बजे से तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# घने कोहरे और ठंड का प्रकोप, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## शीतलहर को लेकर जिला प्रशासन की ओर से जारी किया अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

घने कोहरे के बीच लाइट जलाकर जाते वाहन चालक। ● अमृत विचार

रोडवेज स्थित रैन बसेरा में पड़ा ताला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पहाडों पर बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से शीतलहर चलने लगी है। ठंडी हवाओं के झोंके लोगों की कंपकंपी छुड़ा रहे हैं।

शीत लहर की वजह से तापमान भी गिरावट हुई है। शीतलहर के बीच रात के समय कंपकंपाते हुए लोग सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद भी पालिका व जिला प्रशासन की ओर से अस्थाई रैन बसेरे का इंतजाम नहीं किया गया है। अलाव के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। यह आलम शहर का ही नहीं अन्य कस्बों का भी है। जबकि शीत लहर को लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी कर ठंड से बचाव रखने की अपील की जा रही है। पिछले कई दिनों शहर से सहित पूरा जनपद कोहरे की चपेट में है।

पिछले दिन से सूरज नहीं निकला है। सुबह से लेकर दोपहर तक कोहरा छाया रहता है। शाम होते ही फिर से शहर कोहरे की चादर में लिपट जाता है। बीते गुरुवार से ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। दिन के समय 10 से 15 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही हवाओं की वजह से तापमान भी नीचे लुढकता जा रहा है। गुरुवार की रात न्यूनतम तापमान लुढ़ककर आठ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। शुक्रवार कोहरा और शीत लहर की वजह से आम जनमानस कांप उठा। पूरे दिन सूरज नहीं निकला। ठंडी हवाएं चलती रहीं।

ठंड अधिक बढ़ने से लोग जगह जगह अलाव के सहारे बैठे हुए दिखाई दिए। दिन में कोहरा छाए रहने और सूरज न निकलने की वजह से अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विभाग के मुताबिक तापमान सामान्य से कम हो गया है। रात के समय घना कोहरा रहने की भी संभावना कृषि अधिकारियों ने जताई है।

### सप्ताह भर के तापमान की स्थिति

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 14 दिसंबर | 24 डिग्री सेल्सियस | 8 डिग्री सेल्सियस |
| 15 दिसंबर | 24 डिग्री सेल्सियस | 10 डिग्री सेल्सियस |
| 16 दिसंबर | 25 डिग्री सेल्सियस | 8 डिग्री सेल्सियस |
| 17 दिसंबर | 25 डिग्री सेल्सियस | 10 डिग्री सेल्सियस |
| 18 दिसंबर | 20 डिग्री सेल्सियस | 9 डिग्री सेल्सियस |
| 19 दिसंबर | 19 डिग्री सेल्सियस | 8 डिग्री सेल्सियस |

● ठंडे पड़े अलाव काम चलाऊ डाली जा रही लकड़ी रैन बसेरा में लगे ताले

शहर में नगर पालिका की ओर से रोडवेज बस स्टैंड पर रैन बसेरा संचालित है। अलाव जलाने के आदेश पालिका कर्मचारियों को दिए गए हैं। अगर कहीं अलाव नहीं जल रहे हैं तो उसकी जानकारी की जाएगी। – **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका परिषद

इधर शीतलहर चलने पर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया है। प्रशासन द्वारा शीतलहर से बचाव रखने की अपील की गई है। कोहरे के प्रकोप और शीतलहर के बीच अलाव की व्यवस्था भी ठप पड़ी हुई है। शहर में रोडवेज, लावेला चौक, छह सड़का, रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों पर जरूरतमंद सर्दी से ठिठुरते नजर आने लगे हैं। नगर पालिका की ओर से अलाव के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। गिनी चुनी लकड़ी डालकर अलाव जलाए जा रहे हैं। जो समय से पहले से ही ठंड पड़ जाते हैं। यहां तक अभी तक रैन बसेरा तक संचालित नहीं किए गए हैं।

पुलिस लाइन चौराहे पर अलाव के नाम पर रखी गिनी चुनी लकड़ी।

### कोहरे की सफेद चादर में लिपटा क्षेत्र, वाहनों की थमी रफ्तार

**ओरछी, अमृत विचार :** क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम के कड़े तेवर देखने को मिले। घने कोहरे और शीतलहर के कारण पूरा कस्बा और ग्रामीण इलाका ठिठुरन की चपेट में रहा। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहा। कोहरे की घनी चादर के कारण वाहन रेंगते हुए नजर आए। चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर सफर तय करना पड़ा। शीतलहर और गलन बढ़ने के कारण कस्बे के मुख्य चौराहे और बाजारों में सुबह से ही सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। व्यापारिक गतिविधियां भी मंद रहीं। ठंड का आलम यह था कि लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। जो लोग बाहर निकले, वे भी तापते हुए नजर आए कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अधिकांश लोगों ने अपना समय रजाई और बिस्तरों में ही बिताया। कामकाज प्रभावित होने के कारण लोग मोबाइल फोन के जरिए अपना समय पास करते दिखे। शुक्रवार को आसमान में बादल और कोहरे की दोहरी मार रही। पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए, जिससे तापमान में गिरावट आई।

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा दो चेन बरामद

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में ज्वैलरी की दुकान से एक युवक सोने की तीन चेन लेकर चला गया था। आरोपी का वीडियो वायरल हुआ। ज्वैलर्स एसोसिएशन की मांग और पुलिस की सख्ती पर आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर एक चेन बरामद करके फिर से जेल भेजा था। पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दो अन्य चेन बरामद कर ली हैं।

एक युवक 28 नवंबर सुबह साढ़े 11 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहित कुमार गुप्ता की हलवाई चौक पर जुगल किशोर प्रहलादी लाल नाम की दुकान पर आया था। जहां उसने कई चेन देखीं। इसी दौरान युवक सोने तीन चेन उठाकर भाग गया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। अगले दिन पुलिस ने आरोपी के बारे में बताने वाले को 51 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की थी। 5 दिसंबर को आरोपी कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा तो अधिवक्ता और दारोगा में विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर उझानी से एक चेन बरामद की थी। शुक्रवार को अपराध निरीक्षक अशोक कुमार ने दूसरे आरोपी गांव भवानीपुर निवासी पन्ना लाल को बाईपास स्थित कांशीराम आश्रम चौराहे से गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

## जिले में 115 सारस, शासन को भेजी जाएगी गणना रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● वन विभाग की 10 टीमों ने दो दिन तक की सारस की गणना

**अमृत विचार :** वन विभाग ने शीतकालीन सारस गणना की है जिसमें 115 सारस पाए गए हैं। इनमें 24 बच्चे हैं, जबकि अन्य वयस्क हैं। विभाग की 10 टीमों के 20 कर्मचारियों ने दो दिन तक पूरे जिले में गणना की जिसके बाद सारस की संख्या दर्ज की गई है। वन विभाग शासन को सारस गणना रिपोर्ट भेजेगा।

वन विभाग द्वारा हर साल दो बार सारस की गणना की जाती है। पिछले दिनों ग्रीष्मकालीन सारस गणना की गई थी। इसमें सारस की संख्या 100 थी। अब शीतकालीन सारस गणना की गई है। इस गणना में जिले में कुल 115 सारस पाए गए हैं इनमें 24 बच्चे शामिल हैं। वन विभाग की दस टीमों के 20 कर्मचारियों ने 18 और 19 दिसम्बर तक सारस की गणना की। इस बार की गयी गणना में 15 सारस अधिक पाए गए हैं। जिले के सभी बड़े जलाशय और कुछ अन्य तालाबों नदी गंगा किनारे खोज करने पर उक्त संख्या सामने आयी है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सारस गणना की रिपोर्ट अब शासन को भेजी जाएगी। बताया कि सारस संरक्षण को शासन स्तर से कोई कदम नहीं उठाया गया है।

## डिग्री कॉलेज में 22 तक जमा करें छात्रवृत्ति फार्म

**बिल्सी, अमृत विचार :** सत्र 2025-26 में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जिन छात्र-छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र भर दिया है, लेकिन अब तक महाविद्यालय में आवेदन जमा नहीं किया है। वह अविलंब महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपनी प्रक्रिया पूरी करें। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं 22 दिसंबर तक अपना बायोमैट्रिक कराते हुए मूल छात्रवृत्ति आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें।

## अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास, सीसी मार्ग का लोकार्पण

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने विकास क्षेत्र सालारपुर के गांव कुंडरा चकौंद में अंत्येष्टि स्थल और शवदाह स्थल का शिलान्यास किया। गांव अचिंतनपुर मजरा ब्यौर में खड़ंजा निर्माण और गांव सालारपुर में सीसी मार्ग का 55 लाख रुपये निर्माण कराने के बाद लोकार्पण करके ग्रामीणों को समर्पित किया।

कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक ने कहा कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता, संस्कार और मानवीय गरिमा का प्रतीक है। किसी भी व्यक्ति के जीवन की अंतिम यात्रा सम्मान और सुव्यवस्था के साथ संपन्न हो, यह समाज और शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। वर्षों से यहां अंत्येष्टि के समय जो कठिनाइयां आती थीं, उन्हें देखते हुए यह आवश्यक था कि एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं स्थाई अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जाए। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत इसका शिलान्यास किया गया है। इस स्थल पर भविष्य में ग्राम पंचायत में होने वाले निधन के परिवारजनों को आवश्यक सुविधाएं, समुचित स्थान, स्वच्छता व मूलभूत संरचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसी भी परिवार को परेशानी का सामना न करना पड़े। खड़ंजा और सीसी मार्ग के लोकार्पण के दौरान उन्होंने कहा कि मार्ग से न सिर्फ आवागमन को सुगम बनाएगा। बल्कि किसानों, छात्रों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को आने-जाने में होने वाली परेशानियों से भी राहत दिलाएगा। बरसात के दिनों में जो कठिनाई होती थीं, अब इस खंडजा निर्माण से उनका स्थाई समाधान होगा। कहा कि डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में चहुमुंखी विकास हो रहा है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष रामचरन पाल, धीरेंद्र सिंह, आदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

गांव में खड़ंजे का लोकार्पण करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

● सदर विधायक ने गांव कुंडरा में अंत्येष्टि स्थल का किया शिलान्यास

## बदायूं होते हुए दिल्ली-लखनऊ के लिए ट्रेन चलाने की मांग

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रेल मंत्री से की मुलाकात

● दातागंज रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की भी मांग

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं होते हुए दिल्ली-लखनऊ के लिए ट्रेन चलाने की मांग एक बार फिर केंद्रीय रेल मंत्री से की है। साथ दातागंज रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराने की भी मांग की है।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा से जनपद के लोगों ने मांग रखी थी कि वह बदायूं होते हुए दिल्ली और लखनऊ को ट्रेन चलवाएं। इसके लिए बीएल वर्मा ने केंद्र सरकार में रेल मंत्रालय से बात भी की। रेल मंत्रालय को बताया गया कि बदायूं विकास के मामले में बहुत पिछड़ा जनपद है, यदि लखनऊ और दिल्ली के लिए ट्रेन शुरू कर दी जाती है तो निशिचत ही जिले का विकास होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री की उक्त बात पर दिल्ली दरबार ने ध्यान नहीं दिया। जिससे सात साल में एक भी ट्रेन नहीं चलाई गई। ट्रेनों की संख्या भी कम कर दी गई। बरेली और कासगंज के बीच ही ट्रेन संचालित की जा रही हे। कुछ साप्ताहिक ट्रेन सेंट्रल मुम्बई तक आती जाती हैं। उपरोक्त के अलावा कुछ अन्य ट्रेनें भी संचालित की जाती है जिससे लोगों को अधिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले की लोगों मांग पर एक बार फिर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने बदायूं-दातागंज रोड स्थित रेल फाटक पर अंडरपास की जगह ओवर ब्रिज बनाने एवं मथुरा-बरेली हाईवे स्थित छतुइया रेल फाटक पर रेल ब्रिज बनाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने बदायूं से दिल्ली और लखनऊ के लिए नई ट्रेन चलाने के लिए भी सकारात्मक चर्चा की। चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इन योजनाओं का निरीक्षण कराया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने दिल्ली में रेल मंत्री से बात की है। रेल मंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया है। उम्मीद है नए साल में दिल्ली लखनऊ को ट्रेन शुरू कर दी जाए। केंद्र सरकार से इस मामले पर कई बार बात हो चुकी है। जिले के विकास को प्रधानमंत्री से भी चर्चा हो चुकी है उन्होंने भी जनपद को आगे लाने की बात कही है। अब रेल मंत्री ने भरोसा दिया है कि बदायूं से ट्रेन शुरू करने को इस रेल लाइन का निरीक्षण कराया जाएगा उसके बाद ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### व्यापार को मिलेगा नया बाजार

दिल्ली-लखनऊ को ट्रेन शुरू होने से जिले का व्यापार कई गुना और बढ़ जाएगा। लोग दिल्ली और लखनऊ से माल लाकर यहां बेचेंगे। इससे एक ओर रोजगार बढ़ेगा तो दूसरी ओर व्यापार को पंख लगेंगे। इससे जिले की आर्थिक स्थित में सुधार होगा। व्यापारियों ने बताया कि ट्रेन शुरू होने से दिल्ली और लखनऊ से बदायूं जुड़ जाएगा।

## बिना जीएसटी के गर्म कपड़ों की बिक्री कर रहे कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

मिशन फील्ड में लगे नेपाली बाजार से खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सर्दी के बीच गर्म कपड़ों का बाजार तेजी पकड़ चुका है। सड़क किनारे और मैदानों में गर्म कपड़ों के बाजार सजे हुए हैं। यहां लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बाहरी राज्यों और दूसरे देश से आने वाले व्यापारी भी शामिल हैं। इन कारोबारियों पर जीएसटी विभाग की नजरें तिरछी हो गई हैं। इन लोगों को जीएसटी विभाग नोटिस जारी किए जाने की तैयारी कर रहा है। यह लोग बिना जीएसटी बिल के खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

शहर में जगह-जगह सड़क किराने गर्म कपड़ों की दुकानें सजी हुई हैं। वहीं शहर के मिशन फील्ड में लुधियाना और नेपाली बाजार सजा हुआ है। गांधी ग्राउंड में सजे तिब्बती बाजार में भी गर्म कपड़ों की बिक्री हो रही है। शहर में जगह जगह लगे गर्म कपड़ों के बाजार की वजह से स्थानीय दुकानदारों को नुकसान उठना पड़ रहा है। गर्म कपड़ों की बिक्री करने वाले दुकानदार हर्षित रस्तोगी कहते हैं कि शहर के अंदर कई स्थानों पर नेपाल, तिब्बत व लुधियाना के व्यापारी अस्थाई बाजार लगाकर स्वेटर, कंबल, जैकेट, शॉल व अन्य ऊनी वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं। इनके द्वारा गर्म कपड़े की खरीद करने वाले ग्राहकों को पक्का बिल नहीं दिया जा रहा। यह लोग मौखिक आधार पर कपड़ों की बिक्री कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर जीएसटी के नियमों का उल्लंघन है। इससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे व्यापार में घाटा उठाना पड़ता है। बाहर से आने वाले कारोबारियों के द्वारा गर्म कपड़ों की बिना बिल के बिक्री करने से सरकार को भी हानि हो रही है। इसकी शिकायत व्यापारियों ने जीएसटी विभाग से की है। विभाग बाहर से आकर गर्म कपड़ों की बिक्री करने वाले कारोबारियों की सूची तैयार कर रहा है। जल्द ही नोटिस जारी कर उन्हें पंजीयन कराने और नियमों के तहत बिल जारी करने के निर्देश दिए जाएंगे। नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना और टैक्स वसूली की कार्रवाई भी की जा सकती है। राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों की मानें तो दूसरे राज्यों या देश से आकर सीमित समय के लिए व्यापार करने वाले दुकानदारों को 90 दिन के लिए अस्थायी जीएसटी पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। कारोबारियों को नोटिस जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसे बाहर से आने वाले व्यापारी अस्थायी पंजीयन करा सकें।

● व्यापारियों ने जीएसटी विभाग से की शिकायत, राजस्व को हो रहा नुकसान

● बाहर के कारोबारियों को 90 दिन का करना होता है अस्थाई जीएसटी पंजीयन

शहर में कई स्थानों पर गर्म कपड़ों के अस्थाई बाजार लगे हैं। व्यापारियों ने इनके द्वारा अस्थायी पंजीयन न लिए जाने की शिकायत की है। उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। – **चंद्रशेखर सिंह,** सहायक आयुक्त जीएसटी

### 167 ने ओटीएस में कराया पंजीकरण 14.85 लाख जमा हुए

**बिल्सी, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर बिल्सी समेत क्षेत्र के नागरझूना, सैदपुर, वजीरगंज में उपकेंद्र पर संचालित बिजली बिल राहत योजना कैंप में 167 लोगों ने पहुंच कर पंजीकरण कराया। लगभग 14.85 लाख रुपये जमा किए गए हैं।

एसडीओ जयप्रकाश राजपूत ने शिविरों का निरीक्षण किया और मौके पर मिले उपभोक्ताओं को योजना के लाभों को विस्तार से समझाया। अवर अभियंता गजेंद्र पाल सिंह, उमाशंकर, रामस्वरूप, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सूरज पटेल सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## बिसौली चीनी मिल ने किया 1.62 करोड़ का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

### अब तक ढाई लाख क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

**अमृत विचार:** बिसौली की यदु शुगर मिल ने चालू गन्ना पेराई सत्र का एक करोड़ 62 लाख का भुगतान और कर दिया है। चीनी मिल पर अभी भी पिछले साल का करीब 18 करोड़ बकाया है। बकाया राशि जल्द जमा कराने को गन्ना विभाग का दबाव बना हुआ है।

यदु शुगर मिल हर साल करीब 100 करोड़ का गन्ना खरीदता है। चीनी मिल प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को भुगतान करते हुए कहा गया कि इस बार गन्ना किसानों को भुगतान के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मिल प्रशासन लगातार भुगतान कर रहा है। मिल प्रशासन ने अब तक करीब 18 करोड़ का गन्ना खरीदा है।जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि मिल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि गन्ना किसानों का भुगतान लगातार किया जाए। इससे किसानों के खाते में पैसा पहुंचा रहे। गन्ना आयुक्त के आदेशों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि न्यौली और यदु शुगर मिल पर ही पिछले पेराई सत्र का गन्ना मूल्य बकाया है, जबकि अन्य पांचों चीनी मिलों ने भुगतान कर दिया है। कहा कि इस बार सभी चीनी मिलों को सख्त हिदायत दी गई है कि खरीद के साथ ही भुगतान भी किया जाए।

शिकंजा | कुछ दिन पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने उझानी क्षेत्र में पकड़ा था 958 किलो भुना चना

## बाजार में बिक रहा बीमारी फैलाने वाला भुना चना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● चने को आकर्षक दिखाने को मिला रहे प्रतिबंधित रसायन ऑरामाइन

● मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से आ रहा खतरनाक रसायन मिला चना

**अमृत विचार :** लोग भुने हुए चने सेहत बनाने के लिए खाते हैं, लेकिन इसी चने को मुनाफाखोरों ने आमदनी का जरिया बना लिया है। यह लोग चने को आकर्षक दिखाने के लिए चने में प्रतिबंधित और घातक रसायन ऑरामाइन मिलाकर बेच रहे हैं। प्रतिबंधित घातक रसायन मिला चना छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से आ रहा है। हाल के दिनों में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से उझानी क्षेत्र में 958 किलो भुना चना इसी संदेह के आधार पर पकड़ा था। इसे सीज करने के साथ ही सैंपल जांच के लिए भेजा है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पकड़े गए चने पर इसी घातक रसायन के मिले होने की संभावना को व्यक्त कर रहे हैं।

बाजार में भुने हुए चने के साथ अन्य दालों की बिक्री हो रही है। बाजार में दुकानों पर रखी दालें और चने दिखाने में बेहद आकर्षक दिखते हैं। इनकी चमक को देखते हुए लोग इन्हें खरीद लेते हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि वह अनजाने घातक बीमारियों को फैलाने वाली वस्तु को खरीद कर घर ला रहे हैं। चमकदार और आकर्षक दालें कैंसर जैसी बीमारी का कारण बन रहे हैं। हाल के दिनों में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से उझानी क्षेत्र के दो गांवों से 958 किलो भुना चना पकड़ा गया था। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 40720 रुपये बताई गई। पकड़े गए चना हानिकारक रसायन ऑरामाइन डाई से रंगा हुआ बताया जा रहा है। इसकी संभावना खाद्य सुरक्षा विभाग जता रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी और चिकित्सक ने बताया कि ऑरामाइन एक सिंथेटिक रसायन है। इसका उपयोग कपड़ों और कागज चमकीला बनाने के लिए रंगने में उपयोग किया जाता है। खाद्य पदार्थों में इस रसायन का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी मुनाफाखोर अनाज में कर रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से दालें और भुना हुआ चना शामिल हैं। दालों और अन्य अनाजों में यह लोग ऑरामाइन का प्रयोग करके उन्हें अधिक आकर्षक और चमकीला दिखाने के लिए करते हैं। इससे वे आकर्षक और उच्च गुणवत्ता वाले प्रतीत लगे। इससे लोग अधिक खरीदारी कर सकें। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया चना मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लाया हुआ बताया जा रहा है। इसका सैंपल जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सेहत के लिए बेहद खतरनाक है ऑरामाइन

सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा बताते हैं कि कपड़ा और कागज रंगने के लिए घातक केमिकल का प्रयोग होता है। इनमें एक ऑरामाइन भी शामिल है। ऑरामाइन अत्यंत खतरनाक और विषैला केमिकल है। यह केमिकल स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसके सेवन से कैंसर होने की आशंका अधिक बढ़ जाती है। यह लिवर और मूत्राशय में कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा रहता है।

उझानी क्षेत्र में पकड़ा गया चना मिलावटी था, जो कि इसमें ऑरामाइन केमिकल लगे होने की संभावना है। यह केमिकल बेहद घातक होता है। सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद खतरनाक रसायन मिले चने की बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। – **सीएल यादव,** सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय

अमृत विचार

बरेली, शनिवार, 20 दिसंबर 2025



अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
21 दिसंबर 2025, रविवार
04 जनवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# जिला अस्पताल में जल्द बनेंगे ऑनलाइन पर्चे

## शासन से मिला आदेश, पर्चा काउंटर पर अब नहीं लगेगी लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग अब ऑनलाइन पर्चे बनवाने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। अब ऑनलाइन दवाएं भी मिलेंगी। इससे मरीजों को भीड़भाड़ में लाइन में लग कर परेशान नहीं होना पड़ेगा। नए साल में यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग अब जिला अस्पतालों में बड़े स्तर पर बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अस्पतालों में भीड़ भाड़ होने से मरीजों को परेशानी होती है। पर्चे बनवाने से लेकर दवा काउंटर पर भी लाइन में लगना पड़ता है जिससे मरीजों को भारी परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अब जिला अस्पतालों में ऑनलाइन पर्चे बनाए जाएंगे। ऑनलाइन ही दवा मिलेगी। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि अब

काउंटर पर पर्चा बनवाते मरीज।

तक यहां पर मरीज लाइन में लग कर पर्चे बनवाते हैं, लेकिन शासन की नई व्यवस्था के अनुसार अब ऑनलाइन पर्चे बनाए जाएंगे और ऑनलाइन ही दवाएं मुहैया कराई जाएंगी। बताया कि इसके लिए पर्चा बनाने वाले कर्मचारियों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद जिला अस्पताल में ऑनलाइन पर्च बनने लगेंगे जिसमें मरीज का आधार कार्ड अनिवार्य होगा। ऑनलाइन डॉक्टर के पास नंबर आने पर ही मरीज

● पर्चा बनाने वाले कर्मचारियों को लखनऊ में दी जाएगी ट्रेनिंग

### अन्य विभागों से भी ऑनलाइन मिलेगी दवा

सबसे पहले एलोपैथिक दवा लेने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस प्रक्रिया के सफल होने के बाद आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक यूनानी विभाग में भी ऑनलाइन पर्चे बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

ओपीडी में जाएगा। इससे पहले उसे अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। प्रत्येक डॉक्टर ऑनलाइन जुड़ेगा और उसके नंबरर पर ही मरीज को देखेगा। डॉक्टर की लिखी हुई दवा ऑनलाइन मरीज को मिलेगी। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अस्पताल में ऑनलाइन पर्चे और दवा लेने के लिए विभाग की वेबसाइट बनेगी उसी पर यह कार्य किया जाएगा। नए साल से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

# हार्टफुलनेस संस्था 21 दिसंबर को मनाएगी ध्यान दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** हार्टफुलनेस संस्था की ओर से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा, जो एक विश्व, एक हृदय थीम पर होगा। इसमे सम्मलित होने के निशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। इसका पोस्टर जारी किया गया है।

संस्था के जोनल कोऑर्डिनेटर अनुज सक्सेना ने बताया कि साल 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया था। इस ऐतिहासिक पहल के लिए भारत को वैश्विक भागीदार के रूप में नामित किया गया। उन्होंने बताया कि हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक पदम भूषण कमलेश डी पटेल उर्फ दाजी द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर शांति, करुणा व एकता के लिए पूरे विश्व के लाखों लोगों के लिए 21 दिसंबर की रात 8 बजे से 20 मिनट तक ऑनलाइन विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंजीकरण कराने वाले लोग सम्मिलित होंगे। ध्यान सत्र से जुड़ने के लिए https://meditationday.global/hi/ पर पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके अलावा क्यूआर कोड के माध्यम से भी कुछ ही सेकेंड में नाम, मोबाइल नंबर डालकर पंजीकरण किया जा सकता है।

# अधिवक्ता एकजुट होकर लोकतंत्र को करें मजबूत

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ का स्वागत करते अधिवक्ता।

संवाददाता, बिल्सी

● यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ पहुंचे तहसील

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद कर आगामी बार काउंसिल चुनाव को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में बार काउंसिल के चुनाव चार चरणों में आयोजित किए जाएंगे। इनमें उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ता मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पहले चरण का मतदान जनवरी माह में प्रस्तावित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अधिवक्ता एकजुट होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में अधिवक्ताओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने चेयरमैन शिव किशोर गौड़ का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपने सुझाव रखे और बार काउंसिल से जुड़ी समस्याओं को साझा किया। इस मौके पर हेमेंद्र सिंह, प्रशांत शर्मा, स्वाले चौधरी, राजीव कुमार, गिरीश बाबू, रामप्रकाश श्रीवास्तव, रामनाथ शर्मा, श्रीराम सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# राजमार्ग पर लगे जाम को पुलिस ने खुलवाया

**विजय नगला, अमृत विचार :** नौकरी लगने की खुशी में एक दर्जन से ज्यादा बाइक और कार सवार डीजे लगाकर सड़क से गुजरे। थाने के सामने पहुंचने पर राजमार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और खुलवाया। रैली निकाल रहे लोगों को सड़क से साइड कर एक तरफ चलने की हिदायत देकर जाने दिया।

थाना बिनावर क्षेत्र की गांव मुड़िया में किसी परिवार में युवक की नौकरी लगी थी। यहां शुक्रवार को दर्जनों लोग बाइकें, कार और डीजे लेकर कस्बा बिनावर की तरफ निकले। डीजे की जोरदार आवाज से तमाम लोग सड़क की ओर देखने लगे। डीजे के साथ पूरा कस्बा में घूम कर खुशी मनाई। दोपहर लगभग तीन बजे वह लोग डीजे के साथ गांव लौट रहे थे। थाने के सामने पहुंचे तो जाम लग गया। पुलिस राजमार्ग पर पहुंची। डीजे के साथ घर लौट रहे लोगों को सड़क किनारे कराकर जाम खुलवाया।

जाम में फंसे वाहन।

# ग्राम गड़रपुरा में सात दिवसीय बुद्ध कथा का किया आरंभ

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गड़रपुरा में आयोजित सात दिवसीय बुद्ध कथा का शुक्रवार को विधिवत आरंभ हुआ। आरंभ मुख्य अतिथि रही भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने फीता काटकर किया।

उन्होंने बुद्ध कथा का श्रवण किया और भगवान बुद्ध के जीवन, त्याग और उपदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कथावाचक श्याम सुन्दर बौद्ध और राजेश्वरी बौद्ध ने कहा कि भगवान बुद्ध का मार्ग करुणा, अहिंसा और सत्य पर आधारित है, जो मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब बुद्ध के विचार और भी अधिक

बुद्ध कथा सुनाते कथा वाचक श्याम सुन्दर बौद्ध।

महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन करने की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। इस मौके पर हरवीर शाक्य, चन्द्रपाल, किशन पाल, मोहनलाल, हरविलास, पान सिंह,सुनील, श्यामवीर, रामवीर, शिशुपाल आदि मौजूद रहे।

# ठंड में बीमार होने लगे छुट्टा गोवंश

**बदायूं, अमृत विचार :** कोहरे में छुट्टा गोवंश की स्थिति बद से बदतर हो रही है। सड़क किनारे बैठे गोवंश रात को ठंड के चलते बीमार होने लगे हैं लेकिन पशुपालन विभाग को इसकी कोई चिंता नहीं है।

पिछले कई दिनो से भारी ठंड शुरू हो चुकी है। कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे छुट्टा गोवंश रात को ठंड से कांप रहे हैं। कई गोवंश भारी ठंड से बीमार भी हो चुके हैं। शहर के ककराला रोड स्थित नरऊ मोड़ पर दर्जनों गौवंश रहते हैं जो रात को खुले आसमान के नीचे बैठते हैं। ठंड में तीन गौवंश कई दिन से बुखार से जूझ रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ठंड में गोवंश बीमार होने लगे हैं। पशुपालन विभाग मौन साधे बैठा है।

# आग में फंसे लोगों को निकालने की दी ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● मुजरिया के कृषि इंटर कॉलेज में चल रहा स्काउट एवं गाइड शिविर

**अमृत विचार :** भारत स्काउट एवं गाइड संस्था की ओर से मुजरिया के कृषि इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय शिविर चल रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन अनुशासन, साहस और सेवा भाव का उदाहरण देखने को मिला। शिविर में बच्चों व शिक्षकों ने खोज के चिन्हों की सहायता से ऐतिहासिक, धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों की हाईक कर व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया। प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की गांठें एवं बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स का प्रयोग, आपदा व युद्ध जैसी परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने और आमजन को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही क्या करें और क्या न करें। इस पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर में स्काउट-गाइड को जानकारी देते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्य न खोएं और हिम्मत से काम लें। खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रखें और आवश्यक वस्तुएं हमेशा साथ रखें। सायरन बजने पर घर के अंदर रहें। लाइट बंद रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और सिर्फ आधिकारिक सूचना स्रोतों पर ही भरोसा करें। मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज रखें और मॉक ड्रिल का नियमित अभ्यास करें। हवाई हमले या बमबारी के अलर्ट की स्थिति में तुरंत जमीन पर लेटकर सिर ढकें और दीवार या किसी मजबूत वस्तु के पीछे शरण लें। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह सोलंकी ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा का भाव जगाती है। कम संसाधनों में भी सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। प्रबंधक सत्यपाल सिंह सोलंकी ने स्काउट एवं गाइड गतिविधियों को जीवनोपयोगी बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थी हर परिस्थिति में आत्मनिर्भर बनते हैं। शिविर में खोज के चिन्ह, आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, टेंट व भोजन निर्माण के साथ-साथ डॉक्टरी गांठ, रीफ नॉट, शीट बैंड, फिशरमैन नॉट और चेयर नॉट का अभ्यास कराया गया। स्काउट शिक्षक अवधेश शर्मा और जया सिंह के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड ने मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। कहा कि अपनी और देश की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर अवधेश शर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा, ज्ञान प्रकाश, पुष्पेंद्र, उषा यादव आदि मौजूद रहीं।

# गुड और बैड टच के बारे में बताया

● बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत हुआ जागरुकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत सरकार के निर्देश पर संचालित 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन काउंसलर मुन्तजिम अब्बासी ने कहा कि शादी के दौरान लड़की की आयु 18 और लड़के की आयु 21 साल होना जरूरी है।

वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह गैर कानूनी कार्य है। इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया है। इसमें बाल विवाह करने और कराने वाले को सजा दी

कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते चौकी इंचार्ज। ● अमृत विचार

जाएगी। निर्धारित से कम उम्र पर शादी कराने पर दो साल कारावास, एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है कहा कि अगर किसी के आसपास बाल विवाह कराया जा रहा है तो 1098 , 1090 , 181, 112 पर कॉल करके जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा, लेकिन सूचना सही होनी चाहिए। साथ ही गुड व बेड टच के बारे में बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर पुरुषोत्तम शर्मा ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं और सेवाओ के बारे में बताया। कोतवाली सिविल लाइंस से कचहरी चौकी प्रभारी चमन गिरी ने मानव तस्करी व साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान से प्रोग्राम मैनेजर गंगा सिंह, काउंसलर चेतना वार्ष्णेय, जिला विकास प्राधिकरण से मनम, इसीता कश्यप, नेहा, प्रधानाचार्य एनसी मिश्रा व कुसुम सक्सेना, कन्हैया लाल गुप्ता, अवनेश सक्सेना, शिव दीप, संजीव दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस से शिकायत करके युवती ने बताया कि कैसर अली ने उससे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिए।

जिसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। युवती गर्भवती हो गई। युवती ने शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल करता रहा। आरोप है कि युवक ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। युवती ने विरोध किया तो उसने आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी दी। कहा कि उसकी शादी हो गई है। अब सब भूल जाओ। शिकायत करने पर युवक के चार परिजन मामला शांत रखने का दवाब बना रहे हैं। फैसला न करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# समारोह में शहीदों को किया याद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का किया आयोजन

**अमृत विचार:** पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय आयोजित हुअ। इसमें शहीदों को याद किया गया। साथ ही वीर नारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह उपस्थित रहे। पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में जनपद के विभिन्न युद्धों और ऑपरेशनों में शहीद हुए सैनिकों को याद किया गया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने 12 वीर नारियों, 5 द्वितीय विश्व युद्ध पेंशनर्स विधवाओं व 2 नॉन पेंशनर विधवाओं को शॉल और चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का हार्दिक अभिनंदन किया। वे नव युवाओं के लिए रोजगार के लिए योजना

समारोह को संबोधित करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

चलाएं जिससे अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर अतुल कुमार (सेना मेडल) कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के लिए सैनिक कल्याण विभाग चार तंत्र क्रियान्वयन करता है। पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों की किसी भी समस्याओं को समाधान, रोजगार के लिए पूर्व सैनिक निगम, आर्मड फोर्सेज सहायता संस्थान व उप्र पुनर्वास निधि आदि कार्यक्रम शामिल है। पूर्व सैनिक मिलन समारोह में पूर्व सैनिकों के द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टन कर्नल संदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम में कमाण्डर सतीश कुमार, लेफ्टिनल कर्नल पंकज नैथानी, कमांडर जगवीर सिंह, कैप्टन सुनील कुमार, एलडीएम डॉ. रिकेश रंजन आदि उपस्थित रहे।

# एप से दर्ज होंगे प्रयोगात्मक परीक्षा के नंबर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● यूपीएमएसपी मोबाइल एप पर प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक दर्ज करेंगे परीक्षक
● परीक्षक एप पर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर दायरे में ही रहकर दर्ज कर सकेंगे अंक

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो गई है। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए भी तिथियां घोषित कर दी हैं। जिले में प्रथम चरण के दौरान परीक्षाएं होगी।

यह परीक्षा 24 जनवरी से एक फरवरी तक होंगी। इसके लिए गाइड लाइन भी जारी की गई है। परीक्षा का पारदर्शी बनाने के लिए परिषद के द्वारा मोबाइल एप लांच किया है। जिस पर परीक्षक अंक दर्ज कराएंगे। एप का प्रयोग 200 मीटर के दायरे में किया जा सकेगा। वहीं प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों के प्रधानाचार्य और संचालकों को तैयारी करने के आदेश दिए हैं।

आईओएस लालजी यादव ने बताया कि जनपद में पहले चरण में 24 जनवरी से एक फरवरी 2026 तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। इसके अंक परीक्षक यूपीएमएसपी मोबाइल एप के माध्यम से अपलोड करेंगे। उन्हें बोर्ड को उपलब्ध कराया जाएगा। यूपी बोर्ड की लिखित परीक्षाओं की तरह प्रयोगात्मक परीक्षाओं पर भी सीसीटीवी कैमरों से नजर होगी। इसी एप पर विद्यार्थी और स्कूल संचालक शिकायत भी कर सकेंगे। यूपीएमएसपी मोबाइल एप को लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से कनेक्ट किया जाएगा। बताया कि बोर्ड की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए तैयार गए एप का लिंक परीक्षकों के मोबाइल पर होगा। इस पर वे प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड कर सकेंगे। परीक्षक इस एप पर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर दायरे में ही रहकर भी अंक दे सकेंगे। जिसे वह ड्यूटी के दौरान नियुक्त परीक्षक को डाउनलोड करना होगा। इसका लिंक व पासवर्ड परीक्षकों को परीक्षा से पूर्व उपलब्ध कराया जाएगा।

> इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि घोषित हो चुकी है। 24 जनवरी से एक फरवरी तक परीक्षाएं होगी। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम एप लांच किया गया है। इसी पर परीक्षक अंक देंगे। परीक्षा की तैयारी के लिए सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को निर्देश दे दिए गए हैं। **- लालजी यादव,** जिला विद्यालय निरीक्षक

# राज्याभिषेक के साथ श्री रामकथा का समापन

गसंवाददाता, उझानी

● एसके इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू हुआ सेठ श्री कृष्ण मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बरसुआ में श्रीराम कथा महोत्सव के नौवें दिन श्री राम की लीलाओं और राज्याभिषेक के साथ कथा का समापन हो गया। कथा पंडाल श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से शाम तक अनोखा भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

कथा वाचक रवि ने भगवान श्री राम केआदर्श चरित्र, कर्तव्यनिष्ठ जीवन और धर्म प्रधान आचरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनका जीवन मर्यादा, संयम, त्याग और करुणा का आदर्श है। कथा वाचक ने कहा कि श्री राम ने जीवन के प्रत्येक चरण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ किया। पुत्र, भ्राता, पति, मित्र और राजा-

कथा वाचक से आशीर्वाद लेते शिव किशोर गौड़। ● अमृत विचार

हर रूप में लोकमंगल को सर्वोच्च स्थान दिया। आज के समय में जब सामाजिक मूल्य क्षीण होते जा रहे हैं। कथा में माता अनसूया द्वारा माता सीता को दिए गए पतिव्रता धर्म और संस्कारों के उपदेश को नारी गरिमा एवं पारिवारिक मूल्यों की आधारशिला बताया।

इसके पश्चात अगस्त्य मुनि संवाद, दंडक वन की लीलाएं, जटायु से भेंट, सूपनखा प्रसंग, खर-दूषण वध और मारीच वध के माध्यम से धर्म की रक्षा एवं अधर्म के विनाश का सुस्पष्ट संदेश दिया। सीता हरण, जटायु-रावण युद्ध तथा जटायु उद्धार, शबरी मिलन और नवधा भक्ति का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भक्ति निष्कलंक भाव और पूर्ण समर्पण से ही सार्थक होती है। नारद संवाद, हनुमान से मिलन, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध एवं उद्धार, सीता खोज के लिए हनुमान जी का लंका गमन, लंका दहन, विभीषण का त्याग और राम मिलन, समुद्र पर के लिए निर्माण व रामेश्वरम् की स्थापना का भावपूर्ण वर्णन किया गया। जब समाज श्री राम के आदर्शों को अपनाएगा, तभी शांति, समरसता और नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव होगी। इस मौके पर बोर्ड बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, डा.वीरेन्द्र सिंह, श्रीकृष्ण राणा, एडवोकेट मोहित प्रभाकर, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, एडवोकेट प्रदीप कुमार,संजीव सिसोदिया, प्रशांत एडवोकेट, हरिओम यादव, राष्ट्रीय हनुमान दल के अमित सिसोदिया, मोहित पाठक, भूपेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, सचिन चौहान, जगवीर कुमार, अनुज मिश्रा, शैलेंद्र यादव, गीता यादव आदि मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### गिरफ्तारी के बाद बिगड़ी हालत

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को पुलिस ने धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा समेत विभिन्न मामलों के आरोपी तिलक तिवारी को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान तिलक की तबीयत खराब हो गई। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें बरेली के अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

### पांच हिस्ट्रीशीटर किए गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** उसहैत पुलिस ने पांच हिस्ट्रीशीटरों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस ने गांव पथरामई निवासी बदन सिंह पुत्र सियाराम, रामकिशोर पुत्र दुलार, गांव साबिसपुर के जयवीर पुत्र नत्थू सिंह, गांव प्रेम नगला निवासी चितान पुत्र सुखराम, गांव मल्लाह नगला निवासी रामकिशन पुत्र भारत सिंह को गिरफ्तार करके कोर्ट के सामने पेश किया।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धर्मपुर कुइयां निवासी अरुण अपने दोस्त विकास के साथ बाइक से मंडी समिति की ओर जा रहा था। सामने से आ रहे बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए।

# छह गांवों में पांच महीने से अंधेरा

## उसहैत में फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर, तीन महीने पहले बदला था, तेल हो गया चोरी

कार्यालय संवाददाता, उसहैत

इस खंभे पर रखा जाना है ट्रांसफार्मर।



जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर।

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की मनमानी के चलते उसहैत क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में पांच महीने से अंधकार है। बिना बिजली के ग्रामीण परेशान हैं। फुंका हुआ ट्रांसफार्मर तीन महीने बाद बदला गया वह भी जमीन पर रखा है जिसका तेल भी चोरी कर लिया गया है।

उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर पुख्ता के मजरा नियोरा गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर पांच महीने पहले से फुंक गया था। जिसकी ग्रामीणों ने कई बार शिकायत भी की मगर विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

इसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्रामीणों के हंगामा करने की सूचना पर बिजली विभाग कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर उतार कर उसे ठीक करा दिया। करीब ढाई माह से ट्रांसफार्मर गांव में ही जमीन पर रखा है। उसे खंभे पर नहीं रखा गया है। ग्रामीणों ने लाइनमैन और अबर अभियंता से ट्रांसफार्मर खंभे पर रखने को कहा, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इससे क्षेत्र के छह गांवों में पांच महीने से अंधेरा है।

ग्रामीण बिना बिजली के परेशान हो रहे हैं। विभाग व अन्य अधिकारियों से भी उक्त समस्या से अवगत कराया गया मगर नतीजा शून्य रहा। ग्रामीणों का कहना है कि बि इसका तेल भी निकाल लिया गया है। जिससे अब ट्रांसफार्मर फिर खराब ही रखा है। अब इसे फिर से ठीक किया जाए और टीपीएम पर लगाया जाए।

लाइन मैन राजकुमार का कहना है फुंका ट्रांसफार्मर उसी समय बदलकर आ गया था। ढाई माह पूर्व बारिश का पानी उसमें भर गया था जिसके चलते ट्रांसफार्मर रखा नहीं जा सका।

जल्दी ही ट्रांसफार्मर खंभे पर रखवा दिया जाएगा। राजकुमार ने बताया कि गांव में कई महीने से बिजली नहीं आ रही है। ट्रांसफार्मर खराब रखा है। विभाग को कई बार कहा गया मगर किसी ने ट्रांसफार्मर ठीक नहीं कराया है। कमलेश ने बताया कि गांव में पांच महीने से अंधेरा है। बिजली विभाग के कर्मचारी इधर आते भी नहीं हैं। शिकायत सुनने को तैयार नहीं है। ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हुआ है। लोग परेशान हैं।

### दिक्कत : शहर के एक हिस्से में रात भर गुल रही बिजली

शहर में गुरुवार की रात एक बड़े हिस्से में गुल रही। जिससे 10 हजार से अधिक की आबादी अंधेरे में डूबी रही, लेकिन बिजली विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आवास विकास कॉलोनी में गुरुवार की रात दस बजे बिजली गुल हो गई जो शुक्रवार को दस बजे शुरू हुई। 12 घंटे तक पूरी तरह अंधेरा छाया रहा। अंधेरे के कारण लोग घरों से भी नहीं निकले। शुक्रवार सुबह जब बिजली सप्लाई शुरू हुई तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। उधर, मझिया गांव में बिजली नहीं आई तो लोगों ने रात में ही हंगामा किया। इधर अन्य मोहल्लों की भी बिजली पूरी रात गुल रही। बिजली विभाग की ओर से बताया गया कि नवादा फीडर से कुछ तकनीकी कमी के चलते आपूर्ति बाधित रही। आज सुबह सप्लाई शुरू कर दी गई।

## दो दिन से बिजली कटौती से जूझ रही क्षेत्र की जनता

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** बिजली उपकेंद्र सलारपुर व सिलहरी क्षेत्रों के गांव दो दिन से बिजली की अंधाधुंध कटौती से जूझ रहें हैं। क्षेत्र में ग्रामीणों ने बिजली उपकेंद्रों के अधिकारियों से कटौती की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

सलारपुर एवं सिलहरी बिजली घरों के करीब दो दर्जन से अधिक गांव हैं जहां बिजली आपूर्ति पोषित होती है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि 24 घंटे से बिजली सप्लाई सुचारु नहीं हुई है। और इन गांव में बिजली कटौती से गांव अंधेरा छाया हुआ है। एवं इनवर्टर काम नहीं कर रहे हैं। पानी की समस्या बनी हुई है। निर्धारित शेड्यूल से व मुश्किल से पांच घंटे ही बिजली मिल रही थी। गांव,चकोलर, भगवतीपुर, दहेमी, मोंगर, बाबट, सिलहरी, बरातेगदार, कुनार, गुरपुरी विनायक, शिकरापुर, सलारपुर, सनाय,बल्लिया, राजलमाई, वस्त्रा, आदि गांव में बिजली की समस्या दो दिन सेबनी हुई है। नवादा उपखंड के सहायक अभियंता शरद प्रताप ने बताया कि बिजली घर सिलहरी के 33 केवी के राउंड पोल का इंसुलेटर बस्ट होने के कारण बिजली सप्लाई ठप है।

# इग्नू में 31 तक हो सकेंगे प्रवेश और नवीनीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में जनवरी 2026 सत्र में नवीन प्रवेश और नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है। केंद्र समन्वयक डॉ. संजीव राठौर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इग्नू की वेबसाइट पर लॉगिन कर क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ के कोड 47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय के कोड 47043 पर आवेदन किया जा सकता है।

अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने कहा है कि इग्नू अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में बीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों सहित दो वर्षीय अवधि के छह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हिंदी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एमकॉम विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। इसके अलावा ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रम के साथ एक वर्ष के रोजगार परक पांच स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पीजीडीआरडी, पीजीडीटी, पीजीडीईटी, पीजी डीईएमए, पीजीडीआईबीओ, एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीबीपीओएफए व छह माह अवधि के बहुआयामी 4 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सीटीई, सीबीएस, सीआरडी, सीआजी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध है। नए पाठ्यक्रम को संचालित करने की योजना बनाई जा रही है। भविष्य में राजकीय महाविद्यालय के इग्नू केन्द्र से बीएससी और एमएससी के पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि इग्नू मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त केंद्रीय मुक्त विश्वविद्यालय है। जो शिक्षा से वंचित अधिकतम आयु सीमा के किसी भी उम्र के व्यक्तियों और रोजगार मे व्यस्त रहने वाले व्यक्तियों के लिए शिक्षा प्रदान करने का कार्य निरंतर कर रहा है। इग्नू के नियमानुसार किसी भी डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ 6 माह अवधि का कोई एक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी किया जा सकता है।

## 66वें प्रांत अधिवेशन का किया पोस्टर विमोचन

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर स्थित बदायूं क्लब में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा ब्रज प्रांत के 66वें प्रांत अधिवेशन पर पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सेंगर, प्रदेश मंत्री अंकित पटेल व प्रदेश संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव व अनुज सिंह ने किया। इस दौरान बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अभाविप के प्रांत अधिवेशन 28 दिसंबर से डायट ऑडिटोरियम में होगा। यह आयोजन 30 दिसंबर तक चलेगा। इस मौके पर हरिमोहन पटेल, नमन गुप्ता, संयोजक आशीष देव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# छात्रा ने दिखाई हिम्मत शोहदे को चप्पल से पीटा

संवाददाता, उझानी

- कोचिंग के बाद दूसरे समुदाय के आरोपी ने की छेड़छाड़
- तहरीर न आने की वजह से पुलिस ने कोतवाली से छोड़ दिया आरोपी

**अमृत विचार :** कोचिंग से घर जा रही छात्रा से दूसरे समुदाय के युवक ने छेड़छाड़ की। छात्रा ने उसे पकड़कर शोर मचा दिया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की धुनाई लगाकर पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन छात्रा या उसके परिजनों की ओर से तहरीर न देने पर पुलिस ने युवक को छोड़ दिया। वहीं शोहदे की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है।

उझानी की एक कॉलोनी में कई कोचिंग सेंटर हैं। यहां कई उचक्के मंडराते रहते हैं, जो बाइकों से स्टंट करके टशन दिखाते हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती है। गुरुवार शाम एक छात्रा कोचिंग से लौटकर अपने घर जा रही थी। इस दौरान एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने हिम्मत दिखाई और युवक को पकड़कर शोर मचा दिया। कॉलोनी के लोग घरों से निकल आए और राहगीर भी रुक गए। छात्रा ने युवक को चप्पल से पीटा। साथ ही अन्य लोग युवक को पीटते हुए कोतवाली उझानी ले गए। तहरीर न देने की वजह से युवक को छोड़ दिया गया। वहीं नगर में चर्चा है कि अगर छात्रा खुद सामने नहीं आना चाहती तो पुलिस को युवक पर रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले पुलिस ने एक होटल से लड़का और लड़की को पकड़ा था। पुलिस ने लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया था, लेकिन लड़के को बिना कार्रवाई छोड़ दिया। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि एक युवक की पिटाई लगाई गई थी। छात्रा के परिजनों ने कहा कि वह आगे किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहते।

# लूट करके तमंचा दिखाते हुए फिल्मी अंदाज में दुकान के बाहर आए बदमाश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

### गुस्साए व्यापारियों ने हंगामा करके लगाया जाम

दिनदहाड़े सराफा व्यापारी से लूटपाट की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर तमाम व्यापारी उग्र हो गए। व्यापारियों ने ग्रामीणों के साथ बिसौली सहसवान रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगने के बाद दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसकी वजह से राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ गया। काफी समय के बाद व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ।

- पहले ने दिखाया तमंचा, दूसरा पकड़ा था कट्टा और तीसरे ने पकड़े थे दो तमंचे

**अमृत विचार :** उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा में की गई लूट जागरूक व्यापारी और ग्रामीणों के चलते टल गई। बदमाश दुकान के भीतर गए, लेकिन फिल्मी अंदाज में बाहर आए। इसका किसी ने वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक करके बदमाशों के चौथी साथी की तलाश कर रही है।

शाम लगभग 5 बजे का समय, बाइक सवार बदमाश सराफा दुकान के बाहर आते हैं। व्यापारी की कनपटी पर तमंचे रखकर लूट करते हैं। परेशान व्यापारी डर की वजह से कुछ नहीं कर पाता। बदमाश घटना को अंजाम देते हैं और दुकान से बाहर आए। पहला बदमाश हाथ में तमंचा लेकर बाहर निकला और बाइक पर जाकर बैठ गया। दूसरा बदमाश हाथ में लूट हुए आभूषण कट्टे में लेकर आया और बाइक पर बैठ गया। इसके बाद तीसरा बदमाश फिल्मी अंदाज में बाहर आया। उसके दोनों हाथ में तमंचे थे। लोगों को धमकाता हुआ बाइक पर बैठा। बाइक चालक आगे जाने की तैयारी में था कि बदमाशों को देखकर लोग आगे बढ़े। पीछ से पीले रंग का जैकेट या स्वेटर पहना युवक आया और बाइक पर पीछे बैठे बदमाश को पकड़कर गिरा लिया। इसी दौरान आसपास के व्यापारी और ग्रामीणों ने बदमाशों पर लाठी बरसानी शुरू कर दी। बदमाशों को मरणासन्न हालत में छोड़ा।

### सड़क हादसे में मजदूर की जान गई

**संभल, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव ऐंचौली रोड स्थित हिंडोली चौराहे के पास हादसा हुआ। मृतक की पहचान विकास कुमार (22) पुत्र वीरपाल, निवासी गांव सराय सिकंदर, थाना बनियाठेर, तहसील चंदौसी के रूप में हुई है। बताया गया कि विकास गांव कनेटा स्थित भट्टे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कच्ची ईंट उतारने का काम कर रहा था।

## पंचायत सहायक और सचिवों का प्रशिक्षण शुरू

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ऑन सोर्स रेवेन्यू के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। विकासखंड कादर चौक के सभागार में सचिवों एवं पंचायत सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया मास्टर ट्रेनर सुषमा राठौर एवं राजेश कुमार सक्सेना ने ओ एस आर का उद्देश्य केंद्र वित्त, राज्य वित्त ग्राम पंचायत अपने स्तर से कैसे धन अर्जित कर सकती हैं। इस मौके पर सचिव संयम शुक्ला एवं उदित चंद्र तथा पंचायत सहायकों में विकास कुमार, हुकुम सिंह, नीतू श्रीवास्तव, सुमन, अभिषेक, बबली शाक्य आदि मौजूद रहे।


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM (Male) • आयुर्वेदिक परिचारिका
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय
- हॉस्टल वार्डन फीमेल
- कैंटीन सुपरवाइजर/मेस सुपरवाइजर

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

N.H.-30, बंथरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश

**Radiation Oncology Department**

**Cancer Facilities (कैंसर उपचार एवं सुविधाएं)**

कैंसर की सटीक जाँच (Accurate Diagnosis)

नवीनतम तकनीक द्वारा कैंसर की प्रारंभिक एवं सटीक पहचान की सुविधा

- बायोप्सी
- रेडियो इमेजिंग (CT, MRI)
- ब्लड मार्कर जाँच



कीमोथेरेपी (Chemotherapy)

- सभी प्रकार के कैंसर की कीमीथेरेपी द्वारा उपचार की पूर्ण व्यवस्था

कैंसर की पूर्ण देखभाल (Comprehensive Cancer Care)

- कैंसर रोगियों के लिए पोषण, काउंसलिंग एवं पुर्नवास सहायता
- व्यक्तिगत (Individualised) उपचार योजना

रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट परामर्श उपलब्ध

- कैंसर के हर चरण के लिए सही मार्गदर्शन व उपचार योजना उपलब्ध।

(प्रतिदिन ओ.पी.डी. कमरा नं. 171 में प्रातः 9:00 से सायं 4:00 बजे तक)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989


# घटतौली रोकने के लिए मिल गेट पर टीम की लगाई ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिसौली मिल गेट पर गन्ना विभाग ने बैठाई टीम

**अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल गेट पर घटतौली रोकने, गन्ने की अवैध खरीद फरोख्त रोकने और गन्ना की प्रजाति की जांच करने के लिए मिल के तौल केंद्र पर गन्ना पर्यवेक्षक और समिति के लिपिकों की ड्यूटी लगाई है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक व सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति की अध्यक्षता में गठित की समिति अग्रिम आदेशों तक मिल गेट पर काम करेगी।

समिति क्षेत्र के काम के साथ ही चीनी मिल बिसौली गेट पर नियमानुसार रजिस्टर में पूरा ब्यौरा अंकित करेंगे। पेराई सत्र के दौरान अन्य अनियमितता पर निगरानी रखते हुए पारदर्शी तरीके से गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। मिल गेट पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक व सचिव सहकारी गन्ना विकास निरीक्षक को अपना रजिस्टर दिखाएंगे। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। गन्ना किसानों का अहित किसी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। विभाग ने अपने कर्मचारियों की सूची जारी करते हुए ड्यूटी की तिथि भी निर्धारित कर दी है।

## प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान का किया निरीक्षण

संवाददाता, म्याऊ

**अमृत विचार :** ब्लॉक में 14 दिसंबर से चल रहे पल्स पोलियो अभियान के पांचवें दिन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने ग्राम हड़ौरा और नगरिया चिकन में पल्स पोलियो टीम का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो वैक्सीन की जांच की। इसमें सभी बच्चे पोलियो की दवा पीते पाए गए। डॉ. राजकुमार ने टीम द्वारा भरे गए टेली शीट, हाउस मार्किंग और पोलियो वैक्सीन को भी चेक किया, जिसे संतोषजनक पाया गया।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र म्याऊं के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों और ककराला, अलापुर के अर्बन क्षेत्र के लगभग 98 प्रतिशत बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई जा चुकी है। जो बच्चे बचे हैं, उन्हें 21 दिसंबर को बैक अप टीम के द्वारा कवर कर लिया जाएगा। विकास क्षेत्र म्याऊं में कुल 128 बूथ, 23 ट्रांजिट एवं मोबाइल टीम, और 84 घर-घर भ्रमण टीमों के द्वारा कार्य किया गया, जबकि 34 पर्यवेक्षकों ने पर्यवेक्षण का कार्य किया।डॉ. राजकुमार ने बताया कि पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाना अनिवार्य है, ताकि पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो वैक्सीन जरूर पिलाएं और इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

# प्रधानपति नहीं कर सकेंगे बैठकों की अध्यक्षता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला प्रधान और पदाधिकारियों को स्वयं ही आना होगा
- डीएम ने दिए व्यवस्था का कड़ाई के पालन कराने के आदेश

### बैठक की होगी वीडियोग्राफी

डीएम ने बताया कि जिला पंचायत व अन्य बैठकों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही फोटोग्राफी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, व्हाट्सअप समूह, अधिकृत पंचायत संघों में महिला पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता लेते हुए अनुश्रवण की व्यवस्था बनाई जाएगी। जिससे की साफ हो सके कि आदेश का पालन हो रहा है अथवा नहीं।

**अमृत विचार :** अब किसी भी बैठक में प्रधानपति व अन्य पदों पर आसीन महिलाओं के पति बैठकों में भाग नहीं ले पाएंगे। ऐसा करने पर कार्रवाई होगी। महिला प्रधान व अन्य पदों पर आसीन महिलाओं को स्वयं ही बैठकों में आना होगा। इसके आदेश डीएम अवनीश कुमार राय ने जारी किए हैं। साथ ही बैठक कराने को कहा है।

डीएम ने बताया कि शासन के संज्ञान में आया है कि निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के स्थान पर उनके पति व अन्य संबंधियों व प्रतिनिधियों के द्वारा पंचायतों की बैठकों में न केवल भाग लिया जा रहा है, बल्कि बैठकों की अध्यक्षता कर कार्यों का भी सम्पादन किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि जिला पंचायत की बैठक के संदर्भ में किसी अपर जिला अधिकारी व क्षेत्र पंचायत बैठक के संदर्भ में किसी उप जिलाधिकारी को पर्यवेक्षक नामित किया जाएगा। कहा कि अधिकारियों के द्वारा पंचायत के भ्रमण पर निर्वाचित महिला अध्यक्ष, प्रमुख, प्रधान द्वारा प्रस्तुतीकरण न कर उनके पुरुष संबंधियों द्वारा निरीक्षण कराए जाते हैं। निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत पदाधिकारियों से वार्ता के संदर्भ में वह केवल निर्वाचित महिला पदाधिकारियों को ही संज्ञान में लें। ऐसा करने से एक ओर जहां महिला पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं विचार अभिव्यक्ति करने से पंचायती राज व्यवस्था मजबूत होगी वहीं दूसरी ओर महिलाओं में नेतृत्व करने के साथ ही उनकी सहभागिता विकास कार्यों में ली जा सकेगी। कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि स्थापित व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराएं। डीएम ने बताया कि जिला पंचायत की बैठकों में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी दशा में जिला पंचायत अध्यक्ष अथवा सदस्य के अतिरिक्त कोई भी अन्य सदस्य भाग नहीं लेगा। किसी भी निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के पति अथवा संबंधी द्वारा बैठक में भाग नहीं लिया जा सकेगा। जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम सभा व ग्राम पंचायत की बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारी द्वारा बैठक का एजेंडा जारी किया जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002


**NOTICE**

I, Lavanya M, wife of Army No 2614447M Rank Hav Name Naresh Kumar C presently residing at H/No 2/245, Vill & PO-Maniyambadi, Pappireddipatti-Teh Dharmapuri-Dist, TamilNadu State, PIN-635303,have changed my name from M Lavanya to Lavanya M as per Aadhar records Vide Affidavit declaration date 05 Mar 2025 Advocate and Notary : C Swamiappan, Nilgiris, TamilNadu.

**NOTICE**

I, Manju, Wife of Army No. JC-441890N Rank Sub Name Prajeesh MT Presently residing at Vill-Vellamunda, Kunhome-Post, Wayanad- Teh, Wayanad-Dist, Kerala-State PIN-670731, have changed my name from Manju to Manju Mohanan as per Aadhar records, Vide affidavit declaration date 18 dec. 2025. Advocate and Notary : Keshav Ram Tiwari Shahjahanpur (UP)

**NOTICE**

I, Parvati Jeeru, wife of Army No. JC-442194H Rank Sub name Tejeswara Rao Resapu presently residing at Vill-Uyyalapeta, Nowpada RS-Post, Nandigam-PS & Teh, Srikakulam-Dist, Andhra Pradesh-State, PIN-532212, have changed my name from Jeeru Parvathi to Parvati Jeeru as per Aadhar records vide Affidavit declaration date Dec. 2025 Advocate and Notary : Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur (UP)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल प्रति बैनामा दिनांक 24.04.2004 जिसका विवरण सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बही नं. 1 खण्ड नं. 797 पेज सं. 99 से 110 दस्तावेज सं. 3411 कुल 132 वर्ग मी. खसरा नं. 111 ग्राम मोहनपुर तहसील व जिला बरेली जिसको कि श्रीमती ऊषा शर्मा ने अशवनी शर्मा पुत्र स्व. डी.सी. शर्मा के हक में निष्पादित किया था। व मूल प्रति बैनामा दिनांक 16.03.2003 जिसका विवरण सबरजिस्ट्रार कार्यालय बरेली में बही नं. 1 खण्ड नं. 405 पेज नं. 1 से 8 दस्तावेज सं. 1819 जोकि 132 वर्ग मी. स्थित ग्राम मोहनपुर तह. व जिला बरेली का है। जिसको श्रीमती ऊषा शर्मा ने शैलेन्द्र शर्मा के हक में निष्पादित किया था। उक्त बैनामा की मूल प्रतियाँ मुझसे खो गई है। जिसको कि मैने अशवनी शर्मा व शैलेन्द्र शर्मा से दिनांक 16.07.2005 को क्रय की थी उपरोक्त बैनामों का यदि कोई दुरूपयोग करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सुधीर मेहरोत्रा पुत्र स्व. श्री राज किशन मेहरा 179/23, सिविल लाईन्स, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

ब्रीफ न्यूज

### शादी का झांसा देकर हिस्ट्रीशीटर ने युवती से किया दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर संजय नगर निवासी विपिन से उसका चार साल से संबंध था। आरोप है कि विपिन खुद को अविवाहित बता कर छोटी विहार में उसके साथ किराए के कमरे पर रहता था। विपिन ने उसके साथ शादी करने का वादा कर कई बार संबंध बनाए। जब उसने शादी करने के लिए विपिन पर दबाव बनाया तो उसने इन्कार कर दिया। 16 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे उसके साथ मारपीट कर कमरा खाली कर दिया। कमरा खाली करके पूरा सामान अपने घर लेकर चला गया।

### नफीस व फरहान समेत कई की जमानत अर्जियां खारिज

बरेली, अमृत विचार : शहर में 26 सितम्बर को हुए बवाल में आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर के खास नफीस उसके पुत्र फरहान रजा, इदरीश, इकबाल, अनीस सकलैनी, नदीम सकलैनी उर्फ अनीस सकलैनी के विरुद्ध थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमों में जमानत अर्जियां अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दीं। वहीं नदीम सकलैनी के विरुद्ध बारादरी थाने में दर्ज केस में भी जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। कैंट थाने में दर्ज मुकदमे में मोहम्मद साजिद उर्फ साजिद सकलैनी की जमानत अर्जियां अदालत ने मंजूर कर ली हैं।

# सड़कों की गुणवत्ता ताक पर रखने वाले चार ठेकेदार फंसे

## 25 प्रतिशत से अधिक दरों पर टेंडर लेने वाले एक श्रेणी के सभी ठेकेदारों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर मुख्यमंत्री की सख्त जीरो टोलरेंस नीति को ठेंगा दिखाने वाले चार ए श्रेणी के ठेकेदार फंस गए हैं। इन ठेकेदारों ने 25 प्रतिशत से अधिक बिलो दर पर टेंडर लेकर सड़क की गुणवत्ता को पूरी तरह ताक पर रख दिया। जांच में खुलासा हुआ अनुबंध की शर्तों को दरकिनार करते हुए बैच मिक्स की जगह ड्रम बेस्ड हॉट मिक्स प्लांट का इस्तेमाल किया, साइट पर प्रोजेक्ट मैनेजर सहित नियुक्त इंजीनियर के मानक भी माना। जिससे न केवल सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए बल्कि सरकारी खजाने को लाखों रुपये का नुकसान भी हुआ। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने सभी को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है।

जिन फर्मों को नोटिस जारी किया है उनमें लखनऊ की एसएस इंफ्रोजोन प्रा. लि ने शाहजहांपुर में 28 किमी सड़क बनाई है, बदायूं की एबी इंफ्राजोन ने भमौर शाहबाद बिलारी मार्ग का निर्माण कराया, गाजियाबाद की बीपी कंस्ट्रक्शन ने पीलीभीत में मझोला बिरहानी व अन्य 13 किमी जिला मार्ग का चौड़ीकरण किया।

> सड़क की गुणवत्ता के लिए तय मानकों में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। शासन की मंशा अनुरूप ठेकेदारों को पहले भी कई बार इसको लेकर चेतावनी जारी की जा चुकी है। मंडल में बनाई जानी वाली हर सड़क की निगरानी में अभियंता लगे हैं। जहां भी कमियां मिलेंगी, संबंधित ठेकेदार और साइट इंजीनियर की जवाबदेही तय होगी।
> **-अजय कुमार**, चीफ इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी

जबकि शर्मा कंस्ट्रक्शन ने बरेली में फरीदपुर-बीसलपुर मार्ग से मेहतपुर तिजासिंह खनापुरा होते हुए मढ़ैया मार्ग का चौड़ीकरण किया है।

इनमें भमौरा-शाहाबाद बिलारी मार्ग पर चीफ इंजीनियर ने 20 नंवबर को स्वंय निरीक्षण किया था, जबकि बीपी कंस्ट्रक्शन के कार्य को लेकर अफसर से लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी कई बार नाराजागी जाहिर की। उक्त सभी सड़कों की जांच दिसंबर महीने में ही हुई है। कारण बताओ नोटिस में चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित फर्म को काली सूची में डाल दिया जाएगा।

**प्रतिस्पर्धा नहीं, नियमों की खुली नीलामी :** सड़क निर्माण टेंडरों में 25 से 35 प्रतिशत तक बिलो दर डालना अब ''प्रतिस्पर्धा'' नहीं, बल्कि अभियंताओं की शह पर चल रहा खेल भी बन चुका है। जानकारों के मुताबिक ठेकेदार जानते हैं कि इतनी अधिक बिलो दर व्यावहारिक नहीं होती, फिर भी टेंडर इसलिए डाले जाते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा होता है कि अभियंता आपत्ति नहीं करेगा।

सीएम योगी ने दो माह पहले समीक्षा बैठक में खुद सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। दो टूक कहा था कि कई ठेकेदार 20 प्रतिशत बिलो रेट पर टेंडर डालकर काम ले लेते हैं और बाद में घटिया सामग्री से सड़क बनाते हैं।

जिससे कुछ ही समय में सड़क खराब हो जाती है। मुख्यमंत्री ने ऐसे ठेकेदारों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई और सड़क की गुणवत्ता में गड़बड़ी मिलने पर दोषी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बावजूद अभियंताओं ने इसे नजरअंदाज किया, बल्कि ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने को बिलो टेंडरों को जानबूझकर स्वीकृति दे दी।

### आरोप: चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने का खेल

मंडलीय कांट्रेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार गोयल बताते हैं कि बिलो टेंडरों के पीछे असली मकसद प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाना होता है। अभियंता पहले से तय ठेकेदारों के लिए शर्तें अनुकूल बनाते हैं और ज्यादा बिलो दर के बावजूद टेंडर स्वीकृत कर देते हैं। बदले में अभियंता और ठेकेदारों के बीच ' 'सेटिंग' ' की चर्चा आम है। काम की गुणवत्ता अच्छी चाहिए तो अभियंता अगर चाहें तो ऐसे टेंडरों को तुरंत निरस्त कर सकते हैं, लेकिन संरक्षण और दबाव के चलते वे शासन के आदेशों को दरकिनार कर देते हैं।

### 98 साल पहले खरीदी गई कोठी पर कब्जे को लेकर टकराव

**बरेली, अमृत विचार :** करीब 98 साल पहले खरीदी गई कोठी और उससे जुड़ी भूमि को लेकर दो पक्षों में कब्जे को लेकर टकराव शुरू हो गया है। शिकायत मिलने पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों की बात सुनकर एसडीएम सदर से राजस्व टीम से जांच कराकर आख्या भेजने का अनुरोध किया। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने तहसीलदार को टीम बनाकर जांच कराकर आख्या देने के निर्देश दिए हैं।

सीओ नगर तृतीय पंकज कुमार श्रीवास्तव ने एसडीएम सदर को भेजी आख्या में बताया है कि राशिद हुसैन पुत्र अनवार हुसैन निवासी मोहल्ला सूफी टोला के अनुसार उसके चाचा सज्जाद हुसैन पुत्र अली बक्श ने 17 दिसंबर 1927 को कस्बा हाफिजपुर में 1 बीघा 4 बिस्वा में बनी कोठी और उससे जुड़ी जमीन खरीदी थी। इसमें शिकायतकर्ता और उसके परिवार का कब्जा है। सीओ के अनुसार 12 अक्टूबर की सुबह 8 बजे विपक्षी लोग जेसीबी मशीन व निर्माण सामग्री लेकर पहुंच गए और जमीन को अपना बताते हुए जबरन कब्जा करने की कोशिश की। सीओ तृतीय के आग्रह पर एसडीएम सदर ने तहसीलदार को राजस्व टीम के साथ जांच कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### ड्रा मैच में तीन अंक पाकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा यूपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में यूपी और बंगाल के बीच कूच बिहार ट्रॉफी का मैच शुक्रवार को समाप्त हो गया। कोहरा प्रभावित मैच के अंतिम यानी चौथे दिन दोपहर बाद अंपायरों ने ड्रॉ के साथ मैच समाप्त होने की घोषणा की। अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन ने बंगाल के 171 रन के जवाब में पहली पारी में 45 रनों की बढ़त हासिल करने की वजह से यूपी को 3 और बंगाल को 1 अंक दिया। इसी के साथ यूपी ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। एलीट ग्रुप डी में 22 अंकों के साथ गोवा के बाद यूपी की टीम दूसरे स्थान पर है।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने यूपी के विकेटकीपर बल्लेबाज युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना। युवराज ने 107 गेंदों पर 2 छक्कों और 11 चौकों की मदद से 75 रन बनाए। युवराज ने विकेट के पीछे बंगाल के 5 खिलाड़ियों को कैच आउट करने में भी योगदान दिया। बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने मैच रेफरी प्रकाश भट्ट, अंपायर आर राजेश कैनन और पाराशर जोशी, एंटी करप्शन ऑफिसर विजय शर्मा, रेफरी लाइजनिंग ऑफिसर देवेश सिंह, ऑनलाइन स्कोरर तपेश कौशिक, स्कोरर प्रशांत, बोर्ड स्कोरर प्रणब दास, वीडियो एनालिस्ट अभिषेक यादव और जयकीरत सिंह जस्सी, बीसीसीआई क्यूरेटर रविंद्र चौहान, यूपीसीए के पिच क्यूरेटर शिव कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आदित्य मूर्ति ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कोहरा प्रभावित होने के बाद भी जितना समय मिला सभी खिलाड़ियों ने अच्छा क्रिकेट खेला। इस मौके पर ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, बीसीए के सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, ट्रेजरार शहजाद अली, बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा, एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, सीईटी की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. सोवन मोहंती, दिनेश दद्दा, डॉ. शोभित सक्सेना, मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, यूसुफ अंसारी, शंकर पाल आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सैण्डोला, वि.ख. आसफपुर (बदायूँ)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 20.12.2025

सभी इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम वित्त एवं 15वां वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य प्रथम श्रेणी ईट, रोडा, सीमेन्ट, मोंरग बालू, इण्टरलॉकिंग, सरिया, ह्यूम पाइप, बाल पुटटी, रंग, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, पीबीसी पाइप इंसीनेटर, सफाई किट, बाल पेंटिंग मय चित्र आदि सामानों की आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 26.12.2025 तक समय अपराह्न 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा करा सकते हैं। उक्त निविदा दिनांक 29.12.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय के समक्ष शाम 04:00 बजे खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सैण्डोला में मॉडल अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | 8,46,200/- |

विनीत चौधरी-ग्राम पंचायत सचिव आशा देवी-ग्राम प्रधान

**कार्यालय नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ)**

पत्रांक : 1044/न.पं.कुँवरगाँव/2025-26 दिनांक : 08.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुँवरगाँव, की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा राज्य सेक्टर के ''सीवरेज एवं जल निकासी'' योजना की संस्तुतियों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त होने वाली धनराशि से प्रस्तावित कार्य हेतु फर्म/ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 19.12.2025 से दिनाँक 29.12.2025 दोपहर 2:00 बजे तक ई-निविदा (टैक्नीकल/फायनेन्सियल बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आमन्त्रित ई-निविदा दिनाँक 30.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी नगर पंचायत कुँवरगाँव, बदायूँ में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ) — अध्यक्ष, नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ)

**कार्यालय नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ)**

पत्रांक : 1032/न.पं.कुँवरगाँव/2025-26 दिनांक : 19.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुँवरगाँव, की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं एतिहासिक महत्व के स्थलों तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु ''वंदन'' योजना की संस्तुतियों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त होने वाली धनराशि से प्रस्तावित कार्य हेतु फर्म/ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 19.12.2025 से दिनाँक 29.12.2025 दोपहर 5:00 बजे तक ई-निविदा (टैक्नीकल/फायनेन्सियल बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आमन्त्रित ई-निविदा दिनाँक 30.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी नगर पंचायत कुँवरगाँव, बदायूँ में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ) — अध्यक्ष, नगर पंचायत कुँवरगाँव (बदायूँ)

### कार पर हिंदू संगठन का स्टीकर देख पांच लोगों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक कार पर हिंदू संगठन का स्टीकर लगा देख पांच लोगों ने चालक के साथ जमकर मारपीट की। विरोध करने पर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हाफिजगंज क्षेत्र के गांव कितकापुर निवासी अंशु गिरि ने बताया कि 15 दिसंबर की रात करीब 9 बजे अपनी गाड़ी से ध्रुव हास्पिटल से अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्ते में छोटी विहार के पास किसी काम से रुके थे। वहां पर मौजूद पांच लोगों ने गाड़ी पर विश्व हिन्दू महासंघ बरेली का स्टीकर लगा देख गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि अपने भाई सौरभ गिरि को बता देना कि अजय वर्मा नवाबगंज वाले ने मुझे मारा है। बाद में दोबारा से फोन कर अपना नाम आकाश और साथियों का नाम कपिल, विपिन, विपुल, बता कर कहा कि जो भी करना हो कर लेना।

# कार्य शुरू नहीं, एजेंसी को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त सुबह पहुंचे कोहाड़ापीर, लेटलतीफी पर कार्यदायी संस्था को फटकार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के जरिये शहर के विकास को पंख लगने की जगह पलीता लग रहा है। शहर में चल रहे सीएम ग्रिड के पहले चरण के कार्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं, वहीं दूसरे चरण के कार्य एजेंसी ने शुरू ही नहीं किए हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान कार्य की लेटलतीफी पर निर्माण एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी जारी की है।

नगर आयुक्त शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे कोहाड़ापीर से कुदेशिया रोड की ओर जाने वाले मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां कार्य ठीक प्रकार से आरंभ न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। वहीं इस रोड पर ही लंबे समय से सड़क की खोदाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते पाइप लाइन भी टूट गई है। स्थानीय लोगों ने इस बाबत नगर आयुक्त से शिकायत दर्ज कराई। इस पर कार्यदायी एजेंसी शर्मा कंस्ट्रक्शन को चेतावनी दी है कि ये हादसे का सबब बन सकता है। वहीं इलाके के लोगों को दिक्कत होगी। उन्होंने खोदाई कार्य फौरन पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम ग्रिड के कार्य की गहनता से निगरानी कर रोजाना रिपोर्ट देने के आदेश मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को दिए हैं।

उन्होंने सीएम ग्रिड के कार्यों की स्थिति जानने के बाद डेलापीर, मॉडल टाउन सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया। इन कार्यों की भी प्रगति ठीक नहीं मिली। इस पर मुख्य अभियंता को कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सीएम ग्रिड के दूसरे चरण समेत अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य में लापरवाही में सुधार न होने पर एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बीकॉम, बीबीए की परीक्षा तिथियों में किया संशोधन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीकॉम और बीबीए तृतीय सेमेस्टर की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय के अनुसार 24 दिसंबर को होने वाली ह्यूमन वैल्यूज एंड एनवायरनमेंटल स्टडीज की परीक्षा अब 2 जनवरी को आयोजित होगी। वहीं बीबीए हेल्थ केयर तृतीय सेमेस्टर की अकाउंटिंग फॉर डिसीजन मेकिंग विषय की परीक्षा 2 जनवरी के स्थान पर अब 8 जनवरी को होगी।

# चौकी इंचार्ज की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

- धोखाधड़ी के मुकदमे से नाम निकालने की एवज में मांगे थे 50 हजार की रिश्वत

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी के मुकदमे में थाने से जमानत देने के एवज में 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी सम्भल के थाना रजपुरा की चौकी हरिबाबा बांध के इंचार्ज राकेश सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट-2 कमलेश्वर पांडेय ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता सुखवीर सिंह के विरुद्ध थाना रजपुरा सम्भल में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसकी विवेचना उपनिरीक्षक राकेश सिंह यादव कर रहे थे। चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने शिकायतकर्ता से कहा कि थाने से जमानत कराने या मुकदमे से अपना नाम निकलवाने के एवज में 50 हजार रुपये खर्च करने होंगे। मिन्नतें करने पर दो किश्तों में रिश्वत लेने के लिए राजी हो गये। शिकायतकर्ता ने 11 नवंबर को चौकी इंचार्ज से बात की तो उन्होंने कहा कि 20 हजार रुपये इकबाल को दे दो। इकबाल नाम के व्यक्ति ने रिश्वत की रकम लेकर जेब में रख ली। ट्रैप टीम ने चौकी पर दबिश देकर दरोगा और इकबाल को पकड़ लिया। एंटी करप्शन का मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया था, कोर्ट के आदेश पर मुल्जिम जेल भेजे गये थे।

### गैंगरेप के आरोपी की जमानत खारिज

**बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग छात्रा (15) के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी थाना भोजीपुरा क्षेत्र निवासी विकास यादव की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भमौरा में बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सिकलापुर में टैक्स बकाये में दो व्यावसायिक भवन सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बड़े बकायेदारों पर नगर निगम ने बकाया टैक्स की वसूली के लिए भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सीलिंग की कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को लाखों का टैक्स बकाया होने पर दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की है। वहीं अन्य बकायेदारों के प्रतिष्ठानों पर जब टीम पहुंची तो सीलिंग कार्रवाई से पहले ही भवन स्वामी ने आंशिक टैक्स भुगतान कर दिया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि टीम सबसे पहले सिकलापुर स्थित परमेश्वरी दास के प्रतिष्ठान पहुंची। इन पर निगम का 238856 रुपये का टैक्स बकाया था। प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। भूड़ स्थित बालाजी ज्वैलर्स पर भी 257402 रुपये का टैक्स बकाया होने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। छोटी विहार स्थित जसबीर सिंह, प्रीतम सिंह की संपत्ति पर निगम का 117000 टैक्स बकाया होने पर सील करने जब टीम पहुंची तो आंशिक भुगतान कर दिया गया। छोटी विहार होटल राजरानी पर भी निगम का 454817 रुपये का टैक्स बकाया होने पर कार्रवाई को टीम पहुंचने पर ही 50,000 आंशिक टैक्स का भुगतान कर दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या-याँ / 301 / इज्जतनगर / ओटी-30**

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1; कार्य का संक्षिप्त विवरणः** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 02 वर्ष हेतु वैगन के सीबीसी, बोगी इत्यादि की मरम्मत से संबंधित कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार); **अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹1,95,18,129.40 (रु० एक करोड़ पिच्यानवे लाख अठ्ठारह हजार एक सौ उनतीस एवं चालीस पैसे मात्र); **बिड सिक्योरिटी (₹ में):** ₹2,47,600/- (रु० दो लाख सैंतालीस हजार छः सौ मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में)** शून्य; **कार्य अवधिः** 02 वर्ष; **निविदा खुलने की तिथि व समयः** दिनांक 02.01.2026 को 15:30 बजे। **नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 19.12.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 02.01.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। यदि निविदा प्रपत्र में विशेषतः उल्लेखित नहीं है, ऐसी स्थिति में दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान नेट बैंकिंग अथवा भुगतान गेटवे अथवा निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार किया जाएगा।

उपमुयाँइ / प्लांट, इज्जतनगर

मुजाधि / यांत्रिक-111

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

**कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, शाहजहाँपुर।**

पत्रांकः 613 / जलाशय नीलामी / 2025-26 दिनाँकः 12 दिसम्बर, 2025

निविदा सूचना (श्रेणी पाँच के विभागीय जलाशयों हेतु)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से मत्स्य विभाग उ0प्र0 प्रबन्धान्तर्गत जनपद-शाहजहाँपुर के श्रेणी-5 के जलाशयों में मत्स्य पालन / मत्स्याखेट हेतु "जहाँ है, जैसे हैं" की स्थिति में निविदा दस मत्स्य वर्षो हेतु शासनादेश संख्या-28 / 2023 / 756 / सत्रह-म-17-1099 / 63 / 2022 दिनाँक 25.9.2023 एवं तद्संबधी शुद्धि पत्र संख्या 13 / 1499 / सत्रह-म-17-1099 / 63 / 2022 दिनाँक 19.10.2023 में निर्धारित शर्तो के अनुरूप एवं शासनादेश द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्न विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र0 सं0 | जलाशय का नाम | क्षेत्रफल (हे0 में) | मत्स्य पालन / मत्स्याखेट अवधि | प्रथम वर्ष 2025-26 हेतु आरक्षित मूल्य (रू0 में) | निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने की तिथि एवं समय | ब्याने की धनराशि (रू0) | निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने का स्थल | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | मरहा ताल स्थित- कस्बा कॉट तहसील- सदर | 1.200 | 10 वर्ष स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष की 30 जून तक अगले वर्षो हेतु 01 जुलाई से 30.6.2035 | 5500.00 | प्रथम तिथि 07.01.2026 12.30 बजे तक; द्वितीय तिथि 08.01.2026 12.30 बजे तक; तृतीय तिथि 09.01.2026 12.30 बजे तक | 07.01.2026 13.00 बजे; 08.01.2026 13.00 बजे; 09.01.2026 13.00 बजे | 550.00 | कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य एवं कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी शाहजहाँपुर | 100.00 |
| 2 | कुण्डा नं0 1 व 2 स्थित-कस्बा अल्हागंज तहसील-जलालाबाद | 0.611 | -तदैव- | 5000.00 | -तदैव- | -तदैव- | 500.00 | -तदैव- | -तदैव- |

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून से है।

विशेष नोटः-

यदि दिनाँक 07.01.2026 को निविदा नहीं हो पाती है या उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है, तो दिनाँक 08.01.2026 को पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी तथा यदि दिनाँक 08.01.2026 को भी जलाशय की निविदा नहीं हो पाती है या उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है, तो दिनाँक 09.01.2026 को पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही होगी। यदि निविदा प्राप्त होकर नीलामी संपन्न हो जाती है तो अग्रिम तिथियाँ स्वतः निरस्त समझी जायेगीं।

1- विभाग द्वारा क्रय किये गये निविदा प्रपत्र ही मान्य होगें। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन की तिथि से निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व सायँ 5.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय-सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं0 201 विकास भवन, शाहजहाँपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

2- उक्त जलाशयों की निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक ठेकेदार / समितियों को न्यूनतम आरक्षित मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर सक्षम स्तर से निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र अथवा इतनी ही धनराशि की सावधि जमा रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3- ब्याने की धनराशि सहायक निदेशक मत्स्य, शाहजहाँपुर के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही जमा करनी होगी।

4- निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व विभागीय जलाशय के निस्तारण सम्बन्धी शासनादेश, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के विकास भवन, शाहजहाँपुर स्थित कार्यालय कमरा नं0 201 से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

5- निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व विभागीय बेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर विभागीय जलाशय के निस्तारण संबंधी शासनादेश देखे जा सकते हैं।

UP - 242736 दिनांक: 18/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक निदेशक मत्स्य, शाहजहाँपुर।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : / 453सी0(ई0टेण्डर)-3 / 25 दिनांकः 17.12.2025

ऑन-लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से मदवार दरों पर ई-निविदा दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 29.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0लाख) | कुल लागत (रू0लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे आंवला उसैता मार्ग(अ0जि0मा0) में चौडीकरण एव सुदृढीकरण का कार्य (चैनेज 0.000 से 5.810 तक (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 861.55 | 20.82 | 882.37 | 17.65 | 09 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |
| 02 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे राज्य सडक निधि योजनान्तर्गत जनपद बरेली में आंवला बदायूँ मार्ग (अ0जि0मा0) (किमी0 01 से 08 तक) में चौडीकरण एव सुदृढीकरण का कार्य (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 1005.00 | 24.52 | 1029.52 | 20.60 | 09 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 242646 दिनांक: 18/12/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बरेली
(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, दो गिरफ्तार

**सीबीगंज(बरेली), अमृत विचार :** देवी जागरण में झांकी कलाकार का काम कराने के बहाने अपने साथ ले जाकर किशोरी के साथ जागरण में काम करने वाले युवक ने घर से बुलाकर ऑटो में बिठा कर पहले सीबीगंज फिर फतेहगंज पश्चिमी ले गया। युवक ने ऑटो चालक साथी के साथ किशोरी को अपने घर ले गया वहां पर दोनों ने दुराचार की कोशिश की।

सुभाषनगर क्षेत्र निवासी एक युवती के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बहन माता के जागरण में होने वाली झांकी में काम करती है। आरोप है कि गुरुवार शाम करीब साढ़े छः बजे उसके साथ ही काम करने वाले बादशाह नगर सीबीगंज निवासी विशाल का फोन आया कि रात में सीबीगंज में जागरण है, चौपुला आ जाओ। इसके बाद उसकी बहन वहां पहुंची। उसने अपने ऑटो वाले दोस्त अवधेश यादव निवासी खलीलपुर को बुलाया। दोनों युवक उसे साथ लेकर सीबीगंज पहुंचे। फिर विशाल बोला कि जागरण फतेहगंज पश्चिमी में है। इसके बाद विशाल किशोरी को लेकर अपने घर बादशाहनगर गांव गया और उसे घर के ऊपर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद मोमोज में नशीला पदार्थ मिला कर खिलाने की कोशिश की। दोनों ने दुराचार की भी कोशिश की। इसी दौरान किशोरी ने परिजनों को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**सूचना**

मैं भानु अग्रवाल पुत्र दिलीप कुमार अग्रवाल ने अपनी आराजी गाटा संख्या 624 रकवा 0.141 हैक्टेयर स्थित ग्राम फतेहपुर वीरमपुर परगना बिसौली जिला बदायूं ने किशन शर्मा व मोहन लाल पुत्रगण श्री श्रीराम से दिनांक 12.07.2024 को क्रय की तथा किशन शर्मा व मोहन लाल पुत्रगण श्री श्रीराम ने उपरोक्त आराजी श्री राजेंद्र पुत्र श्री सुंदरलाल आदि से मूल बैनामा दिनांक 15.10.2016 बही नंबर 1 जिल्द 6588 पृष्ठ 179 से 224 तक क्रमांक संख्या 10288 सब रजिस्ट्रार ऑफिस बिसौली से क्रय की। उपरोक्त मूल बैनामा दिनांक 15.10.2016 को एक थैले में रख कर दिनांक 21.08.2025 को घर से रोडवेज के पास फोटो कॉपी कराने के लिए ले जा रहा था, मूल बैनामा दिनांक 15.10.2016 रास्ते में कही गिर गया जो बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिला। अगर कोई व्यक्ति उक्त बैनामे के आधार पर किसी प्रकार का कोई भी प्रयोग करता है तो वह अवैध होगा क्योंकि इसका उसको कोई विधिक अधिकार नहीं है। चूंकि उक्त प्रपत्र के खो जाने की सूचना 19 दिसंबर 2025 को बिसौली ई थाना संदर्भ संख्या 20250000939289 को की गई उपरोक्त संपत्ति भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच SCB कॉमर्शियल ब्रांच सिविल लाइंस बरेली ब्रांच कोड 17644 में ऋण खाता धारक मैं. रमनलता फूड्स ललपी में बंधक है।

**भानु अग्रवाल पुत्र श्री दिलीप कुमार अग्रवाल निवासी बिसौली जिला बदायूं।**

## न्यूज ब्रीफ

### 25 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंची धान खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उप्र. में धान खरीद को लेकर योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों का असर साफ दिख रहा है। अब तक 4,09,444 किसानों से 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों को 5,569 .97 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश में धान खरीद के लिए 4,743 ऑनलाइन क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। 19 दिसंबर तक 8,82,988 किसानों का पंजीकरण हुआ, जिसमें से 6,68,698 का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। बाजरे की खरीद में भी बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। चालू वर्ष में 1,72,109 .30 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा गया, जो पिछले वर्ष से दोगुना है। वहीं ज्वार की खरीद 26,448 .60 मीट्रिक टन रही, जिसमें 7,814 किसानों ने फसल बेची और 91 .49 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

### आयुष्मान भारत योजना ने पकड़ी रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तेजी से आम नागरिकों तक पहुंच रही है। लक्ष्य है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में 9 करोड़ लक्षित लाभार्थियों में से अब तक 5,42,13,534 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। अब तक 74 .4 लाख से अधिक लाभार्थियों के इलाज के मामलों में 12,283 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटल किए जा चुके हैं। इससे लाखों गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक राहत मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### स्नातक मतदाताओं को जोड़ेंगे डॉ.वीरेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जौनपुर सदर में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनाने और एसआईआर कार्य के लिए डॉ. वीरेन्द्र कुमार यादव को नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा निर्देश मिलते ही लाडलेपुर, करंजाकलां, जौनपुर निवासी डॉ .वीरेन्द्र ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते हुए विश्वास को मजबूत बनाऊंगा।

### एसआईआर को गंभीरता से पूरा करें : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण

(एसआईआर) कार्य को पूरी गंभीरता और तत्परता से पूरा कराने का निर्देश दिया है। पार्टी की ऑल इंडिया बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर कुछ दिनों के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को स्थगित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को संपन्न बैठक में पिछली ऑल इंडिया बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए संगठन को मजबूत करने, तैयारियों को तेज करने तथा प्रत्येक वर्ष महापुरुषों के सम्मान में होने वाले कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट की शुद्धता के साथ-साथ देश की चुनावी व्यवस्था को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना भी उतना ही जरूरी है। धनबल, बाहुबल और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया।

# प्रदेश सरकार के सामने 'पैसा है, काम नहीं' की चुनौती

## रिकॉर्ड बजट के आठ महीने बाद भी आधे से कम खर्च, मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- पुराना पैसा अटका, नया अनुपूरक बजट प्रस्तावित, विधानसभा में उठेंगे तीखे सवाल

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के सामने इन दिनों 'पैसा है, काम नहीं' की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8.40 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट पेश करने के आठ महीने बाद भी सरकार आधे से कम धनराशि खर्च कर पाई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही सख्त रुख अपना चुके हों, लेकिन विभागीय सुस्ती टूटती नजर नहीं आ रही। ऐसे में विधानसभा सत्र में उस वक्त तीखे सवाल उठना तय हैं, जब पुराना पैसा खर्च नहीं हो पा रहा और सरकार नया अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में है।

पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सड़कों, जल जीवन मिशन, आवास, महिला कल्याण और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े ऐलान किए। दावा था कि विकास की रफ्तार तेज होगी। मगर 1 अप्रैल से 30 नवंबर 2025 तक के आंकड़े इन दावों को कमजोर करते हैं। योजनाओं के लिए तय करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये में से सिर्फ 1.28 लाख करोड़ रुपये ही खर्च हो सके हैं। यानी वित्तीय वर्ष के दो-तिहाई समय के बाद भी खर्च एक-तिहाई के आसपास सिमटा है।

**बजट और खर्च की तस्वीर (1 अप्रैल–30 नवंबर 2025)**

- कुल बजट (2025-26) : 8.40 लाख करोड़ रुपये
- योजनाओं के लिए आवंटन : 3.88 लाख करोड़ रुपये
- अब तक खर्च : 1.28 लाख करोड़ (लगभग 33 प्रतिशत)
- औसत विभागीय खर्च : 49 प्रतिशत
- महिला कल्याण : 64 प्रतिशत
- ऊर्जा : 60 प्रतिशत
- लोक निर्माण : 40 प्रतिशत
- कृषि : 41 प्रतिशत
- बाल विकास : 44 प्रतिशत
- ग्रामीण/शहरी विकास व नमामि गंगे : 15–23 प्रतिशत

इसी सुस्ती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में वित्तीय स्वीकृतियों और विभागीय खर्च की समीक्षा बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि योजनाएं फाइलों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले फंड का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सरकार की चिंता यह भी है कि देरी से न सिर्फ परियोजनाओं की लागत बढ़ेगी, बल्कि केंद्र से मिलने वाली सहायता पर भी असर पड़ेगा।

सरकार का पक्ष है कि बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुरुआती महीनों में खर्च की रफ्तार धीमी रहती है और साल के अंतिम महीनों में तेजी आती है। फिर भी मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं होगी और जरूरत पड़ी तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक खर्च की धीमी रफ्तार का असर केंद्र से मिलने वाली सहायता पर भी पड़ता है। प्रगति रिपोर्ट कमजोर रहने से अगली किस्त अटक जाती है, जिससे योजनाएं और ज्यादा लटकती हैं।

### ऊर्जा व महिला कल्याण आगे, बाकी विभाग पिछड़े

विभागवार स्थिति में असंतुलन साफ दिखता है। ऊर्जा विभाग ने 60 फीसदी और महिला कल्याण विभाग ने 64 फीसदी बजट खर्च कर अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके उलट लोक निर्माण विभाग 40 फीसदी, कृषि 41 फीसदी और बाल विकास विभाग 44 फीसदी पर अटका है। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण विकास, शहरी विकास, औद्योगिक विकास और नमामि गंगे जैसे अहम विभागों की है, जहां खर्च 15 से 23 फीसदी के बीच सिमटा है। यही वे विभाग हैं, जिनकी योजनाएं सीधे आम जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी हैं।

### अनुपूरक बजट पर सवाल

22 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार 2025-26 का अनुपूरक बजट पेश करेगी। विभागों ने अतिरिक्त धन की मांग भेजनी शुरू कर दी है। यही विरोधाभास विपक्ष के हमले का आधार बन रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का आरोप है कि बजट कागजों में बड़ा है, जमीन पर उसका असर नहीं दिख रहा। आने वाले महीनों में असली परीक्षा यही होगी कि सरकार खर्च की रफ्तार बढ़ा पाती है या नहीं। क्योंकि अगर पैसा समय पर और सही जगह खर्च नहीं हुआ, तो बढ़ता बजट आकार भी सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रह जाएगा।

# एसआईआर में ढिलाई नहीं, हर स्तर पर जवाबदेही तय : योगी

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई निगरानी की जिम्मेदारी

गोरखपुर में एसआईआर को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर प्रशासन और संगठन दोनों को सख्त संदेश दिया है। गोरखपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। एसआईआर में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती की बुनियाद निष्पक्ष और शुद्ध मतदाता सूची है, इसलिए इस अभियान को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक में फीडबैक लिए और अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी अपात्र नाम मतदाता सूची में न रहने पाए और किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की शुचिता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें लापरवाही सीधे जनविश्वास को प्रभावित करती है।

बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि एसआईआर को लेकर मंडल स्तर तक समीक्षा बैठकें पूरी कर ली गई हैं और जिलों में कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल और जिला स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक अड़चन न आए। अभियान में राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को भी अहम बताते हुए मुख्यमंत्री ने संगठन के कार्यकर्ताओं को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मतदाता सूची के सत्यापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### जनता जानती है माफिया पालने वाले कौन

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में पूर्ववर्ती सपा सरकार और उसके मुखिया पर बिना नाम लिए जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पहचान पर बदनुमा दाग लगाने वाले माफिया को पालने वाले कौन लोग हैं, यह जनता भली-भांति जानती है। आज जो लोग आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, उनके माफिया के साथ फोटो टीवी चैनलों पर दिखाई दे रहे हैं। वे माफिया से तोहफे लेते नजर आ रहे हैं। यही वे लोग हैं, जिन्होंने प्रदेश में हर जिले में माफिया पालकर 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया' की पहचान बना दी थी। मुख्यमंत्री 137 .83 करोड़ रुपये की लागत से बने गोरखनाथ ओवरब्रिज के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों की नीयत खराब थी। विकास के लिए आए पैसे का बंदरबांट किया गया और परिवार का खजाना भरने के चक्कर में प्रदेश का खजाना खाली कर दिया गया।

### नववर्ष की भीड़ को खिचड़ी मेले का रिहर्सल मानें

**अमृत विचार, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला, गोरखपुर महोत्सव और जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। गोरखनाथ मंदिर परिसर में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नववर्ष के पहले दिन उमड़ने वाली भीड़ को खिचड़ी मेला प्रबंधन का रिहर्सल माना जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

### विप सदस्यों को आमंत्रित न करने का मुद्दा उठाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेषाधिकार हनन और भ्रष्टाचार की सूचनाएं नियम-223 के अंतर्गत शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यक्रमों में आमंत्रित न किए जाने को लेकर विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया, सभापति ने नेता सदन को अवलोकन के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षक नेता ने नियम 115 के तहत प्राच्य भाषा एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों के स्थानान्तरण की सुविधा होने का मामला उठाया, शिक्षकों के एकल स्थानान्तरण की व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना सरकार को संदर्भित कर दिया। नियम 110 अंतर्गत ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने महराजगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के भ्रष्टाचार का मामला उठाया, उक्त समेत 110 की सभी छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कर दी गयी हैं। प्रश्नकाल में उप्र. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोजेक्ट्स को लेकर सवाल पूछे, उत्तर से असंतुष्ट होने पर सभापति ने मामले को प्रश्न एवं संदर्भ समिति को भेजने के निर्देश दिए।

### कोडिन युक्त सिरप मामले में बड़ी कानूनी सफलता

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन से जुड़े मामलों में योगी सरकार को बड़ी कानूनी सफलता मिली है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाए जाने को पूरी तरह सही ठहराया है और आरोपियों की सभी रिट याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक (अरेस्ट स्टे) की मांग भी नामंजूर कर दी।

इन मामलों में शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद और आसिफ मोहम्मद सहित कई आरोपी शामिल हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यदि कोडिनयुक्त सिरप का भंडारण और उपयोग वैध लाइसेंस और मानकों के बाहर किया गया है तो वह एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध है। अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने चार दिनों तक बहस की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। एफएसडीए, पुलिस और एसटीएफ द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को कोर्ट ने अहम माना। यह फैसला योगी सरकार की सख्त ड्रग नीति और नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान की बड़ी जीत माना जा रहा है।

# चार जिलों में 13 परियोजनाएं स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

रेरा मुख्यालय पर प्राधिकरण की बैठक में मौजूद अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

- लखनऊ, नोएडा, मथुरा के साथ मऊ में 4424 करोड़ से बनेंगी 19,379 आवासीय व व्यावसायिक इकाइयां

**अमृत विचार :** रेरा ने रियल एस्टेट को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ, नोएडा, मथुरा और मऊ में 13 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन जिलों में संबंधित बिल्डरों द्वारा 4424 करोड़ के निवेश से 19,379 आवासीय एवं व्यावसायिक यूनिट विकसित की जाएंगी। इसमें आवासीय प्लॉट, फ्लैट के साथ व्यावसायिक श्रेणी में स्टूडियो और शॉप खरीदने का लोगों को मौका मिलेगा।

शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 191वीं बैठक हुई। इस दौरान नोएडा में चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें दो व्यावसायिक और दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 17,051 यूनिट विकसित की जाएंगी। इसी तरह लखनऊ में स्वीकृत चार आवासीय परियोजनाओं में 241 आवासीय यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। मथुरा में चार आवासीय परियोजनाओं में 2,035 यूनिट विकसित की जाएंगी। इससे मथुरा क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं का विस्तार होगा। वहीं, मऊ में एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी मिली है। इसमें 52 दुकानें बनाकर बेची जाएंगी।

# भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की टीम ने 2018 में आयोजित वीडीओ, समाज कल्याण पर्यवेक्षक व ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह चार वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अंबेडकरनगर के इब्राहिमपुर बलरामपुर का रहने वाला अंकुर वर्मा है। उसे ईओडब्ल्यू की टीम ने केदारनगर से गुरुवार को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वीडीओ (ग्राम विकास अधिकारी), समाज कल्याण पर्यवेक्षक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के कुल 1953 पदों पर परीक्षा का आयोजन 2018 में किया गया था। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी टीसीएस लि. को सौंपी गई थी। साक्ष्य व दस्तावेजों के आधार पर कुल 173 आरोपियों को दोषी पाया गया। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में अब तक कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### पीएम के कार्यक्रम में बीएलओ की ड्यूटी लगाने का विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि बस्ती में अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) सूची सत्यापन के बाद सही पाए गए मतदाताओं को छोड़कर शेष एएसडी मतदाताओं की सूची पुनः बीएलओ व बीएलए को उपलब्ध करा दी जाए। साथ ही लखनऊ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के चलते कई बीएलओ को 17 दिसंबर से कार्यक्रम की तैयारी में लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। सपा ने एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा है।

# एमएसएमई के लिए एमआईसीई प्रोत्साहन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार की बड़ी पहल अधिकतम छह लाख रुपये तक की मिलेगी सहायता
- नई नीति 2025-2030 के तहत 'ब्रांड यूपी' को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025–2030 के अंतर्गत पहली बार एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन एवं प्रदर्शनी) प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना, निर्यात को गति देना, निवेश आकर्षित करना और 'ब्रांड यूपी' को वैश्विक पहचान दिलाना है।

यह पहल विशेष रूप से उन एमएसएमई इकाइयों के लिए लाभकारी होगी, जो अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के माध्यम से अपने उत्पादों और सेवाओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहती हैं। इस योजना के तहत आयोजित होने वाले एमआईसीई कार्यक्रमों पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रति प्रतिभागी 7,000 रुपये की सहायता या फिर एक कार्यक्रम के लिए अधिकतम 6 लाख रुपये तक की अनुदान राशि निर्धारित की गई है। एक एमआईसीई संचालक को एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम दो कार्यक्रमों के लिए ही इस योजना का लाभ मिलेगा।

**आवेदन की प्रक्रिया :** कार्यक्रम के आयोजन से कम से कम 60 दिन पहले निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 60 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज संबंधित कार्यालय में जमा करने होंगे। सभी आवेदनों की जांच के लिए निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के अंतर्गत एक स्क्रीनिंग समिति गठित की गई है।

**भुगतान और निगरानी व्यवस्था :** योजना के अंतर्गत दावों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकृति दी जाएगी। स्वीकृत धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

**कौन ले सकता है योजना का लाभ :** योजना का लाभ वही एमआईसीई आयोजन ले सकेंगे, जिन्हें पर्यटन मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हो। इसके लिए उत्तर प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई श्रेणी के एमआईसीई संचालक या कार्यक्रम प्रबंधन से जुड़ी इकाइयों का पंजीकरण संबंधित विभागों और परिषदों में होना अनिवार्य है। सरकार का लक्ष्य है कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत हो और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिले।

**इनविंसिबल भारत 5.0** | 25 जिलों में चलेगा अभियान, आत्मनिर्भर युवाओं के निर्माण पर रहेगा फोकस

# लखनऊ से शुरू होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी यात्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- युवाओं के लिए वित्त, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मजबूत करने के लिए हुए एमओयू

**अमृत विचार:** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 'इनविंसिबल भारत 5.0- उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा उद्यमी यात्रा' की शुरुआत 24 जनवरी से लखनऊ से होगी। इस महत्वाकांक्षी अभियान का कर्टेन रेजर कार्यक्रम शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किया गया, जिसके साथ ही राज्यव्यापी यात्रा की औपचारिक घोषणा हुई। इस दौरान युवाओं के लिए वित्त, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मजबूत करने के लिए कई अहम एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह यात्रा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इसका मकसद प्रशिक्षित लेकिन बेरोजगार युवाओं को उद्यमिता के अवसर देकर प्रदेश में सतत आर्थिक विकास और रोजगार के नए द्वार खोलना है। यात्रा के माध्यम से प्रदेश के 25 जिलों के संस्थागत केंद्रों को कवर किया जाएगा, जिससे युवाओं, सरकारी योजनाओं, वित्तीय संस्थानों और बाजार के बीच सीधा और प्रभावी संवाद स्थापित हो सके। कर्टेन रेजर कार्यक्रम में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत, बैंकिंग सेक्टर, कौशल विकास संस्थानों और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह पहल केवल जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने वाला एक एक्शन-ओरिएंटेड प्लेटफॉर्म है।

यात्रा के दौरान युवाओं को एक ही स्थान पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी (सीएम युवा) पोर्टल पर रियल-टाइम आवेदन करने और बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के माध्यम से सीधे ऋण संपर्क जैसी सुविधाएं मिलेंगी। जिला उद्योग केंद्र, वित्तीय संस्थान और फ्रेंचाइज़ी पार्टनर हर जिले में युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। करीब 2,500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह यात्रा प्रत्येक जिले में दो-दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन कार्यक्रमों में कौशल मेला, मल्टी-सेक्टर स्किल एवं करियर पवेलियन, ऑन-द-स्पॉट स्किल रजिस्ट्रेशन, उद्यमिता काउंसलिंग और विशेष बैंकिंग डेस्क लगाए जाएंगे। इस अभियान के जरिए एक करोड़ से अधिक युवाओं तक पहुंच, 25 जिलों में एक करोड़ से ज्यादा डिजिटल इम्प्रेशन, एक लाख से अधिक स्किल रजिस्ट्रेशन और 25 हजार युवाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण व मेंटरिंग देने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 50 से अधिक फ्रेंचाइजी और बिजनेस मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्यमिता और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है। उद्योग विभाग के आयुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने इसे जिला स्तर पर उद्यमिता को मजबूती देने वाला अभियान बताया।

# नोएडा के दो निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

नोएडा, एजेंसी

- सूचना पर पुलिस एवं बम निरोधक दस्ता पहुंचा

नोएडा शहर के दो निजी विद्यालयों को शुक्रवार को बम से उड़ाने धमकी मिली है। यह धमकी स्कूल को ई-मेल के जरिये मिली। सूचना मिलने पर पुलिस एवं बम निरोधक दस्ता सहित भारी पुलिस बल तथा गौतमबुद्धनगर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले स्कूल स्टाफ और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, वहीं खोजी स्वान दस्ता और एटीएस सहित बम निरोधक टीम द्वारा विद्यालयों में तलाशी अभियान शुरू किया गया तथा जांच एवं गहन छानबीन की गई। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बम की धमकी मिलने की जानकारी देते हुए बताया कि कुछ स्कूलों को एक मेल के माध्यम से बम से उड़ाने का संदेश मिला था, जिसकी सूचना तत्काल विद्यालयों के प्रबंधनों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसपर पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर बम निरोधक दस्ता और खोजी स्वान सहित तकनीकी टीम द्वारा जांच अभियान चलाकर गहन छानबीन की गई जहां कुछ घंटों की जांच और तलाशी में किसी प्रकार का संदिग्ध वस्तु नहीं मिला एवं जांच कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित कर पुष्टि की गई कहीं कोई प्रतिकूल बात प्रकाश में नहीं आई है। पुलिसने बताया कि जो धमकी भरा ई-मेल विद्यालयों को प्राप्त हुआ है उस मेल की तकनीकी जांच की जा रही है और कहीं कोई भय की बात नहीं है ये एक तरह के फर्जी मैसेज की श्रेणी में आता है लेकिन पुलिस फिर भी सुरक्षा एवं सतर्कता के दृष्टिकोण से जो अन्य महत्वपूर्ण स्थान हैं, जैसी मेट्रो स्टेशन, शॉपिंग मॉल्स और अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर पुलिस एवं एंटी स्मॉग टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है जो लगातार जारी है।

# अमृत विचार

शनिवार, 20 दिसंबर 2025






कोई भी व्यक्ति आसानी से नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन हर कोई दूसरे का भला नहीं कर सकता।
–प्लेटो, दार्शनिक

## ग्रामीण नीति में बड़ा मोड़

लोकसभा द्वारा दो दशकों से लागू मनरेगा की जगह रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 का पारित होना ग्रामीण भारत की नीति-दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव है। यह बदलाव केवल नाम का नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं और शासन-ढांचे का भी है। नई व्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगी या फिर रोजगार गारंटी को कमजोर करेगी, यह कुछ बरस बाद पता चलेगा। निःसंदेह बीते 20 वर्षों में ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। सड़कों, बिजली, इंटरनेट और डिजिटल भुगतान ने गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा है। गैर-कृषि रोजगार भी बढ़े हैं। मनरेगा के तहत औसतन 100 दिन की गारंटी के बावजूद मजदूरों को साल में केवल 50–55 दिन ही काम मिल पाया। ऐसे में सरकार का मानना था कि पुरानी योजना प्रासंगिक नहीं रही, आजीविका और उत्पादकता पर केंद्रित नया कानून जरूरी था। जल, जलवायु और आधारभूत ढांचे पर केंद्रित नई योजना जल सुरक्षा, जल-संरक्षण, ग्रामीण परिसंपत्तियों और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कार्यों को प्राथमिकता देकर पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक प्रासंगिक बन सकती है और ग्रामीण क्षेत्रों को जल-संकट और जलवायु जोखिमों से निपटने में मदद कर सकती है। पारदर्शिता के मोर्चे पर बायोमेट्रिक उपस्थिति, डिजिटल भुगतान और कड़ी निगरानी व्यवस्था जैसे भ्रष्टाचार-निरोधक तकनीकी उपायों से लीकेज घटेगा तो, पर भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म तभी होगा जब स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और सामाजिक अंकेक्षण मजबूत हों।

योजना के कुछ प्रावधान गंभीर सवाल खड़े करते हैं। खेती के सीजन में 60 दिनों तक योजना का काम बंद रहेगा, ताकि खेती के लिए मजदूर मिल सकें, लेकिन यह अवधि केंद्र सरकार तय करेगी। आशंका यह है कि मजदूरों की उपलब्धता बढ़ने से उनकी मजदूरी की सौदेबाज़ी की ताकत घटे और दिहाड़ी पर दबाव पड़े। 125 दिनों के रोजगार की गारंटी कागज़ पर आकर्षक है, पर जब पुरानी योजना में 100 दिनों की गारंटी भी पूरी नहीं हो पाई, तो नई गारंटी पर भरोसा कैसे किया जाए? वित्तीय ढांचे में भी बड़ा बदलाव है। अब केंद्र 60 प्रतिशत और राज्य 40 फीसदी खर्च वहन करेंगे। इससे राज्यों पर भारी बोझ पड़ेगा। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों पर यह अतिरिक्त बोझ 3,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। बंगाल, झारखंड और पंजाब जैसे राज्यों ने इस योजना को लेकर असहमति जताई है, उनके पीछे यही वित्तीय और प्रशासनिक चिंता है। जब अधिकांश अधिकार केंद्र के पास होंगे, तो संसाधन-संकट से जूझ रहे राज्य इसमें कितनी रुचि लेंगे, यह बड़ा प्रश्न है।

यदि राज्यों ने काम कम दिया या योजना को गंभीरता से नहीं लिया, तो काम न मिलने की स्थिति में गरीब ग्रामीण परिवारों की हालत और खराब हो सकती है। यही कारण है कि यह बदलाव ग्रामीण नीति के सबसे अहम मोड़ों में गिना जाएगा। फिलहाल नई व्यवस्था का वास्तविक असर रोजगार, कृषि उत्पादकता, आय और पर्यावरण पर कम से कम 2–3 वर्षों में ही साफ होगा। इतना तय है कि यह कदम अवसर के साथ जोखिम भी है। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार रोजगार गारंटी की आत्मा को बचाते हुए पूरी ईमानदारी से ग्रामीण आजीविका और पर्यावरण के लक्ष्यों को संतुलित कर पाती है या नहीं।

### प्रसंगवश

## नवीन का चुनाव और बीजेपी की रणनीति

भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नवीन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जेपी नड्डा के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है, लेकिन साल 2019 के बाद से बीजेपी में पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है।

जेपी नड्डा जून 2019 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे और फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था। नितिन नवीन सवर्ण उपजाति-

डॉ. ओपी त्रिपाठी
चिकित्सक

कायस्थ समुदाय के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नवीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं।

जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नवीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है।

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नवीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। उनकी पहचान कभी 'राष्ट्रीय' नहीं रही। नितिन नवीन उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया।

उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाम मोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा 'शून्य' है।

बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नवीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी।

# आंकड़ों में राहत पर युवाओं की चुनौती

राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

देश के शहरी क्षेत्र में रोजगार की स्थिति हाल के वर्षों में तेजी से बदली है और इसके आंकड़े उम्मीद और चिंता दोनों को सामने लाते हैं। वित्त वर्ष 2022 में जहां शहरी बेरोजगारी दर 14.3% थी, वहीं वित्त वर्ष 2025 में इसके घटकर लगभग 9% पर आने का अनुमान है। यह गिरावट अपने आप में महत्वपूर्ण है, क्योंकि महामारी के दौरान शहरी क्षेत्रों में रोजगार पर सबसे गहरा असर पड़ा था। दफ्तर बंद हुए, सेवा क्षेत्र ठप पड़ा और लाखों लोग या तो काम से बाहर हो गए या उन्हें गांवों की ओर लौटना पड़ा। ऐसे में कुल शहरी बेरोजगारी दर में यह सुधार अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार का संकेत देता है।

इस सुधार में महिलाओं की भूमिका खास तौर पर उल्लेखनीय रही है। उपलब्ध श्रम बल सर्वेक्षणों के अनुसार शहरी महिला कार्यबल भागीदारी दर पिछले तीन वर्षों में लगातार बढ़ी है। महामारी से पहले जहां शहरी महिलाओं की कार्यबल भागीदारी लगभग 20 से 21 प्रतिशत के आसपास थी, वहीं अब यह 25 प्रतिशत के करीब पहुंच रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रिटेल, घरेलू सेवाओं, आईटी सपोर्ट और गिग इकॉनमी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए अवसर बने हैं। वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड कार्य व्यवस्था ने भी कई महिलाओं को पारंपरिक दफ्तर से जुड़े बिना कमाई करने का मौका दिया है।

यही कारण है कि शहरी बेरोजगारी दर में आई गिरावट का एक बड़ा हिस्सा महिला रोजगार में वृद्धि से जुड़ा हुआ है। तस्वीर का दूसरा पहलू कहीं अधिक चिंताजनक है। शहरी युवाओं की बेरोजगारी दर अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के शहरी युवाओं में बेरोजगारी दर लगभग 16.8% है। यह दर कुल शहरी बेरोजगारी दर से लगभग दोगुनी है। इसका अर्थ यह है कि अर्थव्यवस्था में पैदा हो रहे रोजगार युवाओं को उस अनुपात में नहीं मिल पा रहे हैं, जिस अनुपात में वे श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

हर साल देश में लगभग एक करोड़ युवा कामकाजी आयु में पहुंचते हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करता है। उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ने के कारण स्नातक और परास्नातक युवाओं की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण के अनुसार पिछले दस वर्षों में उच्च शिक्षा में नामांकन करीब 75 प्रतिशत तक बढ़ा है। इसके बावजूद हम उद्योग और सेवा क्षेत्र में इतनी संख्या में नौकरियां पैदा नहीं कर पाए हैं, जो इन शिक्षित युवाओं को समाहित कर सकें।

शहरी युवा बेरोजगारी का एक कारण कौशल और मांग के बीच असंतुलन भी है। कई सर्वेक्षण बताते हैं कि निजी क्षेत्र के लगभग 45 से 50 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों को तुरंत रोजगार योग्य नहीं मानते। उन्हें अतिरिक्त प्रशिक्षण देना पड़ता है, जिससे लागत बढ़ती है। परिणामस्वरूप कंपनियां या तो अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता देती हैं, या फिर ऑटोमेशन और तकनीक के जरिए काम चलाने का विकल्प चुनती हैं। इससे एंट्री लेवल नौकरियों की संख्या घटती जा रही है, जो युवाओं के लिए रोजगार का पहला कदम होती हैं।

इसके साथ ही शहरी युवाओं की अपेक्षाएं भी रोजगार संकट को जटिल बनाती हैं। वे अधिकतर स्थायी, सामाजिक सुरक्षा वाली और सम्मानजनक आय देने वाली नौकरियों की तलाश में रहते हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि शहरी युवाओं का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक और कम वेतन वाले काम को अस्थायी समाधान के रूप में भी स्वीकार नहीं करना चाहता। दूसरी ओर अर्थव्यवस्था में उपलब्ध रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अभी भी अनौपचारिक या अर्ध औपचारिक प्रकृति का है, जहां आय और सुरक्षा सीमित होती है।

शहरी युवा बेरोजगारी के सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लंबे समय तक बेरोजगार रहने वाले युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी की संभावना अधिक होती है। शहरी क्षेत्रों में अपराध और नशे से जुड़ी समस्याओं के साथ बेरोजगारी का संबंध भी कई बार सामने आया है।

महिलाओं के रोजगार में सुधार के बावजूद यह भी सच है कि रोजगार की गुणवत्ता अभी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। शहरी कामकाजी महिलाओं में से लगभग 60 प्रतिशत अब भी कम वेतन या असुरक्षित हालात में काम कर रही हैं। प्रबंधकीय और तकनीकी उच्च पदों पर उनकी हिस्सेदारी सीमित है। समान कार्य के लिए समान वेतन का अंतर भी कई क्षेत्रों में बना हुआ है, इसलिए शहरी बेरोजगारी दर में आई गिरावट को केवल सकारात्मक आंकड़ा मानकर संतोष कर लेना सही नहीं होगा।

नीतिगत स्तर पर इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। शहरी युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित न रखकर उनकी गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। अप्रेंटिसशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग को उद्योग के साथ जोड़कर वास्तविक रोजगार के अवसरों में बदला जाना चाहिए। निजी क्षेत्र को युवाओं की भर्ती के लिए प्रोत्साहन देने वाले उपाय, जैसे वेतन सब्सिडी या कर राहत, भी रोजगार सृजन में सहायक हो सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार भी उतना ही जरूरी है।

विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के पाठ्यक्रमों को तेजी से बदलते रोजगार बाजार के अनुरूप बनाना होगा। डिजिटल कौशल, डेटा विश्लेषण, ग्रीन टेक्नोलॉजी और केयर इकॉनमी जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है। साथ ही शहरी युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना और उन्हें ऋण, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराना भी बेरोजगारी के दबाव को कम कर सकता है।

वित्त वर्ष 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 14 .3 प्रतिशत थी, वहीं 2025 में इसके घटकर लगभग 9 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। इसी तस्वीर का दूसरा पहलू कहीं अधिक चिंताजनक है।

### आमने

आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता कचरे को जलाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़े और रेखा सरकार को घेरे में ले सकें। अरविंद केजरीवाल की सरकार में प्रदूषण के हालात वर्तमान स्थिति से बेकार थे। पिछले 10 सालों की मार आज भी दिल्ली झेल रही है।
–मनजिंदर सिरसा
पर्यावरण मंत्री, दिल्ली

### सामने

मेरी सरकार के दस साल में मैंने कभी इतना भयंकर प्रदूषण नहीं देखा। मौजूदा सरकार सिर्फ आंकड़ों के साथ खेलने में लगी हुई है। AQI नापने वाली मशीनों के आसपास पानी छिड़क कर रीडिंग कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। इतनी चालाकी के बाद भी स्तर 400–500 से नीचे नहीं आ पा रहा।
–अरविंद केजरीवाल
पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

# नेपाल में स्थगित हो सकते हैं आम चुनाव

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में जिस तेजी से हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर सांप्रदायिकता के साये में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने भी ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदूवादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव है, लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है।

बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी के लिए लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनीतिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं।

हाल ही में अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे, तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया, तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलों ने जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया है, वहीं नेपाली कांग्रेस ने भी छोटे-छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई है। फिलहाल अभी न तो प्रचंड, ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है, लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है।

मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों में हुई सांप्रदायिक घटनाओं ने अंतरिम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजावादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें, तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रोकने का कोई प्रयास सामने नहीं आया है। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए?

पिछले दिनों मधेश प्रदेश सरकार के मदरसा बिल मंजूर करने को लेकर हिंदू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया, उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मधेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस बिल को ऐसे समय मंजूरी दी, जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे। हिंदूवादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा बिल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

विश्व हिंदू परिषद नेपाल, नेपाल हिंदू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिंदू सेना सहित कई हिंदूवादी संगठनों ने जगह-जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई। हिंदू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिंदू आबादी है। हिंदू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मोलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा बिल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है।

नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है। पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है।

हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने-कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।

नेपाल में जिस तेजी से हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ी है, उससे ऐसा लगता है कि चुनाव स्थगित हो सकते हैं। वहां के राजनीतिक दलों ने भी ऐसी ही आशंका जताई है।

### सोशल फोरम

## नूर जहां की वसीयत- न हो कब्र पर चरागां

आखरी वसीयत में नूरजहां ने अपनी ख़्वाहिश ज़ाहिर की थी 'इस नाचीज़ की क़ब्र पे न तो चराग़ां किया जाए, न ग़ुलाब बिखेरे जाएं और न ही तितलियों के पंख उड़ाए जाएं...।'

मो. तसनीम आजाद
लेखक

मेहरुन्निसा को जानते हैं आप? शायद नहीं। किंतु, 'नूरजहां' का नाम लेते ही जेहन में एक हसीन मुगल रानी की तस्वीर उभर आती है। नूरजहां का दूसरा परिचय यह है कि उन्हें मुगल काल की सबसे ताकतवर महिला के रूप में भी देखा जाता है। यहां नूरजहां का जिक्र इसलिए हो रहा है, क्योंकि नूरजहां ही मेहरुन्निसा थीं। नूरजहां (1577-1645) मुगल काल की एक महारानी थीं, जिन्हें भारत के इतिहास में मुगल शासक जहांगीर (सलीम) की सबसे पसंदीदा पत्नी के तौर पर याद किया जाता है। उनके पिता गयास बेग मुगल शासक अकबर की सेवा करते थे। अकबर ने उनके पिता को 'इतमत-उद-दौला' (राज्य का एक स्तंभ) की पदवी दे रखी थी। इसके बाद उनके भाई आसफ खान ने जहांगीर और उनके उत्तराधिकारी शाहजहां की सेवा की।

मेहरुन्निसा की पहली शादी 17 साल की उम्र में एक पारसी साहसी शेर अफगान अली कुली खान इस्ताजलु से हुई थी। उनसे उन्हें पहली संतान भी हुई, जिसका नाम उन्होंने लाडली बेगम रखा था। 1607 में शेर अफगान के निधन के बाद मेहरुन्निसा ने आगरा किले में मुगल साम्राज्य की सेवा करना शुरू की। 1605 में अकबर के निधन के बाद जहांगीर ने उत्तराधिकारी के तौर पर शासन किया। इस दौरान मेहरुन्निसा की जिम्मेदारी जहांगीर की सौतेली माताओं में से एक रुकैया सुल्ताना बेगम की सेवा करने की थी। वहीं पर उसने हरम की स्त्रियों के लिए चोलियां, पोलकों, दुपट्टों, लहंगों तथा उनके वस्त्रों की नयी-नयी डिजाइनों को ईजाद किया। उसने शृंगार तेल और सुगन्धित पदार्थों से बने इत्र आदि का निर्माण किया था। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने किया था।

नूरजहां पुरुषों के समान साहस भी रखती थीं। घुड़सवारी, शस्त्र चलाना उन्हें प्रिय थे। वह शेर, चीते का आखेट करती थीं। वह उदार, सहृदय और दानशील थीं। साहित्य व ललित कलाओं के प्रति उन्हें विशेष अनुराग था। वह फारसी भाषा और साहित्य की अच्छी ज्ञाता थीं। फारसी में कविताएं भी करती थीं। उन्होंने कमरों की साज-सज्जा और शाही दावतों के नवीन ढंग प्रचलित किए।

### सामयिकी

## मेसी की दीवानगी व देश में फुटबॉल का यथार्थ

कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में जो हुआ, वह भारतीय फुटबॉल के लिए शर्म का दिन था। लियोनेल मेसी के भारत दौरे की शुरुआत एक सपना था जो दुःस्वप्न में बदल गया। हजारों प्रशंसकों ने 3,500 से 12,000 रुपये तक खर्च करके अपने आदर्श को देखने का सपना देखा था, लेकिन उन्हें मिली केवल 20 मिनट की झलक और असीमित निराशा। नतीजा था तोड़फोड़, हिंसा और भारतीय फुटबॉल की बदहाल स्थिति की एक और शर्मनाक तस्वीर।

यह घटना केवल एक प्रबंधन की विफलता नहीं थी। यह भारतीय फुटबॉल की गहरी समस्याओं का प्रतीक है, जहां दीवानगी तो है लेकिन दिशा नहीं, जुनून तो है लेकिन योजना नहीं और सपने तो हैं लेकिन उन्हें पूरा करने की व्यवस्था नहीं। कोलकाता की इस घटना ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। फुटबॉल के प्रति भारतीयों की इतनी दीवानगी है, फिर विश्व मंच पर हमारी स्थिति इतनी कमजोर क्यों है? भारत में फुटबॉल प्रेमियों की कोई कमी नहीं है। कोलकाता, गोवा, केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में फुटबॉल की परंपरा सदियों पुरानी है। 1911 में मोहन बागान का ब्रिटिश टीम को हराना आज भी गर्व से याद किया जाता है। 1996 में भारत ने अपनी सर्वोच्च फीफा रैंकिंग 94 हासिल की थी, लेकिन आज क्या हाल है?

जयदेव राठी
अधिवक्ता

आज भारत फीफा विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर है, जो 2016 के बाद से सबसे निचली रैंकिंग है। भारत ने कभी भी फीफा विश्व कप के फाइनल में खेला ही नहीं है। एशिया में 46 देशों में भारत का स्थान 24वां है। यह वही देश है, जिसकी आबादी 140 करोड़ से अधिक है। 2024 में भारत ने एक भी मैच नहीं जीता और साल के अंत में 126वीं रैंकिंग पर था, जो 2017 के बाद से सबसे खराब प्रदर्शन था। जून 2025 में थाईलैंड और हांगकांग से लगातार हार के बाद भारत 133वें स्थान पर आ गया, जिसके बाद कोच मनोलो मार्केज़ को भारतीय फुटबॉल महासंघ से अलग होना पड़ा।

भारतीय फुटबॉल की असली समस्याएं बहुत गहरी हैं। सबसे पहली समस्या है बुनियादी ढांचे का अभाव। देश में गुणवत्तापूर्ण स्टेडियमों की कमी है, उचित प्रशिक्षण सुविधाएं नहीं हैं, खेल के मैदान कम हैं और युवा विकास कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। दूसरी बड़ी समस्या है क्रिकेट का प्रभुत्व। भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है। खेल का बजट, मीडिया कवरेज, प्रायोजन सब कुछ क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता है। फुटबॉल को केवल टुकड़े मिलते हैं। तीसरी समस्या है, प्रशासनिक अव्यवस्था। भारत में लंबे समय तक दो समानांतर लीग, आई-लीग और इंडियन सुपर लीग चलती रहीं, जिससे भ्रम और संसाधनों का विभाजन हुआ।

असली सवाल यह नहीं है कि हम मेसी से कितना प्यार करते हैं? असली सवाल यह है कि हम अपनी खुद की फुटबॉल विरासत के लिए क्या कर रहे हैं! जब तक हम संरचना, अनुशासन और दूरदर्शिता के साथ अपनी दीवानगी को नहीं जोड़ते, तब तक भारतीय फुटबॉल विश्व मंच पर केवल एक दर्शक बना रहेगा, कभी खिलाड़ी नहीं बनेगा। यह कड़वा सच है, लेकिन इसे स्वीकार करना और इस पर काम करना ही एकमात्र रास्ता है।

भारत को 140 करोड़ लोगों की अपनी असली फुटबॉल क्षमता का एहसास करने के लिए केवल मेसी को देखने की दीवानगी से आगे बढ़ना होगा। हमें अपने खुद के मेसी तैयार करने की व्यवस्था बनानी होगी। स्टेडियम में सीटें तोड़ना बहुत आसान है, लेकिन सपनों को वास्तविकता में बदलना बहुत कठिन है। भारतीय फुटबॉल को दूसरे की जरूरत है, पहले की नहीं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# प्रकृति का मंत्रोच्चार

# आत्मा की यात्रा का पड़ाव

यात्राएं अक्सर शरीर को थकाती हैं, लेकिन कुछ स्थान ऐसे होते हैं, जो उत्साह और उमंग भरने के साथ आत्मा को छू लेते हैं। नैमिषारण्य की यात्रा मेरे लिए कुछ ऐसा ही अनुभव लेकर आई। सुबह की नरम धूप और हल्की ठंडी हवा के बीच जब मैं नैमिष की ओर बढ़ रहा था, तो मन एक अजीब शांति से भरता जा रहा था। रास्ते में जब लोगों ने बताया कि नैमिष वह तपोभूमि है, जहां देवी-देवताओं और ऋषियों ने युगों तक साधना की। इसके बाद तो हवा के हर झोंके में आध्यात्मिकता का स्पंदन महसूस होने लगा। समीप पहुंचते ही ऐसा लगा जैसे यह भूमि अपने हर कण में इतिहास, अध्यात्म और पवित्रता समेटे है।

शिवेंद्र सिंह बघेल
शिक्षक

नैमिष पहुंचकर सबसे पहला दर्शन चक्रतीर्थ का हुआ। गोल घेरे में बने इस पवित्र सरोवर को देखते ही मन श्रद्धानवत हो गया। पानी बिल्कुल स्थिर था, लेकिन उसमें किसी अनदेखी लय की अनुभूति हो रही थी। जैसे समय की गति थमकर ध्यान में बैठ गई हो। जब मैंने अपने हाथ में जल उठाया, तो भीतर एक अजीब ऊर्जा महसूस हुई। मान्यता है कि ब्रह्माजी के चक्र से यह गोल कुंड बना था। चक्रतीर्थ से आगे बढ़ते हुए मैं हनुमानगढ़ी पहुंचा। यह मंदिर थोड़ी ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर में बजती घंटियों की मधुर ध्वनि एक अलग ही संसार रच रही थीं। भक्तों की श्रद्धा, हवा में बिखरी चंदन की खुशबू और दीयों की लौ का तेज, सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे थे, जिसे शब्दों में बांध पाना कठिन है। मैं काफी देर सिर झुकाए खड़ा रहा, इस दौरान लगा मानो कोई अदृश्य शक्ति सिर को स्पर्श कर रही हो।

नैमिषारण्य केवल मंदिरों का समूह नहीं, बल्कि एक पूरी तपस्थली है। यहां के जंगलों में चलते समय ऐसा महसूस होता है कि प्रकृति स्वयं मंत्रोच्चार कर रही हो। लंबे-लंबे वृक्षों की छाया के नीचे चलते हुए मुझे लगा कि मैं किसी प्राचीन कथा का हिस्सा बन गया हूं। पक्षियों का कलरव और पत्तियों की सरसराहट का संगीत अनोखी शांति बिखेरता लगा। थोड़ा आगे बढ़कर मैंने व्यास गद्दी, दधीचि ऋषि आश्रम और अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन किए। हर जगह एक अलग इतिहास, एक अलग भावना और एक अलग प्रकार का सुकून मिला। ऋषियों के तप और कथाओं की ऊर्जा इस स्थान पर जीवित प्रतीत हुई। शाम होने को थी और सूरज की किरणें चक्रतीर्थ के जल पर सोना बिखेर रही थीं। किनारे बैठकर डूबते सूरज को देखते हुए महसूस हुआ कि नैमिषारण्य धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा का पड़ाव है। यहां आकर मन अपने आप ही विनम्र, शांत और निर्मल हो जाता है।

## धार्मिक महत्व

नैमिषारण्य हिंदू धर्म की सबसे प्राचीन और पवित्र तपोभूमि में से एक है। माना जाता है कि यहां 88,000 ऋषियों ने सत्य और धर्म की रक्षा हेतु दीर्घकालीन यज्ञ किया था। पुराणों में वर्णित अधिकांश कथाएं, विशेषकर वेदव्यास और सूत जी द्वारा सुनाई गई कई महापुराणों की रचना, इसी पवित्र भूमि पर हुई। यह स्थान देवताओं, ऋषियों और साधकों की ऊर्जा से पूर्ण है। मान्यता है कि यहां की यात्रा जीवन के पापों को क्षीण करके मन को आध्यात्मिक शक्ति देती है और साधक को सत्य, शांति तथा मोक्ष के मार्ग के करीब लाती है।

## इसलिए प्रसिद्ध है चक्रतीर्थ

चक्रतीर्थ नैमिषारण्य का सबसे पवित्र केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि जब देवताओं ने सुरक्षित तपोभूमि की तलाश की, तब भगवान विष्णु ने अपना चक्र घुमाया और जहां वह गिरा, वहीं यह तीर्थ बना। इसके जल को अत्यंत पवित्र और कल्याणकारी माना जाता है। कहते हैं कि यहां स्नान करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि मन और आत्मा की शुद्धि होती है। पुराणों में इसे धरती का सबसे शुभ तीर्थ बताया गया है।

## दधीचि ऋषि से जुड़ा इतिहास

मान्यता है कि नैमिषारण्य में दधीचि ऋषि ने देवताओं के लिए अपना शरीर अर्पित किया था। असुरों से रक्षा हेतु भगवान इंद्र को वज्र बनाने के लिए दधीचि की अस्थियों की आवश्यकता पड़ी और उन्होंने निःस्वार्थ भाव से अपना शरीर त्यागकर धर्म की रक्षा की। नैमिष की धरती दधीचि के इसी दिव्य तप, त्याग और साहस को संजोए हुए है, जहां आने से व्यक्ति त्याग, करुणा और धर्म की शक्ति को गहराई से महसूस करता है।

---

**जॉब का पहला दिन**

## विभागाध्यक्ष की कुर्सी ने कराया जिम्मेदारी का एहसास



बात 5 सितंबर 2017 की है। माध्यमिक सेवा चयन आयोग से बतौर सहायक प्रोफेसर नौकरी लगी। गोरखपुर होम टाउन था, लेकिन नौकरी ज्वाइन करने के लिए हमें मुरादाबाद के कांठ का डिग्री कॉलेज आवंटित हुआ। मन में तमाम सवाल उठ रहे थे, कैसे कहां क्या करेंगे, मन में नई उमंगें लेकर गोरखपुर से मुरादाबाद के लिए ट्रेन में बैठ गए। नौकरी ज्वाइन करने के पहले दिन ट्रेन से मुरादाबाद जंक्शन पहुंचे, यहां से कांठ के डीएसएम डिग्री कॉलेज जाने के लिए एक बस पकड़ी। करीब एक घंटे में बस ने कांठ में उतार दिया, काफी खोजबीन के बाद कॉलेज पहुंचे, तब हम इस कॉलेज का पूरा नाम नहीं जानते थे, वहां पहुंचने पर मालूम हुआ कि इस कॉलेज का पूरा नाम ध्यान सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज है, वो भी बोर्ड देखकर। यह कॉलेज राज घराने से ताल्लुक रखता है, अंग्रेजों के समय के बने इस कॉलेज में पहले दिन सबसे पहली समस्या भाषा की आई, गोरखपुर और मुरादाबाद की बोलचाल की भाषा में काफी अंतर है। कॉलेज में हर कोई व्यक्ति अपरिचित की नजर से हमें और हम उन्हें देखते थे, भाषा के साथ परिचय और खानपान की समस्या भी सामने आई। हमारे यहां चाय के साथ मीठा नहीं दिया जाता है। कॉलेज में पहले दिन चाय संग मीठा मिला। यह अनुभव जीवन में पहली बार हुआ।

उस दिन कॉलेज में कोई और प्रोफेसर नहीं पहुंचे, तो प्राचार्य ने मुझे पहले दिन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी, जबकि यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान हम देखते थे कि विभागाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी होती है। क्लास में गए और राजनीति विज्ञान के बच्चों से परिचय हुआ, बच्चों से परिचय होने के दौराना उनका रूझान रोजगार की तरफ ज्यादा दिखा, तब पहले दिन बच्चों को पढ़ाई अच्छे से करने के साथ रोजगार के बारे में भी बताया। बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया। जॉब का पहले दिन का अनुभव जीवन का सबसे श्रेष्ठ रहा है। चाय संग मीठा और पहले दिन ही विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाने का एहसास जीवन के लिए बेहतर साबित हुआ। कांठ डिग्री कॉलेज में कई साल गुजारे और ग्रामीणों को भी विभिन्न योजनाओं के प्रति कार्यक्रम चलाकर जागरूक किया। इसके बाद रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में काफी समय तक शिक्षण कार्य किया।

**नीरज पाठक**
*सहायक रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, बरेली*

---

## मेकअप वाली लड़की

एक समय की बात है, एक लड़की थी, जिसका नाम लूसी था। उसे मेकअप करने का बहुत शौक था। वह बिना मेकअप के घर से बाहर भी नहीं निकलती थी। स्कूल में उसे सब लोग 'परफेक्ट दिखने वाली लड़की' के नाम से जानते थे।

एक दिन स्कूल में अनाउंसमेंट हुआ कि जल्द ही प्रॉम नाइट होने वाली है। यह सुनकर लूसी बहुत उत्साहित हो गई। वह उसी पल से तैयारियों के सपने देखने लगी। जब सब लड़कियां अपने-अपने दोस्तों के साथ खरीदारी करने गईं, लूसी अकेली ही निकल पड़ी। उसने मेकअप की सारी चीजें खरीद लीं- लिपस्टिक, आईलाइनर, ब्लश, मस्कारा, आईशैडो, फाउंडेशन आदि। उसने एक खूबसूरत ड्रेस भी खरीदी। आखिरकार वह बड़ी रात आ गई। लूसी सुबह जल्दी उठी, तैयार हुई और मेकअप करना शुरू कर दिया। उसने पूरा दिन और शाम सिर्फ तैयार होने में लगा दी।

रात 7 बजे जब वह प्रॉम वेन्यू पहुंची, तो हर लड़की सुंदर लग रही थी, लेकिन लूसी सबसे अलग और चमकदार दिख रही थी। जब प्रॉम क्वीन का नाम घोषित हुआ, तो आवाज आई-"प्रॉम क्वीन हैं, बेका मेसन!" सबको पता था कि बेका बहुत दयालु और अच्छी लड़की है, इसलिए कोई हैरान नहीं हुआ, लेकिन अचानक बेका रोने लगी और बोली- "रुकिए! मैं विनर नहीं हूं।" पूरा हॉल उसकी ओर देखने लगा। बेका ने कहा- "मैं इस प्रतियोगिता में भाग ही नहीं ले रही थी।" प्रिंसिपल ने सिर हिलाया और फिर दोबारा घोषणा की- "प्रॉम क्वीन हैं लूसी!" लूसी खुश तो थी, लेकिन उसने एक महत्वपूर्ण बात समझ ली- सच्ची चमक मेकअप से नहीं, बल्कि खुशी और दयालुता से आती है। उसने देखा कि बेका बिना मेकअप के भी मुस्कुरा रही थी, खुश थी और सबके साथ नाच रही थी। **-वनीशा साधवानी**

---

**आपबीती**

## जिंदा रहने के लिए जरूरी है काम

बीते दिनों ऑनलाइन कुछ खाने का आर्डर किया। बताया गया कि पौन घंटे में डिलीवर हो जाएगा। हम तसल्ली से मैच देखते हुए खाने का इंतजार करते रहे। बीच-बीच में कुछ-कुछ पढ़ते भी रहे। इसके साथ मोबाइल में आए नोटिफिकेशन भी टनटन बजते तो उनको भी देख लेते। कुल मिलाकर एक 'व्यस्त इंतजार' करते रहे। थोड़ी देर में मैसेज आया। डिलीवर करने वाले का नाम और संदेश कि वह निकल चुका है। बताया कि बीस मिनट में पहुंचेगा।

मैच में भारत की स्थिति मजबूत दिख रही थी। पहले बॉलिंग और फिर बैटिंग दोनों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन बढ़िया रहा। थोड़ी देर में मैच भी जीत गया भारत, लेकिन खाना नहीं आया। डिलीवरी करने वाले को करीब घंटे भर से सत्ताईस मिनट की दूरी पर ही दिखाता रहा जोमैटो। मैच खत्म होने के बाद रेस्टोरेंट वाले ने बताया कि डिलीवरी वाला, उनके यहां से तो निकल चुका है खाना लेकर। डिलीवरी वाले को फोन लगाया तो पता चला कि वह तो अभी गोमतीनगर में है। वहां से डिलीवरी करने के बाद आएगा हमारा खाना लेकर। गोमतीनगर हमारे घर से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर है। मतलब करीब आधा घंटा की दूरी।

अनूप शुक्ल
कानपुर

डिलीवरी वाला काफी देर तक सत्ताईस मिनट की दूरी पर ही रहा। शायद वह पहले वाली डिलीवरी ही निपटा रहा होगा। इसके बाद उसने चलना शुरू किया। हमारे पास पहुंचने के मिनट कम होते गए। अंततः वह आ ही गया। अपना सामान लेने के बाद हमने देरी का कारण पूछा, तो उसने बताया कि साथ ही उसको तेलीबाग में डिलीवरी का आर्डर मिला था (तेलीबाग हमारे घर के पास ही है)। वहां पहुंचने पर पता चला कि डिलीवरी गोमती नगर करनी है। जोमैटो वालों ने कहा-"जाना ही पड़ेगा, तो जाना ही पड़ा।"

गलती किसकी है पता नहीं, लेकिन इस चक्कर में डिलीवरी वाले को करीब चालीस किलोमीटर अतिरिक्त गाड़ी चलानी पड़ी। ग्राहक भगवान होता है। भगवान की सेवा जरूरी है। जाड़े के मौसम में मोटरसाइकिल पर चालीस किलोमीटर गाड़ी अतिरिक्त चलानी पड़ी डिलीवरी वाले को। बातचीत करने पर डिलीवरी वाले ने बताया कि सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक उसने 14 आर्डर निपटाए। सात सौ रुपये करीब कमाई हुई। दो सौ रुपये करीब पेट्रोल के निकालकर पांच सौ रुपये बचे। डिलीवरी वाला बालक जाड़े के हिसाब से कपड़े पहने था। टोपा भी लगाए था, लेकिन हाथ में दास्ताने नहीं पहने था। पूछने पर बोला-"गाड़ी चलाने में असुविधा होती है।"

हमारा खाना काफी देर से मिला। ठंडा भी हो गया था, लेकिन हमने डिलीवरी में सबसे अच्छी रेटिंग ही दी। खाना गर्म करके खा लिया। खाने के बाद हर बार की तरह यह भी सोचा कि खाना घर में ही बनाकर खाना चाहिए। सामान डिलीवरी करने वाले लोगों को देखता हूं, तो लगता कि कितना कठिन काम है यह। ऐसा काम, जिसमें आगे कोई उन्नति का स्कोप नहीं है, लेकिन लोग कर रहे हैं। मजबूरी है। करना पड़ता है। जिंदा रहने के जरूरी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,929.36 | 25,966.40 |
| बढ़त | 447.55 | 150.85 |
| प्रतिशत में | 0.53 | 0.58 |

**सोना 1,36,515** प्रति 10 ग्राम

**चांदी 2,04,100** प्रति किलो


# अमृत विचार

बरेली, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1800, फॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2445, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2020, सूरज 1990, अवसर 1875, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1870, क्लासिक (किग्रा) 2155, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2100, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रति कि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल प्रति कु. :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1किग्रा, 5किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल, 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8000-8800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400,चना काला 7050, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7800, चना अकोला 6600, डबरा 6700-8800, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4280, बहेड़ी 4220

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 3400, मसूरी- 1000 बासमती- 5200, परमल- 1100

**दाल दलहन :** काला चना- 3000, साबुत चना दाल- 3000, मूंग साबुत- 4400, राजमा- 8100-12200, दाल उड़द- 6000, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 3000, उड़द साबुत- 5200, काबुली चना- 8800, अरहर दाल- 10200, लोबिया/करमानी- 1700

* दाम प्रति क्विंटल में

# चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब डॉलर पहुंचने के आसार

## निर्यात के मुकाबले आयात में तेज वृद्धि के दृष्टिगत जीटीआरआई का आंकलन

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुधार उपाय सुझाने को किया गया अंतर मंत्रालयी समिति का गठन

भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की आशंका है, क्योंकि पड़ोसी देश को होने वाले निर्यात की तुलना में आयात में तेजी से वृद्धि हो रही है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि चीन को देश का निर्यात 2021 में 23 अरब अमेरिकी डॉलर से 2022 में घटकर 15.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, यह 2023 में 14.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा और फिर 2024 में बढ़कर 15.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

अनुमान है कि 2025 में निर्यात बढ़कर 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। इस कैलेंडर वर्ष में, देश में आने वाले माल का अनुमानित मूल्य 123.5 अरब अमेरिकी डॉलर है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, इससे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 2021 में 64.7 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 94.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और इसके 2025 में 106 अरब अमेरिकी डॉलर रहने का अनुमान है।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने 16 दिसंबर को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि घाटा मुख्य रूप से कच्चे माल, मध्यवर्ती वस्तुओं एवं पूंजीगत वस्तुओं के आयात के कारण है, जैसे मोटर वाहन कलपुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक घटक, मोबाइल फोन घटक, मशीनरी व उसके घटक, 'एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स' जिनका उपयोग तैयार उत्पादों को बनाने में किया जाता है और जिन्हें भारत से बाहर निर्यात भी किया जाता है।

जितिन ने कहा, आयात व निर्यात के रुझानों पर विचार करने और जहां आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है। जीटीआरआई के अनुसार, चीन से भारत के करीब 80 प्रतिशत आयात केवल चार उत्पाद समूहों इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक में केंद्रित हैं। भारत का चीन को निर्यात नवंबर में 90 प्रतिशत बढ़कर 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 12.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8% बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश में एक अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। रिफंड धीमा होने और कंपनियों के अधिक अग्रिम कर से शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है।

आयकर विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 10.54 प्रतिशत बढ़कर 8.17 लाख करोड़ से अधिक हो गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर 6.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.47 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें जिसमें व्यक्तियों, एचयूएफ और कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर तक प्रतिभूति लेनदेन कर से प्राप्त शुद्ध राजस्व सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 40,195 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह का अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये लगाया है।

# आईबीएम 50 लाख भारतीयों को देगी एआई, साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

● अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी ने भविष्य के लिए उपयुक्त कार्यबल तैयार करने की मंशा जताई

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में 50 लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण देगी।

कंपनी ने बताया कि यह योजना आईबीएम कौशल निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना और लोगों के लिए उन्नत डिजिटल कौशल और रोजगार योग्यता के अवसर बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम के तहत आईबीएम विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में अपने शैक्षिक प्रयासों का विस्तार करेगी। कंपनी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से व्यावहारिक एआई प्रशिक्षण, संकाय सशक्तीकरण कार्यक्रम, हैकाथॉन और इंटर्नशिप आयोजित करेगी। आईबीएम के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्णा ने कहा, भारत में एआई और क्वांटम क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में दक्षता आर्थिक प्रतिस्पर्धा, वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन को परिभाषित करेगी। उन्नत कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाकर, हम युवाओं और छात्रों को भारत के विकास को आगे बढ़ाने, नवाचार करने और गति प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

# केरल की उधारी सीमा में 59,00 करोड़ की कटौती

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

● चुनाव से पहले केंद्र के झटके पर भड़की राज्य सरकार

केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में राज्य की निर्धारित उधारी सीमा में 5,900 करोड़ रुपये की कटौती के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित और पूरी तरह अन्यायपूर्ण बताया। बालगोपाल ने कहा कि केरल-विरोधी इस निर्णय की जानकारी बुधवार रात केंद्र से प्राप्त एक पत्र के जरिए दी गई।

उन्होंने कहा, केंद्र का यह कदम केरल के विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर सीधा हमला है। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े चार वर्षों से केरल पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और अब विधानसभा चुनाव से ठीक तीन महीने पहले उधारी सीमा में इतनी बड़ी कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा, यह सरकार के अंतिम महीनों में कल्याणकारी पहलों को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने इसे केरल के लोगों के खिलाफ केंद्र की तरफ से जंग का एलान करार दिया। कहा कि केंद्र अन्य तरीकों से भी केरल को उसके वैध कर हिस्सेदारी से वंचित करता रहा है।

बालगोपाल ने मनरेगा में बदलाव पर कहा कि केंद्र ने रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन से पीछे हटना शुरू कर दिया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जा रहा है और इसके वित्तीय बोझ का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाला जा रहा है।

## अदाणी ग्रुप हवाई अड्डों में एक लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**मुंबई।** अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में अपने हवाई अड्डों के कारोबार में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है।

गौतम अदाणी के छोटे बेटे एवं अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अदाणी ने 25 दिसंबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से पहले कहा, हवाई अड्डा क्षेत्र में अगले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अदाणी समूह के बढ़ते हवाई अड्डा खंड में नवीनतम उपलब्धि है। इससे भारत के विमानन बुनियादी ढांचे में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जो रहे हवाई अड्डा में अदाणी समूह की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# चार दिन बाद लौटी तेजी, सेंसेक्स 447 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी




● वैश्विक बाजारों में तेजी, विदेशी लिवाली से चढ़ा घरेलू बाजार

वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 151 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़े कम रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद मजबूत हुई है जिससे निवेशकों का रुझान शेयरों की ओर बढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 585.69 अंक बढ़कर 85,067.50 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.69 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.689 अरब डॉलर बढ़कर 688.949 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। गत 5 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.033 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 687.26 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.787 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रुपया डॉलर के मुकाबले 53 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 53 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.67 रुपये का बताया गया। भारतीय मुद्रा में यह लगातार तीसरी तेजी है। गुरुवार को यह 18 पैसे की मजबूती के साथ 90.20 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में शुक्रवार को भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह 90.1950 रुपये प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर खुला और नीचे 90.3050 रुपये तथा ऊपर 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक गया।

### चांदी 3,500 रुपये टूटकर 2,04,100 रुपये पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी का भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। स्टॉकिस्टों, फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण चांदी 3,500 रुपये घटकर 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बृहस्पतिवार को चांदी 1,800 रुपये बढ़कर 2,07,600 रुपये किलो के नए शिखर पर पहुंच गई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लगभग स्थिर रुख लिए 1,36,515 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर रही।

## राष्ट्रीय

# नोएडा के थाने में महिला वकील की अवैध हिरासत, यौन उत्पीड़न पर सुप्रीम सख्ती

## केंद्र व राज्य सरकार से मांगा जवाब, थाने की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

**घायल की रिपोर्ट लिखने पर जोर दिया तो भड़की पुलिस**

याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को केवल अपने पेशेवर कर्तव्य का निर्वहन करने और गंभीर रूप से घायल अपने मुवक्किल के लिए अनिवार्य प्राथमिकी दर्ज कराने पर जोर देने के कारण निशाना बनाया गया। याचिका में दावा किया गया है, पुलिसकर्मियों द्वारा याचिकाकर्ता की गर्दन पर सरकारी पिस्तौल रखकर और उसे मोबाइल फोन का पासवर्ड सौंपने के लिए मजबूर करने के कारण उसकी जान को खतरा पैदा हो गया। उसे फर्जी मुठभेड़ में जान से मारने की लगातार धमकियां भी दी गईं। आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने पुलिस स्टेशन परिसर से सीसीटीवी प्रणाली को दुर्भावनापूर्ण तरीके से निष्क्रिय कर दिया या हटा दिया, जो उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित बाध्यकारी आदेश का घोर उल्लंघन था।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के नोएडा स्थित एक पुलिस थाने में मुवक्किल की पैरवी में गई महिला वकील को अवैध रूप से हिरासत में रखने और उसका यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकार जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतमबुद्ध नगर जिले के पुलिस आयुक्त को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे की संबंधित अवधि की फुटेज को हटाया या नष्ट न किया जाए, बल्कि उसे सीलबंद लिफाफे में रखा जाए।

महिला अधिवक्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि तीन दिसंबर की देर रात नोएडा के सेक्टर 126 पुलिस थाने में पुलिसकर्मियों ने उसे 14 घंटे तक अवैध हिरासत में रखा और इस दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया गया। उसने कहा है कि वह अपने मुवक्किल के प्रति अपने पेशेवर कर्तव्य का निर्वहन कर रही थी, लेकिन उसे हिरासत में रखकर यातनाएं दी गईं और जोर-जबरदस्ती की गई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि यह एक बेहद घिनौना मामला है, जिसमें एक महिला अधिवक्ता का यौन उत्पीड़न किया गया और उसे अवैध हिरासत में रखा गया। सिंह ने कहा, यह बेहद घिनौना मामला दिल्ली के आसपास ही घट रहा है। अगर यह नोएडा में हो रहा है तो पूरे देश की हालत के बारे में सोचिए।

पीठ ने कहा कि सामान्यतया वह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार नहीं करती और याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की स्वतंत्रता देती है।शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह पहले से ही राजस्थान के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से संबंधित एक अलग मामले पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा, हालांकि, याचिका में लगाए गए गंभीर आरोपों और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह मामला पुलिस थाने में घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरों को अवरुद्ध करने से भी संबंधित है, हम इस याचिका पर विचार कर रहे हैं। नोटिस जारी करें, जिसका जवाब सात जनवरी को देना होगा। सिंह ने इसके बाद, याचिकाकर्ता की सुरक्षा का मुद्दा उठाया तो पीठ ने कहा, इस आदेश के पारित होने के बाद वे उसे छूने की भी हिम्मत नहीं करेंगे।

## पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नीतीश के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने महिला चिकित्सक का नकाब हटाने के मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दी। हालांकि, पुलिस ने अभी ये साफ नहीं किया है कि जदयू प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है या नहीं।

मुफ्ती ने कोठीबाग के थाना प्रभारी को दी गई शिकायत में कहा, जबरन नकाब हटाना न सिर्फ मुस्लिम महिला पर क्रूर हमला था, बल्कि हर भारतीय महिला की स्वायत्तता, पहचान और गरिमा पर भी हमला है। घटना सोमवार को पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय में हुई, जहां आयुष चिकित्सक अपने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पहुंचे थे। मुफ्ती ने कहा कि यह घटना और भी चिंताजनक है क्योंकि यह पूरे भारत में मुसलमानों को अलग-थलग करने और राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिशों के बीच घटी है।

# उत्तर भारत में घने कोहरे की चादर दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी

● बरेली समेत देश के तमाम शहरों में शून्य हुई दृश्यता, सड़क, हवाई और रेल यातायात प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में घने कोहरे के बीच अक्षरधाम मंदिर के पास पैदल पुल पर गुजरते लोग।

पंजाब से बिहार तक फैले घने कोहरे के कारण उत्तर भारत में दृश्यता शुक्रवार को कम हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की चेतावनी दी है।

आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरपूर्वी मध्य प्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाया हुआ दिखाई दे रहा है। सुबह साढ़े पांच बजे उत्तर प्रदेश के आगरा, बरेली, सहारनपुर और गोरखपुर, पंजाब में अंबाला, अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना और आदमपुर, दिल्ली में सफदरजंग, हरियाणा में अंबाला, मध्य प्रदेश में ग्वालियर, बिहार में भागलपुर, और झारखंड में डाल्टनगंज में दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि कोहरे के कारण कुछ हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित हो सकता है और राजमार्गों व रेलवे मार्गों पर भी असर पड़ सकता है। आईएमडी ने वाहन चलाने में परेशानी होने और सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ने की आशंका जताई है।

### बरेली समेत यूपी के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जिनमें आगरा, अलीगढ़, बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर और शामली शामिल हैं। उत्तराखंड में हरिद्वार और उधम सिंह नगर तथा पंजाब में अमृतसर, फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, पटियाला और संगरूर में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना के पूर्व एसआईबी प्रमुख की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फोन टैपिंग मामले में आरोपी तेलंगाना विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख टी प्रभाकर राव की पुलिस हिरासत 25 दिसंबर तक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राव को 26 दिसंबर को पूछताछ के बाद रिहा कर दिया जाएगा और मामले में अगली सुनवाई की तारीख तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि राव ने आत्मसमर्पण कर दिया है लेकिन वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अदालत में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की और पुलिस हिरासत को एक सप्ताह के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। मेहता ने अदालत को बताया कि राव मार्क्सवादियों पर नजर रखने की आड़ में कुछ खास व्यक्तियों की अवैध निगरानी कर रहे थे। राव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने दावा किया कि एसआईबी के पूर्व प्रमुख को पूछताछ के नाम पर परेशान किया जा रहा है और उनसे सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक पूछताछ की जा रही है।

# संसद परिसर में तृणमूल के सांसदों ने दिया पूरी रात धरना

नई दिल्ली, एजेंसी

● जी राम जी विधेयक का विरोध, कहा- मोदी सरकार ने दूसरी बार की है गांधी की हत्या

तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक' पारित होने के बाद विरोध करते हुए बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार को दिन में 12 बजे तक संसद परिसर में धरना दिया। तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने इस दौरान कहा कि मोदी सरकार ने दूसरी बार गांधी की हत्या की है। उधर, कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार सुबह संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले जी राम जी विधेयक को लेकर प्रदर्शन किया।

संसद में विधेयक पारित होने के तुरंत बाद शुरू हुए तृणमूल के धरने में अन्य दलों के सांसद भी शामिल हुए। द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, कांग्रेस सांसद जेबी माथेर, सैयद नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, शक्ति सिंह गोहिल, आप के संदीप पाठक ने शुक्रवार सुबह इसमें भाग लिया। तृणमूल सांसद पूरी रात धरने पर बैठे रहे। राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि जी राम जी विधेयक सदन में पेश करने से सिर्फ पांच घंटे पहले हमें दिया गया था। उन्होंने कहा कि विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए था। घोष ने कहा, मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों-श्रमिकों को रोजगार दे रहा था। इस विधेयक को नष्ट कर सरकार ने गरीबों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने दूसरी बार महात्मा गांधी की हत्या की है। उसने रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान किया है।

मनरेगा में बदलाव के खिलाफ शुक्रवार रात संसद परिसर में धरना देते तृणमूल सांसद।

### नया विधेयक गरीबों के लिए बेहद हानिकारक : प्रियंका

कांग्रेस और कई विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार सुबह संसद परिसर में प्रदर्शन किया। हाथों में महात्मा गांधी की तस्वीर वाली तख्तियां लिए विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के निकट सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संवाददाताओं से कहा, यह विधेयक सबसे गरीब लोगों के लिए बहुत हानिकारक होने वाला है क्योंकि मूल मनरेगा योजना में केंद्र 90 प्रतिशत धनराशि का भुगतान करता था और वह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। योजना उन लोगों के लिए बड़ा सहयोग थी जो बहुत गरीब हैं और जिन्हें रोजगार मिलने में कठिनाई होती थी।

## घने कोहरे के कारण दिल्ली में रद्द की गईं 175 उड़ानें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को घने कोहरे के कारण 175 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि अब तक दिल्ली से जाने वाली कुल 88 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। इनमें दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। वहीं, दूसरे शहरों से दिल्ली आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित 89 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। कई उड़ानों में देरी भी हुई है। दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार रात नौ बजे के बाद ही दृश्यता कम हो गई थी। आधी रात के बाद कैट-3 की परिचालन प्रक्रिया लागू करनी पड़ी। हवाई अड्डे के तीन रनवे अब दोनों छोरों पर कैट-3 उपकरणों से लैस हो चुके हैं। इससे कैट-3 से लैस विमान कैट-3 प्रशिक्षित पायलटों के साथ उपकरणों की मदद से लैंड और टेकऑफ करने में सक्षम हैं। उत्तर भारत के शहरों में भी सुबह घने कोहरे के कारण उड़ानों का परिचालन बाधित रहा।

# नीदरलैंड से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएगा भारत

**● विदेशमंत्री जयशंकर ने समकक्ष से वार्ता के पूर्व की पेशकश**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने नीदरलैंड के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के दायरे को बढ़ाते हुए सेमीकंडक्टर, डिजिटल और साइबरस्पेस आदि क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने की पेशकश की है।

विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील के साथ वार्ता से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय और यूरोपीय संघ के महत्वपूर्ण देश के रूप में अपने संबंधों को खासा महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं जिनसे द्विपक्षीय सहयोग में नए आयाम जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भी नीदरलैंड से समर्थन की उम्मीद है। कहा कि दोनों देशों में समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी है और कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और जहाजरानी क्षेत्र में बहुत मजबूत सहयोग है।

## चीन दुर्लभ धातुओं के निर्यात के लिए देगा अनुमति

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह नागरिक उपयोग के लिए अपने दुर्लभ धातुओं के निर्यात को मंजूरी देगा। भारत द्वारा बीजिंग से प्रतिबंध हटाने और आधुनिक उत्पादों के निर्माण में आवश्यक बहुमूल्य धातुओं के निर्यात को फिर से शुरू करने की मांग के बीच यह कदम उठाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने दुर्लभ धातुओं से संबंधित वस्तुओं पर चीन के निर्यात नियंत्रण के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि यह नियंत्रण कानूनों व नियमों के अनुसार है और किसी विशिष्ट देश को लक्षित नहीं करता है। उनका जवाब भारत द्वारा दुर्लभ धातुओं के निर्यात शुरू करने की मांग से संबंधित था।

## विकसित भारत की नींव होगी मजबूत

विपक्ष के हंगामें और भारी विरोध के बीच संसद ने गुरुवार को विकसित भारत जी राम जी विधेयक पारित कर दिया। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी-जी राम जी नाम से लाई गई इस योजना से मजबूत और टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण होगा। सरकार का कहना है कि विधेयक के प्रावधान ग्राणीम मजदूरों को रोजगार देने के साथ किसानों के हित को भी सुनिश्चित करेंगे। सरकार का कहना है कि यह योजना पूर्ववर्ती मनरेगा योजना से कई मायनों में बेहतर और भिन्न है। यह ग्रामीण भारत को मजबूती देने के साथ ही विकसित भारत की नींव को और सुदृढ़ करेगी। इस योजना से फसली सीजन में कृषि कार्य के लिए मजदूरों की कमी नहीं होगी और ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। योजना पहले से अधिक पारदर्शी होगी।

# वीबी-जी राम जी योजना

### मनरेगा से किस तरह अलग

● सरकार की मानें तो नया कानून पुरानी योजना की ढांचागत कमजोरियों को दूर कर रोजगार, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करेगा। पहले मनरेगा के तहत हर ग्रामीण परिवार को 100 दिन काम की गारंटी थी। अब 125 दिन प्रति वर्ष तक रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक रोजगार और आय मिल सके। अब काम सिर्फ रोज़गार तक सीमित नहीं रहेगा। अब यह चार प्रमुख क्षेत्रों में काम करेगा जिसमें जल सुरक्षा कार्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका से जुड़ी संरचनाएं, क्लाइमेट / आपदा-रोधी कार्य होंगे। नई योजना में केंद्र और राज्यों के बीच खर्च की साझेदारी होगी।

### श्रमिकों की नहीं होगी कमी

● नई योजना में कृषि कार्यों के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी क्योंकि राज्य फसलों की बुवाई और कटाई के समय कुल 60 दिनों की अवधि अधिसूचित कर सकते हैं जब सार्वजनिक कार्य नहीं कराए जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि फसल सीजन में सार्वजनिक कार्य बंद होने से मजदूरी की दर नियंत्रित रहेगी और खाद्य उत्पादन की लागत भी नहीं बढ़ेगी। मुख्य एवं आजीविका अवसंरचना से किसान अपनी उपज सुरक्षित रूप से भंडारित कर सकेंगे जिससे फसलों को नुकसान भी कम होगा और बाजार तक उनकी फसलें भी आसानी से पहुंच सकेंगी।

### पारदर्शिता पर ध्यान

● नई योजना में केंद्र सरकार ने पारदर्शिता पर भी फोकस किया है। योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (एआई) का भी उपयोग किया जाएगा। योजना की निगरानी के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर स्टीयरिंग कमेटियां होंगी। जीपीएस और मोबाइल से काम की निगरानी की जाएगी। हर हफ्ते काम और खर्च का सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जाएगा। हर ग्राम पंचायत में वर्ष में दो बार ऑडिट होगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी सुदृढ़

● सरकार के मुताबिक नई योजना तात्कालिक रोजगार देने के साथ ही ग्रामीण भारत को लंबे समय तक समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का काम करेगी। योजना में जल संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। जल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने से सिंचाई सुविधाएं बेहतर होंगी। बहु-फसली खेती की संभावना भी बेहतर होगी। बाढ़ के पानी की निकासी, जल संचयन और मिट्टी के संरक्षण जैसे कार्य फसलों की रक्षा करने के साथ प्राकृतिक आपदाओं से भी फसलों की रक्षा करेंगे। कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे की मजबूती से गांवों तक बाजार पहुंचेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्राउन विवि गोलीबारी का संदिग्ध मृत मिला

**प्रोविडेंस।** अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में पिछले सप्ताहांत में हुई भीषण गोलीबारी के संदिग्ध की तलाश गुरुवार को न्यू हैम्पशायर के एक भंडारण केंद्र में समाप्त हुई जहां अधिकारियों ने इस घटना के संदिग्ध को मृत पाया। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी पर मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक प्रोफेसर की हत्या का भी संदेह था। प्रोविडेंस के पुलिस प्रमुख कर्नल ऑस्कर पेरेज ने बताया कि ब्राउन यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र और पुर्तगाली नागरिक 48 वर्षीय क्लाउडियो नेवेस वैलेंते गुरुवार शाम को मृत पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध ने खुद को गोली मारी थी।

### पूर्व इराकी राष्ट्रपति बने शरणार्थी एजेंसी प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुरुवार को इराक के पूर्व राष्ट्रपति बरहम सालेह को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) का अगला प्रमुख नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। वह 1970 के दशक के बाद पश्चिम एशिया से इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति होंगे। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने कुर्द नेता सालेह (65) को सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुना। सालेह, फिलिपो ग्रांदी का स्थान लेंगे जिनका दूसरा पांच वर्षीय कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। सालेह का कार्यकाल एक जनवरी से शुरू होगा।

### यूक्रेन को 106 अरब डॉलर ऋण देगा ईयू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के नेताओं ने शुक्रवार को यूक्रेन को अगले दो वर्षों में उसकी सैन्य और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक बड़ा ब्याज-मुक्त ऋण देने पर सहमति जताई। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे बीच समझौता हो गया है। 2026-27 के लिए यूक्रेन को 106 अरब डॉलर की सहायता देने का निर्णय मंजूर कर लिया गया है। हमने प्रतिबद्धता जताई और उसे पूरा किया।

### अमेरिका में ब्रिटेन के नए राजदूत नियुक्त

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अमेरिका में ब्रिटेन के नए राजदूत की नियुक्ति की। यह नियुक्ति उस राजनयिक की जगह की गई है, जिन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के कारण पद से हटा दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन के मौजूदा स्थायी प्रतिनिधि क्रिश्चियन टर्नर अब पीटर मैंडेलसन की जगह लेंगे, जिन्हें बर्खास्त कर दिया गया था।

# भारत के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाएगा अमेरिका

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोग बढ़ाने से जुड़े रक्षा नीति विधेयक पर किए हस्ताक्षर

**● विधेयक में चीन की चुनौतियों से भी निपटने का किया उल्लेख**

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। विधेयक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने और चीन से उत्पन्न चुनौती से निपटने के लिए चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से सहयोग बढ़ाने का भी उल्लेख किया गया है। गुरुवार को हस्ताक्षरित नेशनल डिफेंस ऑथोराइजेशन एक्ट फॉर फिस्कल ईयर 2026 में युद्ध मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यक्रमों, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और अन्य कार्यकारी विभागों व एजेंसियों के लिए वित्तीय वर्ष की धनराशि आवंटित करने का निर्देश दिया गया है।

ट्रंप ने एक बयान में कहा कि यह अधिनियम ताकत के माध्यम से शांति कायम करने के मेरे एजेंडे को लागू करने, घरेलू और विदेशी खतरों से मातृभूमि की रक्षा करने, और रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत बनाने के लिए युद्ध मंत्रालय को सक्षम बनाएगा। इससे उन फिजूल और कठोर कार्यक्रमों के लिए धन मुहैया कराने पर लगाम लगेगी जिनसे हमारे देश के सैन्य कर्मियों की युद्ध लड़ने की भावना कमजोर होती है। इस अधिनियम में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को लेकर संसद के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। इसके तहत, रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए, जिनसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के रक्षा गठबंधन और साझेदारियां मजबूत हों ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका को तुलनात्मक बढ़ मिल सके। विधेयक में क्वाड के माध्यम से मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को बढ़ावा देना, द्विपक्षीय व बहुपक्षीय संवादों, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, विस्तारित रक्षा व्यापार, मानवीय सहायता एवं आपदा प्रतिक्रिया को लेकर सहयोग; समुद्री सुरक्षा को लेकर अधिक सहयोग प्रदान करके भारत-अमेरिका साझेदारी को बढ़ावा देना शामिल है।

व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में मारिजुआना को कम खतरनाक दवा के रूप में पुनः वर्गीकृत करने वाले कार्यकारी आदेश को दिखाते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### मारिजुआना को कम खतरनाक श्रेणी में रखा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारिजुआना (गांजा)को कम खतरनाक श्रेणी में रखने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका में मादक पदार्थों और अन्य रासायनिक पदार्थों का पांच-स्तरीय वर्गीकरण किया गया है। इससे पहले मारिजुआना को पहली श्रेणी में रखा गया था, जहां इसे हेरोइन और एलएसडी जैसे मादक पदार्थों के साथ रखा गया था। अब नए आदेश के साथ इसे तीसरी श्रेणी में रखा जाएगा।

### ट्रंप ने ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम को स्थगित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम को गुरुवार को स्थगित कर दिया। ब्राउन विश्वविद्यालय और एमआईटी में गोलीबारी की घटना का प्रमुख संदिग्ध इसी ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम का लाभ उठाकर अमेरिका में दाखिल हुआ था। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रंप के निर्देश पर, वह अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा को इस कार्यक्रम को रोकने का आदेश दे रही हैं। क्रिस्टी नोएम ने गोलीबारी की घटना के मुख्य संदिग्ध पुर्तगाली नागरिक क्लाउडियो नेवेस वैलेंते के बारे में कहा कि इस घृणित व्यक्ति को हमारे देश में कभी भी प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए था। नेवेस वैलेंते (48) पर ब्राउन विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में शामिल होने का संदेह है। इस घटना में दो छात्रों की मौत हो गयी थी और नौ अन्य लोग घायल हुए थे। इसके अलावा गोलीबारी की एक अन्य घटना में एमआईटी के एक प्रोफेसर की मौत हो गई थी।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने की हिंसा की निंदा, लोगों से शांति बनाने की अपील

**● सरकार ने कहा-हम अराजकता और अशांति को नकारते हैं**

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हिंसा से दूर रहने का आह्वान किया है। इससे पहले हाल में यहां नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गोली मारे जाने के छह दिन बाद एक प्रमुख युवा नेता की मौत हो गई थी। जुलाई में सरकार के विरूद्ध हुई हिंसक प्रदर्शनों में यह एक प्रमुख नेता था।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक बयान में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर कर दी गई हत्या की भी कड़ी निंदा की। उसने कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उसने कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल ने खबर दी है कि मेमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपूचंद्र दास नामक एक हिंदू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई।

मुख्य सलाहकार की प्रेस शाखा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि इस नाजुक घड़ी में, हम हर नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी (जुलाई के विद्रोह का एक प्रमुख नेता) का सम्मान करने का आह्वान करते हैं।

गुरुवार रात प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक पिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास, 32 धानमंडी की पहले से ही ध्वस्त इमारत में तोड़फोड़ की और ढाका में दो प्रमुख मीडिया संस्थानों के कार्यालयों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने चट्टगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर ईंट और पत्थर भी फेंके। पुलिस ने आंसू गैस छोड़कर और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा एवं 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। बयान में कहा गया कि यह हमारे राष्ट्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम एक ऐतिहासिक लोकतांत्रिक परिवर्तन से गुजर रहे हैं। हम कुछ लोगों को इसे पटरी से उतारने नहीं दे सकते।

ढाका में हिंसा के दौरान एक अखबार के कार्यालय परिसर के पास एक दुकान को आग लगाए जाने के बाद दुकान से किताबें बचाती एक बालिका।

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पड़ोसी मुल्क में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में हादी की मौत की पुष्टि किए जाने के बाद वहां तनाव फैल गया। इसके बाद गुरुवार रात को वहां प्रदर्शन किए गए और इस दौरान हमले और तोड़फोड़ की गई।

# जुबिन की मौत : आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले

**सिंगापुर, एजेंसी**

**● सिंगापुर पुलिस ने कहा-मामले की अभी चल रही जांच**

सिंगापुर पुलिस ने कहा कि मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच जारी है लेकिन अब तक किसी आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह मामला सिंगापुर कोरोनर्स अधिनियम, 2010 के तहत सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) की जांच के अधीन है। पुलिस के बयान में कहा गया है कि अब तक की जांच में एसपीएफ को जुबिन गर्ग की मौत में किसी प्रकार की आपराधिक साजिश का संदेह नहीं है। जांच पूरी होने के बाद इसके निष्कर्ष सिंगापुर के स्टेट कोरोनर (सरकारी शवपरीक्षक अधिकारी) को सौंपे जाएंगे, जो कोरोनर इन्क्वायरी करेगा। यह जांच फिलहाल जनवरी और फरवरी 2026 में निर्धारित है। एसपीएफ ने बताया कि सीआई एक तथ्य-खोज प्रक्रिया होती है, जिसका नेतृत्व कोरोनर करता है।

## फार्मा कंपनी का मालिक तस्करी में जम्मू से गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल ने केंद्र शासित प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में दिल्ली स्थित एक दवा कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने दक्षिणी दिल्ली निवासी और एक फार्मा कंपनी के मालिक जतीश बब्बर को पकड़ा। वह कई मादक पदार्थों और मनःप्रभावी पदार्थों से जुड़े मामलों में संलिप्त है। आरोपी कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर है।

# बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो स्थापित करेगी केंद्र सरकार

**● जहाजों, बंदरगाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा यह निकाय**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार बंदरगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने लिए एक वैधानिक निकाय के तौर पर बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो का गठन करेगी। यह निकाय बंदरगाहों और जहाजों से जुड़ी सुरक्षा संबंधी सूचनाओं का समय पर विश्लेषण, संग्रहण और आपसी आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा।

अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि ब्यूरो साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित निकाय के गठन के संबंध में बैठक बुलाई, जिसमें बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी उपस्थित हुए। शाह ने देश में एक मजबूत बंदरगाह सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया।



बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा संबंधी बैठक करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### साइबर सुरक्षा पर रहेगा खास ध्यान

यह साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा। एक समर्पित विभाग भी होगा जो डिजिटल खतरों से बंदरगाह आईटी अवसंरचना की सुरक्षा करेगा। सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को एक मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन नियुक्त किया है, जो बंदरगाह सुविधाओं के लिए सुरक्षा आकलन एवं सुरक्षा योजनाओं की तैयारी का जिम्मा संभालेगा। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) निजी सुरक्षा एजेंसियों (पीएसओ) को बंदरगाह सुरक्षा में प्रशिक्षण देगा। एजेंसियों को प्रमाणित किया जाएगा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 दिसंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या 07 .12 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मूल 21 दिसंबर 01 .21 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** - आज घर का वातावरण बहुत ही शांतिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या अत्यंत संतुलित रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें साधने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृष** - आज कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती हो सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा।

**मिथुन** - आज लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी। दूसरों को लेकर अधिक उम्मीद रखना उचित नहीं है। रिश्तेदारों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**कर्क** - आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पाएंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं।

**सिंह** - आज खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनंद लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**कन्या** - आज हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। धन संबंधित मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। संपत्ति के मामले अटक सकते हैं। अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**तुला** - आज अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों का आरंभ कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक** - आज फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। नजदीकी संबंधियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। खाली समय में पसंदीदा संगीत का आनंद उठा सकते हैं। वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग भी आपसे सलाह लेने को उत्सुक रहेंगे।

**धनु** - आज उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आएगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहार्द का वातावरण रहेगा। फैशन और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिल सकती है।

**मकर** - आज उच्च अधिकारी आपके स्थानांतरण को लेकर विचार कर सकते हैं। मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती रहेगी। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** - आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

**मीन** - आज भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक रिश्ते काफी मजबूत हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

टी-20 विश्व कप की तैयारी में मेरा पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है।
-वरुण चक्रवर्ती


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### श्रीलंका ने असलंका की जगह शनाका को सौंपी कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप की प्रारंभिक टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटाते हुए दासुन शनाका को कप्तान बनाया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि पिछले तीन विश्व कप खेलने का शनाका का अनुभव और बल्लेबाजी में असलंका का खराब फॉर्म इस फैसले का आधार था। इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों के मारे जाने के बाद असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे पर भी नहीं गए थे।

### शुभंकर संयुक्त 71वें स्थान पर

**पोर्ट लुई (मॉरीशस)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### विजय हजारे के शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे रोहित

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम पहले दो मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि चयनकर्ता मुंबई की टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे भी शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने पीटीआई को बताया, रोहित, जायसवाल, दुबे और यहां तक कि रहाणे भी कम से कम पहले दो मुकाबलों के लिए मुंबई टीम का हिस्सा नहीं होंगे क्योंकि चयन समिति युवा टीम के साथ आगे बढ़ रही है।

### ऋषभ पंत करेंगे दिल्ली की कप्तानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कप्तान बनाया है। दिल्ली की टीम में विराट कोहली को भी शामिल किया गया है। डीडीसीए की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इशांत शर्मा और नवदीप सैनी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा हर्षित राणा भी जैसे ही उपलब्ध होंगे उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 दिसंबर से होगी और दिल्ली को ग्रुप डी में हरियाणा, गुजरात, रेलवे, आंध्रा, सौराष्ट्र, ओडिशा और सर्विसे के साथ रखा गया है। ग्रुप डी के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

### चोटरानी, सूरज स्वाश में जीते

**मुंबई।** वीर चोटरानी और सूरज चंद ने सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्वाश टूर्नामेंट में शुक्रवार को अपने अपने मुकाबले जीत लिये। चोटरानी ने रौनक यादव को 11-7, 11-2, 11-5 से हराया जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज चंद ने रिदान शाह पर 11-9, 11-9, 11-8 से जीत दर्ज की।

# टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा आज

मुंबई, एजेंसी

कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके उप-कप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म चिंता का विषय है लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम का चयन करते समय कोई चौंकाने वाला बदलाव किए जाने की संभावना लगभग नहीं है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सात फरवरी को टी20 विश्व कप शुरू होने तक चुने हुए 15 खिलाड़ियों में से किसी को भी बदलने की छूट होगी। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई की धीमी पिचों को ध्यान में रखते हुए वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई में हालांकि कोई भी इस बात को स्पष्ट रूप से नहीं कह रहा है, लेकिन भारत में होने वाला यह वैश्विक टूर्नामेंट सूर्यकुमार के लिए राष्ट्रीय टी20 कप्तान के रूप में आखिरी हो सकता है। वह 35 वर्ष के हो चुके हैं और पिछले एक साल से खराब लय में हैं।

सूर्यकुमार कप्तान होने के कारण ही लगभग 14 महीनों और 24 मैचों में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड के लिए टी20 टीम का भी करेगी और यह टीम विश्व कप के लिए

- किसी अप्रत्याशित चयन की संभावना नहीं

**संभावित टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर। संभावित स्टैंड बाई : यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, शाहबाज अहमद/नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा।

चुनी जाने वाली टीम के समान ही होगी। मौजूदा भारतीय टी20 टीम में किसी भी स्थान के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है लेकिन जायसवाल जैसा शानदार विकल्प होने के बावजूद टीम में गिल की मौजूदगी पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता जायसवाल को न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल करते हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका मूल्यांकन किया जा सके। टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर फिलहाल संजू सैमसन है। सैमसन को शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन से गिल की वापसी के बाद उन्हें इस भूमिका से हटा दिया।

टी20 विश्व कप अगर छह महीने दूर होता तो चयन समिति के पास कप्तानी के लिए वैकल्पिक नामों पर विचार करने की गुंजाइश होती। लेकिन सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ होने वाले विश्व कप के शुरुआती मुकाबले से पहले केवल पांच मैच बचे हैं, ऐसे में कोई भी चयन समिति इस निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहेगी।

इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम न्यूजीलैंड और उसके बाद टी20 विश्व कप में भी खेलेगी, लेकिन जायसवाल का नाम लगभग निश्चित रूप से सामने आएगा क्योंकि उन्होंने गिल और सैमसन दोनों की तुलना में खुद को एक बहुमुखी टी20 खिलाड़ी साबित किया है। सैमसन के लिए विकेटकीपिंग में भी अब दूसरे विकल्प (जितेश शर्मा पहले पसंद के विकेटकीपर और फिनिशर हैं) होने और गिल को उप-कप्तान बनाए जाने के कारण जायसवाल के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल है। जायसवाल किसी अन्य विशिष्ट भूमिका में फिट नहीं बैठते।

कागजों पर इस 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र कमजोर कड़ी वाशिंगटन सुंदर दिख रहे हैं, जिन्होंने 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभी तक कोई शानदार प्रदर्शन नहीं किया है। वह हालांकि इस प्रारूप में मुख्य रूप से गेंदबाजी ऑलराउंडर की तरह हैं।

# टीम इंडिया का टी-20 श्रृंखला पर कब्जा

## पांचवें व अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराया, पंड्या-तिलक ने खेलीं आतिशी पारियां

अहमदाबाद, एजेंसी

हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा की आतिशी पारियों के बाद वरुण चक्रवर्ती के 4 विकेट की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पांचवें और आखिरी टी-20 मैच में 30 रनों से हराकर सीरीज में 3-1 से कब्जा कर कर लिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 231 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका आठ विकेट पर 201 रन बना सका। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डी कॉक (65) व डेवाल्ड ब्रेविस (31) के अलावा अन्य बल्लेबाज दबाव में बिखर गए।

इससे पहले हार्दिक पंड्या टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने तिलक वर्मा (73) के साथ शतकीय साझेदारी के दौरान अपना सातवां अर्धशतक सिर्फ 16 गेंदों में बनाया। यह युवराज सिंह के 12 गेंद में बनाए गए अर्धशतक के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज पचासा है।

युवराज ने 2007 में किंग्समीड में इंग्लैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था जब उन्होंने छह गेंद में छह छक्के लगाए थे। पंड्या ने 25 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन बनाए।

उन्होंने चौथे विकेट के लिये तिलक के साथ 44 गेंद में 105 रन की साझेदारी की । तिलक ने 42 गेंद में दस चौकों और एक छक्के के साथ 73 रन जोड़े। आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर दर्शकों की तालियों के बीच उतरे पंड्या ने जबर्दस्त पारी खेली जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव (पांच) एक बार फिर नाकाम रहे। पंड्या की तूफानी पारी के बीच तिलक ने एक छोर संभाले रखा और स्ट्राइक रोटेट करते रहे।

इससे पहले अभिषेक शर्मा (34) और संजू सैमसन (37) ने छठे ओवर में ही भारत को 63 रन तक पहुंचा दिया था। उपकप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण खेल रहे सैमसन ने मौके का पूरा फायदा उठाया और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम के चयन के लिये शनिवार को बैठक करने वाली समिति के सामने अपना दावा पुख्ता किया। सैमसन को जॉर्ज लिंडे ने लेग स्टम्प पर पड़ती गेंद पर आउट किया। सैमसन ने मार्को यानसेन को छक्का जड़कर शुरुआत की और ओटनील बार्टमैन को भी दो शानदार स्ट्रोक्स लगाए। सैमसन को आउट होने से ठीक पहले जीवनदान भी मिला जब डोनोवान फरेरा उनका रिटर्न कैच लपकने से चूके और गेंद अंपायर रोहन पंडित को घुटने के पास लगी। इसके बाद पंड्या के एक छक्के से प्रसारण टीम का एक सदस्य घायल हो गया जिसकी बायीं भुजा पर चोट लगी और गेंद उछलकर दस कतार पीछे दर्शक के हाथ में गई।

एक-दूसरे को बधाई देते अर्धशतकीय पारी खेलने वाले तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या। एजेंसी

**भारत**

231/5 (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो लिंडे | 37 |
| अभिषेक शर्मा का डिकॉक बो बॉश | 34 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 73 |
| सूर्यकुमार का मिलर बो बॉश | 05 |
| हार्दिक का हेंडरिक्स बो बार्टमैन | 63 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** एंगिडि 4-0-29-0, यानसेन 4-0-50-0, बार्टमैन 3-0-39-1, बॉश 3-0-44-2, फेरेरा 2-0-20-0, लिंडे 4-0-46-1

**16** गेंदों में पंड्या ने अपना सातवां अर्धशतक बनाया। यह युवराज सिंह के 12 गेंद में बनाए गए अर्धशतक के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज पचासा है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगी खिताबी जंग

दुबई, एजेंसी

**अंडर 19 एशिया कप**

- सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया
- रविवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से होगा फाइनल मुकाबला

उपकप्तान विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार पारियों के दम पर भारत ने वर्षाबाधित सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां 21 दिसंबर को उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

बारिश के कारण मैच प्रति टीम 20 ओवर का कर दिया गया। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। जवाब में मल्होत्रा ने 45 गेंद में नाबाद 61 रन बनाए। हाल ही में आईपीएल मिनी नीलामी में आरसीबी द्वारा खरीदे गए मल्होत्रा ने शानदार स्ट्रोक्स लगाये। उनके साथ जॉर्ज ने 49 गेंद में 58 रन की नाबाद पारी खेली। भारत ने लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। मल्होत्रा और जॉर्ज के बीच 114 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत आठवीं बार फाइनल में पहुंचा है। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में 11 साल बाद फाइनल में खेलेंगे। आखिरी बार भारत अंडर 19 टीम ने पाकिस्तान को 2014 में एशिया कप फाइनल में हराया था जब भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर,

सरफराज खान, संजू सैमसन और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी थे। भारत की सेमीफाइनल में शुरुआत खराब रही जब आयुष म्हात्रे (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) को तेज गेंदबाज रसित निम्सारा ने आउट किया। इसके बाद मल्होत्रा ने निम्सारा को छक्का लगाकर दबाव कम किया। उन्हें जॉर्ज के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले छह ओवर में श्रीलंका के तीन विकेट 28 रन पर निकाल दिए। इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा (32) और चमिका हीनातिगाला (42) ने 45 रन की साझेदारी की।



शतक बनाने के बाद पिच को चूमते हुए ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड। एजेंसी

# एडिलेड टेस्ट : ट्रैविस हेड ने जमाया लगातार चौथा टेस्ट शतक

एडिलेड, एजेंसी

ट्रैविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने जो रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और जो रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

पर्थ में पारी का आगाज करने के लिए भेजे जाने के बाद से पांच पारियों में उनका दूसरा शतक था। पर्थ में उनकी मैच जिताने वाली पारी ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दिलाई थी। तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ।

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली। बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गयी। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाये जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया। वेदरल्ड ने मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले का खिलाफ रिव्यू का सहारा लिया होता तो वह आउट होने से बच जाते।

- ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट में बनाई 356 रनों की बढ़त

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| (ऑस्ट्रेलिया) (प्रथम पारी) | 371/10 |
| (इंग्लैंड) (प्रथम पारी) | 286/10 |
| (ऑस्ट्रेलिया) (दूसरी पारी जारी) | 271/4 |

# सौरव गांगुली ने किया 50 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा

कोलकाता, एजेंसी

- मेसी के कोलकाता दौरे पर विवाद मामले में नाम घसीटे जाने से फुटबॉल प्रशंसक क्लब पर हुए खफा

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लियोनेल मेस्सी विवाद में उनका नाम 'झूठे' तरीके से घसीटने और अपने बारे में अपमानजनक सार्वजनिक बयान देने के आरोप में कोलकाता स्थित एक फुटबॉल प्रशंसक क्लब के अधिकारी पर 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। क्रिकेटर से खेल प्रशासक बने गांगुली ने बृहस्पतिवार को 'अर्जेंटीना फुटबॉल फैन क्लब' के उत्तम साहा के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

गांगुली ने 'पीटीआई' को बताया मैंने पुलिस में शिकायत के अलावा फुटबॉल प्रशंसक क्लब के इस अधिकारी को 50 करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा है। वह जो मन में आता है, वह कहते रहते हैं। साहा ने एक पत्रकार से बातचीत में गांगुली पर मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' का मुख्य आयोजक होने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि गिरफ्तार मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता केवल एक मोहरा है।

कोलकाता पुलिस के साइबर सेल को भेजे गए अपने ईमेल शिकायत में गांगुली ने कहा कि उस व्यक्ति के बयानों ने उनकी प्रतिष्ठा और मानसिक शांति को प्रभावित किया है। अपने ईमेल में गांगुली ने कहा कि अपने कई दशकों के पेशेवर करियर में उन्होंने देश और दुनिया भर में एक खिलाड़ी और खेल प्रशासक के रूप में ख्याति अर्जित की है और ये 'बेबुनियाद' बयान उनकी इस छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। गांगुली को 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी मेस्सी और उनके दल को सम्मानित करने के लिए मंच पर उपस्थित रहना था, लेकिन मेसी के स्टेडियम से समय से पहले चले जाने के बाद साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों द्वारा मचाई गई व्यापक हिंसा के मद्देनजर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

## नागल और श्रीवल्ली चमके, ईगल्स फाइनल के करीब

**बेंगलुरु।** भारतीय स्टार सुमित नागल और श्रीवल्ली भामिदीपति के अहम योगदान से ईगल्स ने हॉक्स को हराकर वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

लीग मैच में 22-12 की जीत से ईगल्स के कुल 65 अंक हो गए और हॉक्स के लीग मैच के आखिरी सेट के बाद 53 अंक रहे। श्रीवल्ली के लिए दिन की एकमात्र निराशा मिश्रित युगल में मिली हार रही जिसमें उन्हें और गेल मोनफिल्स को युकी भांबरी और एलिना स्वितोलिना से 4-6 से पराजय मिली। हॉक्स को दिन में और कोई सफलता नहीं मिली क्योंकि श्रीवल्ली ने डब्ल्यूटीएल में अपनी पहली उपस्थिति को यादगार बना दिया। श्रीवल्ली ने महिला एकल में माया राजेश्वरन रेवती को 6-2 से आसानी से हराया।

**बदला जीवन** | झारखंड को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने वाले किशन की भावनाएं हो गईं गीता के अनुरूप

# अब आध्यात्मिक ईशान की निगाहें भविष्य पर

कोलकाता, एजेंसी

ईशान किशन के हाव भाव में परिपक्वता साफ झलकती है क्योंकि झारखंड को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने की खुशी और भारत की टी20 विश्व कप टीम चयन से एक दिन पहले उनके भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता दोनों पर उनकी प्रतिक्रिया एक समान ही है।

उनके पिता प्रणव पांडेय ने पीटीआई को बताया कि अब उनकी भावनाएं भगवद गीता के श्लोकों के अनुरूप हो गई हैं। किशन अब वर्तमान में जीते हैं और उनके लिए इस समय सबसे अहम है झारखंड की मुश्ताक ट्रॉफी में जीत।

किशन ने शुक्रवार को रांची हवाईअड्डे पर जोरदार स्वागत के बाद कहा बहुत अच्छा खेले, बहुत मजा आया। आगे भी बात होगी और ऐसे ही जीतते रहेंगे। किशन की कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हरियाणा को 69 रन से हराया। बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने 10 पारियों में 57.44 के औसत और 197 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। फाइनल में किशन ने 49 गेंद में 101 रन की विस्फोटक पारी खेली और यह टूर्नामेंट में उनका पांचवां शतक था। इसके साथ ही उन्होंने भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह अब बहुत शांत दिखते हैं और उनकी प्रतिक्रिया में दिखावा नहीं बल्कि सादगी थी। उन्होंने कहाजीत अच्छी थी, बहुत खुशी हुई और जब टूर्नामेंट शुरू होंगे तो उसमें भी जीतकर आएंगे। ईशान और झारखंड टीम का घर पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव सौरभ तिवारी के साथ टीम का हवाई अड्डे पर स्वागत हुआ।

झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान ईशान किशन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के साथ।

### पिता ने दी गीता पढ़ने की सलाह

इशान के पिता प्रणव पांडेय पेशे से व्यवसायी हैं और उन्होंने ही इशान को अपनी परेशानियों का हल निकालने के लिए गीता पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा मेरी मां ने मुझे गीता पढ़ने को कहा था। इसलिए मैंने इशान को गीता पढ़ने की सलाह दी। मेरी मां ने कहा था कि अगर तुम बहुत तनाव में हो तो अपने मन में सवाल रखकर गीता खोलिए। जो पन्ना खुले, उसे पढ़ो, वहीं सवाल का जवाब मिल जाएगा। मैंने इशान से भी यही करने को कहा। अब यह इशान की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा गीता हमेशा उसके साथ रहती है। वह उसे अपने किट बैग में रखता है। जरूरत महसूस होने पर पढ़ता है।